दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादकः सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227   वर्ष 8   अंक 230   वीरवार 21 अगस्त, 2025   Thursday 21 August , 2025   मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12   मोब :9416406615,7404278000,9215537704








### नांदेड़ जिले में बाढ़ग्रस्त सड़क पर बहने से तीन लोगों की मौत

नांदेड़ 20 अगस्त (निस) : महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में भारी बारिश के बाद बाढ़ग्रस्त सड़क पर बहने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक लापता हो गया। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि मुखेड़-उदगीर रोड पर देर रात करीब एक बजकर 40 मिनट पर हुई घटना में तीन अन्य लोगों को बचाया गया है। इन दिनों महाराष्ट्र में भारी बारिश( शेष पृष्ठ दो पर )

## विपक्ष के हंगामे एवं एसआईआर के विरोध के बीच अमितशाह ने तीन नए बिल पेश किए

### प्रधानमंत्री, सीएम या कोई मंत्री तीस दिन हिरासत में रहे तो जाएगी कुर्सी



नई दिल्ली 20 अगस्त (निस) केंद्र सरकार गंभीर आपराधिक केस में गिरफ्तार होने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाने का कानून बनाने जा रही है। इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में 3 बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की। कांग्रेस और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने विरोध जताया। सपा ने बिलों को न्याय विरोधी, संविधान विरोधी बताया। इस पर शाह ने बिलों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की मांग की। इन बिलों में प्रावधान हैं कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री ऐसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाते हैं, जिनमें कम से कम 5 साल की जेल हो सकती है और उन्हें लगातार 30 दिन हिरासत में रखा जाता है तो 31वें दिन उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने 6 महीने और तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने 241 दिनों तक हिरासत और जेल में रहने के बाद अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया था। केजरीवाल तो पद पर रहते गिरफ्तार होने वाले पहले सीएम थे।लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन अहम विधेयक पेश किए। पहला बिल 130वां संविधान संशोधन बिल 2025 है, जो केंद्र और राज्य सरकारों पर लागू होगा। दूसरा बिल गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025 है, जो केंद्र शासित राज्यों के लिए है। तीसरा बिल जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 है, जिसे जम्मू-कश्मीर पर लागू किया जाएगा। 130वां संविधान संशोधन बिल 2025 के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों में लगातार 30 दिन तक जेल में रहने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मंत्री को पद से हटाने का प्रावधान है। इस बिल के पेश होने के दौरान सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला और विपक्षी सांसदों ने बिल के पेश होने का पुरजोर विरोध किया। ( शेष पृष्ठ दो पर )

### सैनी सरकार ने शिक्षिका मनीषा की मौत की जांच सीबीआई को सौंपी

गुरुग्राम 20 अगस्त (निस) : हरियाणा की नायाब सैनी सरकार ने 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा की मौत के मामले की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। यह फैसला व्यापक जनाक्रोश और पीड़ित परिवार की मांग के बाद लिया गया है। दरअसल 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा 11 अगस्त को लापता हुई थीं। उनका शव 13 अगस्त को भिवानी के एक खेत में मिला। पुलिस ने शुरुआत में दावा किया कि मनीषा ने जहर खाकर आत्महत्या की है। पुलिस को शव के पास एक सुसाइड नोट भी मिला था। मनीषा के पिता संजय ने पुलिस के निष्कर्ष को खारिज कर कहा कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। उन्होंने न्याय की मांग कर शव का अंतिम संस्कार करने से भी मना किया था। इस मामले को लेकर भिवानी( शेष पृष्ठ दो पर )

## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सीपी राधाकृष्णन ने दाखिल किया नामांकन

### पीएम मोदी बने प्रस्तावक,अमित शाह,राजनाथ,नड्डा भी मौजूद रहे



नई दिल्ली 20 अगस्त (निस) : एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने नामांकन दाखिल कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी पहले प्रस्तावक बने। नामांकन के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेता मौजूद थे। नॉमिनेशन से पहले राधाकृष्णन ने संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा पर फूल चढ़ाए। 17 अगस्त को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी थी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया था। राधाकृष्णन का मुकाबला विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी से होगा। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, उपराष्ट्रपति का चुनाव जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई की रात अचानक इस्तीफा देने की वजह से हो रहा है। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

**रिटायर्ड रेड्डी विपक्ष आज करेंगे नामांकन** -इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट से( शेष पृष्ठ दो पर )

### हरियाणा के झज्जर में दर्दनाक हादसाः पिकअप की टक्कर से 5 लोगों की मौत




झज्जर 20 अगस्त (निस) : हरियाणा के झज्जर में बुधवार तडके भीषण सडक हादसा हो गया। सुबह करीब 3 बजे केएमपी (कुंडली-मानेसर-पलवल) कटरा एक्सप्रेसवे फ्लाईओवर पर कैंटर और पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई। आसोदा थाने के एसएचओ के मुताबिक हादसे में महिला समेत 5 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपी के रहने वाले चार मृतकों की पहचान हो गई है। जबकि एक की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास में जुटी है। पिकअप में सवार सभी यात्री उत्तर प्रदेश के सीतापुर, लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं। वे महेंद्रगढ़ में ही काम करते थे, फसल कटाई के लिए ये सारे अपने अपने परिवारों के साथ आ रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि( शेष पृष्ठ दो पर )

## यमुना नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए गठित की जाएगी संयुक्त कमेटी -मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री के संकल्प अनुसार किया जाएगा यमुना को स्वच्छ- नायब सिंह सैनी




चंडीगढ़, 20 अगस्त (अमृतपाल सिंह) : हरियाणा के मुख्यमंत्री, श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मां गंगा की तर्ज पर यमुना नदी को भी स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए सीडब्ल्यूसी, हरियाणा सरकार और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी। यह समिति यमुना नदी की सफाई के साथ-साथ इससे संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान पर भी कार्य करेगी। मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की ( शेष पृष्ठ दो पर )



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए।

### धोखेबाज पाकिस्तान से संबंध सुधारने का कोई मतलब नहीं- शशि थरूर



नई दिल्ली 20 अगस्त (निस) : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद शशि थरूर ने कहा है कि पाकिस्तान धोखेबाज हैं और भारत को उससे संबंध सुधारने के प्रयास नहीं किए जाना चाहिए। एक पुस्तक विमोचन समारोह में थरूर ने कहा कि बार-बार विश्वासघात झेलने के बाद पाकिस्तान के साथ संबंध सामान्य करने की दिशा में पहला कदम उठाने की भारत में अब इच्छा नहीं है। थरूर ने पाकिस्तान की धरती से संचालित आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करके ईमानदारी दिखाने का आग्रह किया। थरूर ने कहा कि 2012 में आई उनकी किताब में कहा गया था कि अगर मुंबई जैसा एक और हमला हुआ, जिसमें पाकिस्तान के शामिल होने के सबूत मिले, तो 2008 में हमारी तरफ से दिखाया गया संयम दोबारा दिखाना असंभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों और छुट्टी मनाने गए मासूमों पर हुए हमले को कोई भी ( शेष पृष्ठ दो पर )

## पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण



नई दिल्ली 20 अगस्त (निस) भारत ने अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में बुधवार को इसकी टेस्टिंग हुई।यह मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल टेक्नोलॉजी से लैस है। यानी इसे एक साथ कई टारगेट्स पर लॉन्च किया जा सकता है। इसका पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में हुआ था। अग्नि-5 की रेंज 5000 किमी है। ऐसे में यह मिसाइल पाकिस्तान, चीन, तुर्किये जैसे कई देशों तक मार करने की क्षमता रखती है।मिसाइल 7500 किलोग्राम के बंकर बस्टर वॉरहेड ले जाने और जमीन में 100 मीटर की गहराई तक जाकर दुश्मनों के न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कंट्रोल सेंटर, हथियार स्टोरेज को तबाह कर सकेगी।

### भारत आ रहे मॉरीशस के पीएम, वाराणसी में पीएम मोदी से करेंगे द्विपक्षीय वार्ता

नई दिल्ली 20 अगस्त (निस) : मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम अगले महीने 9 सितंबर से 15 सितंबर तक भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। वाराणसी में 11 सितंबर को मॉरीशस के पीएम रामगुलाम के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय वार्ता होनी है। चार महीने बाद दोनों देश के पीएम की मुलाकात हो रही है। इससे पहले पीएम मोदी 11 मार्च को दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस गए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएमओ से सूचना मिलने के साथ इन नेताओं की आगमन के लिए जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। दोनों देशों के बीच होने वाली बैठक में व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। केंद्र के साथ यूपी सरकार के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल होंगे। केंद्र सरकार ने वाराणसी मंडल के कमिश्नर एस राजलिंगम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला प्रशासन कार्यक्रम स्थल के चयन, अतिथियों के ठहरने, स्वागत सत्कार की तैयारियों में जुट गया है। बता दें वाराणसी में छह साल पहले 2019 में 21 से 23 जनवरी तक 15वां प्रवासी भारतीय दिवस मनाया गया था। आयोजन में( शेष पृष्ठ दो पर )

## राजीव गांधी जयंती : पीएम मोदी,राहुल गांधी सहित कई दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली 20 अगस्त (निस) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 81वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि आर्पित करता हूं। खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज सद्भावना दिवस के मौके पर हम राजीव गांधी को याद कर रहे हैं। वह एक ऐसे उत्कृष्ट नेता थे जिन्होंने करोड़ों लोगों में उम्मीद जगाई और भारत को 21वीं सदी में आगे बढ़ाया।'' उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की विरासत का उदाहरण भारत के लिए उनकी अनगिनत उपलब्धियां हैं जिनसे देश में बड़े और परिवर्तनकारी बदलाव आए। खरगे ने एक अन्य पोस्ट में कहा,( शेष पृष्ठ दो पर )

## दिल्ली की सीएम रेखा पर हमला, कागज खींच कर धक्का दिया, सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा

### आरोपी पर कातिलाना हमले का केस दर्ज, भाजपा नेताओं सहित पूर्व सीएम आतिशी ने की हमले की निंदा



नई दिल्ली 20 अगस्त (निस) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को हमला हुआ। सीएम आवास पर साप्ताहिक जन सुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता को धक्का मारा । आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है। लेकिन आरोपी ने यह हमला क्यों किया और कैसे किया? इसे लेकर कई जानकारियां सामने आई हैं। दिल्ली के सीएम आवास पर हर बुधवार को जन सुनवाई होती है। आज जन सुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता लोगों से मुखातिब हो रही थीं। इसी बीच आरोपी ने पहले रेखा गुप्ता को धक्का मारा। उसके बाद वह उनकी तरफ झपटा और धक्का दे दिया। लेकिन पीछे दीवार होने की वजह से रेखा गुप्ता उससे टिक गईं। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को काबू में करने की कोशिश की। सीएम हाउस में तकरीबन एक मिनट तक यह हंगामा होता रहा। डॉग लवर है आरोपी राजेश आरोपी गुजरात के राजकोट का रहने वाला है। उसकी उम्र 41 साल है। वह बहुत बड़ा पशु प्रेमी और डॉग लवर है। उसकी मां का कहना है कि बेघर कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से दुखी होकर वह दिल्ली गया था। वह कई साल से पड़ोसियों से रोटियां इकट्ठा करके कुत्तों को खिलाता था। पड़ोसियों को यह बात पता थी और वह उसके घर पर ही रोटियां दे जाते थे। आरोपी इन रोटियों को इकट्ठा करके कुत्तों और गायों को खिलाता था। वह रिक्शा चलाने का काम करता है।

**रेखा के दो मंत्री प्रवेश वर्मा और सिरसा का दावा, बीते 24 घंटों से रेकी कर रहा था हमलावर**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हालिया हमले को लेकर दिल्ली के मंत्रियों, प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा ने कुछ महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। उनके बयानों के अनुसार, हमलावर बीते 24 घंटों से मुख्यमंत्री के आवास की रेकी कर रहा था और आरोपी ने हमले की योजना पहले से बना रखी थी।रेखा सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि आरोपी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शालीमार बाग स्थित आवास पर 24 घंटे से रेकी कर रहा था। उसने रात भी उसी इलाके में बिताई थी। वहीं मंत्री मनजिंदर सिंह( शेष पृष्ठ दो पर )

### मुंबई में तीसरे दिन भी जारी है भारी बारिश का दौर

मुंबई, 20 अगस्त (निस) मुंबई में तेज बारिश का बुधवार को तीसरा दिन है। 24 घंटे में 300 एमएम बारिश हुई। लगातार तीसरे दिन मुंबई में स्कूल-कॉलेज और गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद है। मुंबई लोकल की 34 ट्रेनें (17 जोड़ी) कैंसिल हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है। मंगलवार शाम मुंबई में 2 मोनोरेल से करीब 800 लोगों को रेस्क्यू हुआ। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरेल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई थी। इसमें मौजूद 582 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से रेस्क्यू किया गया। इस घटना पर एमएम आरडी ने बताया कि भीड़ बढ़ने की वजह से ऐसा हुआ था। रेल की मूल वजन क्षमता 104 टन है, जो मंगलवार को 109 टन हो गई थी। 5 टन ( शेष पृष्ठ दो पर )

## इतना आसान नहीं मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाना.....जितना समझ रहा विपक्ष

### भारतीय लोकतंत्र सीईसी को देता एक संवैधानिक सुरक्षा कवच



नई दिल्ली 20 अगस्त (निस) : चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच बढ़ते टकराव के बीच चर्चा तेज हो गई है कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव ला सकता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आयोग पर वोट चोरी और कामकाज में खामियों के गंभीर आरोप लगाए हैं। बिहार में मतदाता सूची के विशेष संशोधन के बाद यह विवाद काफी बड़ गया है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या वाकई विपक्ष सीईसी को हटा सकता है?मुख्य चुनाव आयुक्त का पद भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है। इसकारण संविधान में इसकी स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 324(5) के तहत कड़े प्रावधान किए गए हैं। इस अनुच्छेद के अनुसार, सीईसी को उसी तरह हटाया जा सकता है जैसे सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाया जाता है। मतलब, हटाने का आधार केवल दो हो सकते हैं सिद्ध दुर्व्यवहार और अक्षमता को आधार मनाकर हटाया जा सकता है। यह प्रावधान सीईसी को एक तरह का संवैधानिक कवच प्रदान करता है।दरअसल सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाने का तरीका अनुच्छेद 124(4) और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 में निर्धारित है। यही प्रक्रिया सीईसी पर भी लागू होती है।किसी भी सदन (लोकसभा/राज्यसभा) में हटाने का प्रस्ताव तभी पेश हो सकता है जब उस पर कम से कम 100 सांसद (लोकसभा) या 50 सांसद (राज्यसभा) हस्ताक्षर करें। स्पीकर या सभापति के पास स्वीकार या अस्वीकार करने का विवेकाधिकार होता है। प्रस्ताव स्वीकार होने पर एक तीन सदस्यीय समिति गठित होती है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

**उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सीपी राधाकृष्णन ने दाखिल...** रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 19 अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। 79 साल के रेड्डी गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और गोवा के पहले लोकायुक्त रह चुके हैं। वे आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। 2007 में सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रिटायर्ड जस्टिस रेड्डी आंध्रप्रदेश से, जबकि सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं। रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे

### विपक्ष के हंगामे एवं एसआईआर के विरोध

**...अमित शाह की तरफ उछाले कागज** – विपक्ष के कुछ सांसद लोकसभा की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल की कॉपी भी फाड़ दी और कागज के टुकड़े अमित शाह की तरफ उछाले। हालांकि अमित शाह ने बिल पेश करने के दौरान कहा कि सरकार इस बिल को जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव रखती है। बावजूद इसके बिल को विरोध का सामना करना पड़ा। संविधान के 130वें संशोधन विधेयक पेश होने के दौरान सदन में लगातार नारेबाजी होती रही। विपक्षी सांसदों ने सत्ता पक्ष को घेर लिया और गृह मंत्री का माइक मोडने की कोशिश की। इस पर काफी हंगामा हुआ और सदन के अंदर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान सत्ता पक्ष के कई सांसद, गृह मंत्री का बचाव करने के लिए आगे आकर विपक्षी सांसदों को रोकने की कोशिश करने लगे।

**वेल में आकर विपक्ष की नारेबाजी** – सत्ता पक्ष की ओर से रवनीत बिट्टू, कमलेश पासवान, किरेन रिजिजू, सतीश गौतम ने गृह मंत्री के पास नारेबाजी कर रहे आक्रामक सांसदों को रोकने की कोशिश की। लोकसभा की वेल में नारेबाजी की शुरुआत टीएमसी सांसदों ने की और कल्याण बनर्जी ने विधेयक पेश होते ही नारेबाजी शुरू कर दी। बाद में, कांग्रेस सांसद और महासचिव केसी वेणुगोपाल ने अपनी सीट से बिल की कॉपी फाडक़र फेंक दी। इसके बाद सभी कांग्रेस सांसद वेल में आ गए। केसी वेणुगोपाल के बाद सपा के धर्मेंद्र यादव ने भी अपनी सीट से बिल की कॉपी फाडक़र फेंक दी और समाजवादी पार्टी के सभी सदस्य संसद वेल में आ गए। इसके बाद जब गृह मंत्री अमित शाह विधेयक पेश कर रहे थे, तो सभी विपक्षी दल के सदस्य लोकसभा की वेल में आ गए और हंगामा करने लगे। स्थिति बिगड़ती देख लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

**गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज ( संशोधन ) बिल 2025**
केंद्र सरकार के मुताबिक, अभी केंद्र शासित प्रदेशों में गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 (1963 का 20) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए, ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 की धारा 45 में संशोधन की आवश्यकता है।

**130वां संविधान संशोधन बिल 2025** – केंद्र ने इस बिल को लेकर बताया कि संविधान में किसी ऐसे मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है जिसे गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार किया गया हो और हिरासत में लिया गया हो। इसलिए ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री या केंद्रीय मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री और राज्यों या नेशनल कैपिटल टेरिटरी दिल्ली के मुख्यमंत्री या मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239 में संशोधन की जरूरत है।

**जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन ( संशोधन ) बिल 2025** – जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन के बाद गंभीर आपराधिक केस में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को 30 दिन में हटाने का प्रावधान होगा।

**जेपीसी को भेजे गए तीनों विधेयक** – अमित शाह ने बिल पेश करते हुए इसे 21 सदस्यों वाली जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पेश किया। इस पर ध्वनिमत से मतदान के दौरान विपक्ष ने वेल से ही विरोध दर्ज किया। लेकिन प्रस्ताव के ध्वनिमत से पारित होने के बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि कुछ विधेयक राजनीति में शुचिता और नैतिकता के लिए आते हैं, क्योंकि राजनीति में शुचिता और नैतिकता जरूरी है। अब ये बिल जेपीसी के पास चर्चा के लिए भेजे गए हैं।


**सूचना**
सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।
**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**
समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**
हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।
**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**
जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**
दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**



**कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )**
**PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227**


**इतना आसान नहीं मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाना.....** का जज, हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं।यह समिति आरोपों की जांच करती है और सीईसी को बचाव का पूरा मौका देती है। दोषी होने पर रिपोर्ट संसद में जाती है और फिर दोनों सदनों में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पास होना जरूरी है।

**क्यों कठिन है यह प्रक्रिया?** – वर्तमान राजनीतिक स्थिति में किसी भी दल के लिए लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों में एक साथ विशेष बहुमत जुटाना बेहद मुश्किल है। इसकारण अब तक किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त को इस प्रक्रिया से नहीं हटाया गया।

**इस्तीफा ही आसान रास्ता** – सीईसी अपना कार्यकाल (6 वर्ष या 65 वर्ष की उम्र, जो पहले हो) पूरा करने पर रिटायर होते हैं। इसके अलावा वे किसी भी समय राष्ट्रपति को पत्र लिखकर स्वेच्छा से इस्तीफा दे सकते हैं।

**राजीव गांधी जयंती : पीएम मोदी,राहुल गांधी सहित कई ...** मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे राजीव गांधी जी के अभूतपूर्व कदम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लेकर आए। अपने परिवार के साथ वीरभूमि में मौजूद रहीं प्रियंका गांधी वाद्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, विरासत में आप से करुणा, प्रेम और देशभक्ति का धर्म मिला। हम दोनों हमेशा के लिए ये धर्म निभायेंगे। न कोई तोड़ पाएगा, न कोई रोक पाएगा, न कभी हमारे कदम लड़खड़ायेंगे। बता दें कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने जयंती के उपलक्ष्य में उनके स्मारक वीरभूमि पर एक स्मृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाद्रा शामिल हुए।

**भारत आ रहे मॉरीशस के पीएम, वाराणसी में पीएम ...** बतौर मुख्य अतिथि मॉरीशस के तत्कालीन पीएम प्रविंद जगन्नाथ मौजूद थे। पीएम मोदी के साथ काशी में वह कई कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद जगन्नाथ दो साल पहले 11 सितंबर को काशी आए थे अपने रिश्तेदार की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने।

**नांदेड़ जिले में बाढ़ग्रस्त सड़क पर बहने ...** ने जिले में कहर बरपाया है। यहां दो अलग-अलग वाहनों में सवार कुल सात लोग बाढ़ग्रस्त सड़क पर बह गए। बचाव दल तीन लोगों को बचाने में सफल रहा, लेकिन चार लापता हैं। यहां अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने बाद में तीन लोगों के शव बरामद किए है। अधिकारी ने बताया कि उनकी पहचान तेलंगाना निवासी समीना शेख (48), हसीना शेख (29) और नांदेड़ के देगलूर निवासी महबूब शेख के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि तेलंगाना की आफरीन शेख नामक एक अन्य महिला अब भी लापता है और उसका पता लगाने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने बताया कि बीते दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण जिले के कई गांव जलमग्न हो गए हैं और अब तक 293 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है।

**धोखेबाज पाकिस्तान से संबंध सुधारने का कोई ...** लोकतांत्रिक सरकार नहीं सहेगी। उन्होंने कहा कि भारत ने हमलों के बाद काफी संयम दिखाया, लेकिन बाद में हुई उकसावे की कार्रवाई के बाद भारत के पास कोई रास्ता नहीं बचा और 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक्स की गईं और फिर ऑपरेशन सिंदूर हुआ। उन्होंने कहा कि एक बार ऐसा ऐक्शन लिया गया, तो भारत भी कार्रवाई करेगा, लेकिन अब पहला कदम हम नहीं उठाएंगे। कांग्रेस सांसद ने 2008 मुंबई हमलों को लेकर कहा कि भारत ने पाकिस्तानी संलिप्तता के सबूत दिए थे, जिनमें लाइव इंटरसेप्ट्स और डोजियर शामिल थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी किसी मास्टरमाइंड के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।

**यमुना नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए गठित...** अध्यक्षता में ''इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन रिलेटेड टू यमुना वाटर रेजुविनेशन'' को लेकर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बैठक में केन्द्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनने के बाद से योजनाओं को तीव्र गति से तैयार किया जा रहा है और उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी की स्वच्छता के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। नदी में गिरने वाले गंदे पानी के नालों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के माध्यम से स्वच्छ करके नदी में प्रवाहित करने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा रही है।मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना नदी की सफाई के अभियान के तहत अब तक 16 हजार मीट्रिक टन कचरा निकाला जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार निर्धारित लक्ष्य के तहत यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यमुना की स्वच्छता दोनों सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता है और शीघ्र ही जनता यमुना नदी का स्वच्छ रूप देख सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल जिले के पल्ला गांव से यमुना नदी में गिरने वाली ड्रेन का बीओडी स्तर 80 है। इस पानी को और अधिक स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद के ओखला में यमुना नदी के पानी के बीओडी स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसकी गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए 44 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 620 एमएलडी पानी शुद्ध किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 510 एमएलडी पानी को स्वच्छ बनाने के लिए 9 और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण और पानी को लेकर किसी भी तरह की राज्यों की कोई सीमाएं नहीं होती। इसके लिए दोनों राज्यों को मिलकर कार्य करना होगा तभी यमुना नदी को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं साफ बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदूषित पानी सीधे रूप से यमुना नदी में न डाला जाए। इसके लिए अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नजफगढ़ झील व ड्रेन की भी मॉनिटरिंग करने के लिए दिल्ली व हरियाणा के प्रतिनिधियों व विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी तथा हरियाणा के उद्योगों से निकलने वाले दूषित पानी के बीओडी लेवल की भी जांच की जाएगी।श्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता पर हुए हमले की घोर निंदा करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। बैठक में केंद्रीय सचिव देवश्री मुखर्जी, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेन्द्र कुमार, हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनित गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव सिंचाई विभाग अनुराग अग्रवाल सहित सिंचाई एवं पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता को जन-जागरण अभियान बनाकर पंचकूला को बनाए स्वच्छता में नंबर वन : भारती

## सभी समाज सेवक के रूप में कार्य कर पंचकूला को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता में दिलवाएं रैंकिंग : सुभाष चंद्र



**पंचकूला, 20 अगस्त ( सतीश मंगला ):** पंचकूला को स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल स्थान पर लाने को लेकर स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के बैनर तले पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सेक्टर-1 के कांफ्रेंस हाल में हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती व स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। भारती ने स्वच्छता को जन जागरण अभियान बनाकर पंचकूला को नंबर एक स्वच्छ व साफ सुथरा शहर बनाने की अपील की। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि सभी समाज सेवक के रूप में कार्य करके स्वच्छता अभियान के तहत पंचकूला को नंबर एक साफ सुथरा व हराभरा शहर बनाए। ओएसडी भारत भूषण भारती व कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने बैठक में आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में पंचकूला को स्वच्छता रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 10 पर लाने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई। इसके अलावा जनप्रतिनिधि भी इस योजना का मजबूत हिस्सा होंगे, सभी साथ मिलकर पंचकूला को सुंदर और स्वच्छ बनाने का कार्य पूरा हो पाएगा। हमारा प्रयास है कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में पंचकूला भी वह स्थान हासिल करे जो इंदौर ने पाया है। उन्होंने बताया कि कार्ययोजना को सिरे चढ़ाने का काम शुरू कर दिया गया है। सुभाष चंद्र ने अपील की कि जिलें के सभी अधिकारी पंचकूला को स्वच्छता में अव्वल लाने का संकल्प लें। भारती ने कहा कि जहां-जहां साप्ताहिक मंडिया लगती हैं वहां पर संबंधित विभाग निरंतर सफाई व्यवस्था का प्रबंध करें। उन्होने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों से कुछ स्थानों पर गंदगी फैले होने के संबंध में विस्तार से चर्चा भी की और निर्देश दिए कि उक्त स्थानों पर सफाई व्यवस्था निंरतर दुरूस्त रहनी चाहिए। उन्होने कहा कि माता मनसा देवी मंदिर परिसर में लाखों लोग नवरात्र एवं माता के दर्शन के लिए आते है। माता मनसा देवी परिसर व अन्य आस पास की जगह को संबंधित एम सी स्वयं स्वच्छता अभियान की टीम बनाकर इस क्षेत्र को साफ सुथरा बनाए ताकि हरियाणा व अन्य राज्यों से माता के दर्शन के लिए आने वाले लोग मंदिर की स्वच्छता की अपने संबंधित क्षेत्र में तारीफ करे। उन्होंने बताया कि सभी एम सी मेयर के नेतृत्व में अपने अपने वार्ड को लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करके और जन जागरण अभियान के रूप में अपने वार्ड को स्वच्छ बनाएं तभी पंचकूला अव्वल बन सकेगा। भारत भूषण भारती ने कहा कि समय समय पर वे भी वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने का कार्य व वार्डों को बारी बारी से निरीक्षण करने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिले के सभी वार्डों में सबसे स्वच्छ व नंबर वन आने वाले वार्ड को इनाम देकर सम्मानित करेंगे। पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने मुख्यमंत्री के ओएसडी व कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र को अपनी टीम की तरफ से पंचकूला को स्वच्छ बनाकर नंबर एक लाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बीजेपी के जिला प्रधान अजय गोयल, नगर निगम के सीएसआई अविनाश, पार्षद हरेंद्र मलिक, सुदेश बिरला,, सुनित सिंगला, सुरेश वर्मा, सोनिया सूद, रितु सिंगला, ओमवती पूनिया सहित अन्य पार्षद व नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# 20 साल पुरानी जगह पर डटे लोगों को सरकार देगी 500 गज तक का मालिक हक- जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा



पानीपत, 20 अगस्त (हरप्रीत छत्तवाल) राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार जो व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्र में पिछले 20 वर्ष से ऐसी जमीन पर कबीज है जिसका उसे अब तक मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। उसे सरकार ने मालिकाना हक देने का फैसला लिया है। इसमें उस व्यक्ति को सरकार के दिशा निर्देश और शर्तों पर खरा उतरना होगा तभी वह मालिकाना हक का पात्र माना जाएगा। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा ने इस संबंध में बुधवार को बापौली, सनौली खंड व समालखा उपमंडल के अंतर्गत पडने वाले गांव के सरपंचों और पंचों को सरकार की इस योजना के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने इस बारे में ग्राम पंचायत और पंचों को विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति ही दावा कर सकता है जिसके पास 20 वर्ष से काबिज रहने का पुख्ता सबूत हो।इसमें उसके पास बिजली बिल पानी कनेक्शन व अन्य कोई मजबूत दस्तावेज होना चाहिए जो यह साबित करता हो कि उक्त व्यक्ति 20 साल से इस जगह पर काबिज है। जिला विकास पंचायत अधिकारी ने बताया कि सभी शर्तों को पूरा करने वाले को 500 गज तक का ही मालिकाना हक दिया जाएगा। जिला विकास पंचायत अधिकारी ने बताया कि जोहड़ और फिरनी वाले स्थानों पर काबिज व्यक्ति इस मालिकाना हक के पात्र नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि मालिकाना हक के लिए वर्ष 2004 से उन्हें कलेक्ट्रेट के हिसाब से पेमेंट करना होगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उक्त व्यक्ति ग्राम सभा में लिखित में यह आवेदन करेगा कि वह 20 साल से इस जगह पर काबिज है। ग्राम पंचायत बहुमत के आधार पर उसका केस पास करके उसे आगे प्रशासन के पास भेजेगी उसके पश्चात प्रशासन द्वारा इसे मुख्यालय में भेजा जाएगा। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने इस अवसर पर गांव को स्वच्छ बनाने के लिए सरपंचों और पंचों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां पर फॉगिंग की आवश्यकता है फागिंग करवाई जा सकती है। इस मौके पर विभिन्न गांव के सरपंच और पंच मौजूद रहे।

## श्री कृष्णा कृपा धाम में श्रीमद् भागवत कथा समापन

**करनाल, 20 अगस्त ( रविन्द्र मलिक ) :** शहर के सेक्टर-9 स्थित श्री कृष्णा कृपा धाम में कृष्ण कृपा जियो गीता परिवार द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को विधिवत समापन हुआ। यह भव्य कथा 13 से 19 अगस्त तक स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई। कथा वाचक आचार्य विष्णुकांत शास्त्री ने अपने मधुर वचनों से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। उन्होंने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की पवित्र मित्रता का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। समापन अवसर पर यजमान सतीश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी रीटा गुप्ता ने पूरे विधि-विधान से आरती की। इसके उपरांत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति और उत्साह के साथ भाग लिया तथा श्रीमद् भागवत कथा से जीवन में धर्म, प्रेम और भक्ति का संदेश ग्रहण किया।

**हरियाणा के झज्जर में दर्दनाक हादसा: पिकअप की टक्कर ...** पिकअप के परखच्चे उड़ गए और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

**सैनी सरकार ने शिक्षिका मनीषा की मौत की जांच सीबीआई ...** और आसपास के इलाकों में भारी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को जाम कर दिया और सीबीआई जांच की मांग की। विपक्षी दलों ने भी मामले में हरियाणा सरकार की आलोचना कर कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पोस्ट में बताया कि परिवार की मांग के आधार पर यह मामला अब सीबीआई को सौंपा जा रहा है ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। इससे पहले, मंगलवार को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भिवानी और चरखी दादरी जिलों में 48 घंटों के लिए मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाओं को निलंबित कर दिया गया था।

**दिल्ली की सीएम रेखा पर हमला, कागज खींच कर धक्का दिया, ...** सिरसा के अनुसार, हमलावर जनसुनवाई के लिए नहीं आया था, बल्कि उसका एकमात्र इरादा हमला करना था। उसके पास जनसुनवाई से संबंधित कोई कागजात नहीं थे। सिरसा ने बताया कि आरोपी ने मुख्यमंत्री के आवास का वीडियो बनाया था, जो उसके फोन से मिला है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह हमला जानबूझकर किया गया था। प्रवेश वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता घायल हैं और उनकी एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) चल रही है। वहीं, मनजिंदर सिंह सिरसा ने उनकी हालत को स्थिर बताया है। दोनों मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है ताकि आरोपी की पहचान, उसके इरादे और किसी संभावित साजिश का पता लगाया जा सके। प्रवेश वर्मा ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बिना कड़ी सुरक्षा के रोजाना 2000 लोगों से मिलती हैं, और इस तरह का हमला बेहद निंदनीय है। हालांकि, सिरसा ने साफ किया कि इस घटना के बावजूद जनसुनवाई और दिल्ली के लिए काम जारी रहेगा।

**मुंबई में तीसरे दिन भी जारी है भारी बारिश ...** ज्यादा वजन (यात्रियों का) हो गया था। वहीं, आचार्य अत्रे और वडाला मोनो रेल स्टेशन से भी 200 लोगों को निकाला गया था। मोनो रेल में सवार यात्री ने बताया कि बिजली और एसी बंद होने से डिब्बों में घुटन होने लगी थी। बाहर बारिश हो रही थी और अंधेरा बढ़ रहा था। सबसे डरावना पल तब था, जब ट्रेन खतरनाक ढंग से झुक गई थी, हम दुआ कर रहे थे कि जिंदा बाहर निकल जाएं। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र,गुजरात और गोवा में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा तेलंगाना, बिहार में ऑरेंज अलर्ट और राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड सहित 18 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मुंबई सिटी के अलावा उपनगर ठाणे, चंद्रपुर, रायगढ़ और रत्नागिरी में रेड अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों तक महाराष्ट्र में तेज बारिश होने की संभावना है।


**बेदखली सूचना**
मैं भूपिन्द्र सिंह पुत्र श्री गुरनाम सिंह निवासी 755 गांव रांवर जिला करनाल सूचित करता हूं कि मेरा लड़का गुरुतेज सिंह जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसे अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। **-शपथकर्ता**

**बेदखली सूचना**
मैं अमर सिंह पुत्र श्री बचना राम निवासी गांव उदारसी डाकखाना हसनपुर, तहसील थानेसर जिला कुरुक्षेत्र सूचित करता हूं कि मेरा लड़का अनिल कुमार व इसकी पत्नी मनीषा व मेरा पोता दीपांशु जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन्हें अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। **-शपथकर्ता**

**बेदखली सूचना**
मैं मधु बाला पत्नी यशपाल पुत्री श्री गुरदास मान निवासी हाल आबाद गली नं.1, निर्मल विहार नजदीक साई बाबा मंदिर, तहसील व जिला करनाल सूचित करती हूं कि मेरा लड़का दीपक उर्फ नितिन व इसकी पत्नी प्रीती देवी व मेरी लडकी तरणजना जोकि ये सभी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार की किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**-शपथकर्ता**

**नाम परिवर्तन**
मैं दिनेश पुत्र श्री जिया लाल निवासी गांव कुल्वाहेड़ी जिला करनाल सूचित करता हूं कि मैंने अपना नाम दिनेश से बदलकर दिनेश कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे दिनेश कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाएं।
**-सभी संबंधित नोट करें।**

# राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार है एनसीसी : प्रो. डॉ. रामपाल सैनी

## बोले : एनसीसी से होता है युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्र सेवा का भाव जागृत

**करनाल, 20 अगस्त ( संदीप रोहिला ):** डीएवी पीजी कॉलेज के एनसीसी प्रकोष्ठ के 15 कैडेट ने एनसीसी की बी सर्टिफिकेट परीक्षा और 11 कैडेट ने एनसीसी की सी सर्टिफिकेट परीक्षा पास कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। चैधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति एवं कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने सभी कैडेटस को अच्छे ग्रेड मिलने पर बधाई दी। प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने चार कैडेटस को रैंक प्रदान किए जिसमें आदेश भौरिया को सिनियर अंडर ऑफिसर, निशांत को अंडर ऑफिसर, विशु को अंडर ऑफिसर और प्रीति को सारजेंट का




रैंक प्रदान किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों का अनुशासन, परिश्रम और लगन ही उनकी सबसे बड़ी पूँजी है। एनसीसी युवाओं में न केवल देशभक्ति और राष्ट्र सेवा का भाव जगाती हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करती हैं। डॉ. आरपी ने कहा कि एनसीसी का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। चाहे वे शिक्षा के क्षेत्र में जाएँ प्रशासनिक सेवाओं में सेना में या निजी क्षेत्र में एनसीसी से मिले अनुशासन और नेतृत्व की भावना उनके जीवन को दिशा देती है। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी ने कैडेट्स को अच्छे ग्रेड में सफलता हासिल करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि युवा पीढ़ी को एनसीसी प्रकोष्ठ से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनसीसी अनुशासन सिखाती है और जिम्मेदारी का बोध कराती है। एनसीसी से निकलकर देश की सेवा करने के अवसर भी बढ़ते हैं। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार है। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, देशभक्ति, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज और देश अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में एनसीसी से प्रशिक्षित कैडेट्स समाज के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी का आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। यदि विद्यार्थी अनुशासन समय का सदुपयोग और ईमानदारी को अपने जीवन में उतार लें तो वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी का प्रशिक्षण कैडेट्स को न केवल सेना या पुलिस जैसे क्षेत्रों में अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का परिचायक है। प्राचार्य ने कैडेट्स को संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने ज्ञान और कौशल से समाज की सेवा करें और राष्ट्र को मजबूत बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. जितेंद्र चैहान व हैड क्लर्क विक्रम हरित उपस्थित रहे।

## सरचार्ज माफी योजना 2025 का लाभ उठाएं बिजली उपभोक्ता: डीसी

पानीपत, 20 अगस्त (हरप्रीत छत्तवाल) जिले के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई 'सरचार्ज माफी योजना 2025' के तहत अब उपभोक्ता अपने पुराने बिजली बिलों का भुगतान केवल मूल राशि के आधार पर कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत 31 अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिलों पर लगाया गया पूरा सरचार्ज फ्रीज कर दिया गया है। इस योजना का लाभ 11 नवंबर 2025 तक लिया जा सकता है। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द कुमार दहिया ने बिजली उपभोक्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक राहत का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र उपभोक्ता समय रहते इस योजना से जुड़ें, बकाया बिलों का निपटान करें और भविष्य में नियमित भुगतान की ओर बढ़ें। इससे न केवल व्यक्तिगत आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि जिला बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी मजबूत होगी। इस योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू, कृषि, औद्योगिक एवं अन्य श्रेणियों के उपभोक्ता शामिल हैं। इसके अलावा सरकारी विभाग, नगर निकाय और पंचायत भी इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। योजना के तहत यदि उपभोक्ता बकाया बिल की पूरी राशि एकमुश्त जमा करते हैं, तो उन्हें मूल राशि पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी प्रदान की जाएगी। बिजली निगम ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं के बिल संबंधी मामले न्यायालय में लंबित हैं, यदि वे केस को स्वेच्छा से वापस लेते हैं, तो उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

## ग्राम पंचायतों से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक, दिखी एकता की तस्वीर

**पंचकूला, 20 अगस्त ( प्रवीन कुमार ):** एक विशेष कार्यक्रम के दौरान हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहनलाल बडोली जी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव एवं पंचकूला की आन-बान-शान श्री तरुण भंडारी जी तथा उत्तराखंड के संगठन मंत्री से शिष्टाचार भेंट का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम ने न केवल क्षेत्र की राजनीतिक और सामाजिक मजबूती को दर्शाया, बल्कि संगठन की एकजुटता और विकास की दिशा में साझा संकल्प का भी प्रतीक बना। इस अवसर पर पंचकूला जिला के पूर्व अध्यक्ष श्री विशाल सेठ जी, गर्ग जी, किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोपाल राणा (खटोली), जिला परिषद सदस्य बलविंदर चौधरी जी, पवन राणा (बरवाला), जिला परिषद सदस्य गुरचरण चौधरी जी, नीरज चौधरी जी सहित कई



प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। इसके साथ ही भरेली गांव के सरपंच अमन राणा, खटोली गांव से सम्मानित पत्रकार श्री प्रवीण सैनी जी समेत आसपास के गांवों के सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**तरुण भंडारी जी का प्रेरणादायक संबोधन :** कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव श्री तरुण भंडारी जी ने कहा कि पंचकूला जिला प्रदेश की आन-बान और शान है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हम पंचकूला को कभी पिछड़ने नहीं देंगे। जिले का हरसंभव विकास किया जाएगा और यहां के ग्रामीण व शहरी इलाकों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि संगठन की मजबूती और जनता की भागीदारी ही असली ताकत है। आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल और रोजगार जैसे क्षेत्रों में पंचकूला जिले को नई पहचान दिलाने के लिए सरकार और संगठन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

**एकता और विकास का संकल्प :** कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वक्ताओं ने सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती और युवाओं को राजनीति व समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन आपसी सहयोग और समाजहित में मिलकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। मंच से यह साफ संदेश दिया गया कि ग्राम पंचायतों से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक एकजुट होकर क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए कार्य किया जाएगा।

## बरवाला उप तहसील में सीएम फ्लाइंग की रेड, कई घंटे चली जांच

*चार पटवारी मिले गैरहाजिर, रिकॉर्ड कब्जे में लिया*

**रायपुररानी,20 अगस्त ( देवेन्द्र सिंह ):** उप तहसील कार्यालय बरवाला



में बुधवार सुबह 10 बजे से सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापेमारी की। टीम कई घंटों से दफ्तर में रजिस्ट्रियों और अन्य रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। जाँच के दौरान तहसील कार्यालय में चार पटवारी गैर हाजिर मिले। रिकॉर्ड की जाँच के लिये उसे कब्जा में लिया गया है। छापेमारी के चलते कार्यालय में आने वाले लोगों को भी इंतजार करना पड़ा और रोजमर्रा का कामकाज प्रभावित हुआ। छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री उड़नदस्ता से उप निरीक्षक हितेंद्र गौतम, सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार, मुख्य सिपाही प्रदीप और राकेश कुमार मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय अंतर विद्यालय टेनिस प्रतियोगिता में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया

**पंचकूला,20 अगस्त ( सतीश मंगला ):** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर 15, पंचकूला में हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय अंतर विद्यालय टेनिस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पंचकूला जिले के विभिन्न विद्यालयों ने भाग लिया। अंडर-19 टीम में कंचन, खुशी, अमनजीत, मानसी और करीना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों ने सतलुज स्कूल को कड़े मुकाबले में पछाड़ा। वहीं, अंडर-17 टीम में रीना, महक, नंदिनी, रानी और शिवानी ने गुरुकुल विद्यालय, सेक्टर 20, पंचकूला को



हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने टेनिस कोच स्वाति मेहता और टीम इंचार्ज कृष्ण कुमार, डीपीइ को दिया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता जयवीर सिंह और कुलदीप सिंह ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उनके प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा, विद्यालय की छात्राओं ने मुक्केबाजी स्पर्धा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शीतल ने अंडर 45 किलो श्रेणी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि दीपांशी ने 65 किलो श्रेणी में स्वर्ण हासिल किया। राधिका ने 51 किलोग्राम में स्वर्ण प्राप्त किया और लक्ष्मी ने 44 किलो श्रेणी में स्वर्ण हासिल किया। प्राची ने 42 किलोग्राम में रजत पदक प्राप्त किया। सफल बॉक्सर खिलाड़ियों ने अपने अध्यापिका कोमल और रुचि को अपनी सफलता का श्रेय दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पानीपत रिफाइनरी से मिट्टी निकालने के साथ स्क्रैप की चोरी,आइओसीएल को लग रहा है करोड़ों रुपयों का फटका

मूनक, 20 अगस्त (जयभगवान): पानीपत रिफाइनरी में इन दिनों रिफाइनरी विस्तार और नई परियोजनाओं के लिए कई कार्य प्रगति पर हैं। पीवीआर प्लांट के नजदीक एक दूसरा प्लांट स्थापित होना है, जिसके लिए नैफ्था क्रेकर प्लांट के पास बड़े पैमाने पर एरिया ग्रेडिंग (क्षेत्र की सफाई और समतलीकरण) का कार्य किया जा रहा है। लेकिन इस काम की आड़ में ठेकेदार कंपनी द्वारा स्क्रैप चोरी का गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एरिया ग्रेडिंग का ठेका संभाल रही डीटीएच कंपनी मिट्टी के साथ-साथ भारी मात्रा में स्क्रैप भी डंपर में लोड़कर बाहर निकाल रही है, जिसे बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। इससे आईओसीएल को करोड़ों रुपये का फटका लग रहा है।




**पहले था स्क्रैप यार्ड, अब बन रहा है नया प्लांट** - स्थानीय लोगों ने बताया कि जहां अब एमएचए प्लांट बनना है, वहां पर पहले स्क्रैप यार्ड है। यहां परियोजनाओं से बचा हुआ लोहे का स्क्रैप जैसे एंगल, गाटर, लोहे व एस.एस. की प्लेटें, कॉपर, तारें आदि एकत्रित कर रखी गई थीं। ठेकेदार कंपनी अब इस स्क्रैप को मिट्टी में छिपाकर डंपर में भरकर बाहर भेज रही है, जिससे साफ है कि चोरी सुनियोजित तरीके से की जा रही है।

**मिट्टी के बहाने स्क्रैप की चोरी, अधिकारी मौन** - सूत्रों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि यह सारा काम रिफाइनरी अधिकारियों की मिलीभक्त से हो रहा है। यदि ऐसा न होता, तो अधिकारियों की आंखों के सामने चल रही यह गड़बड़ी रोकी जा सकती थी। लेकिन अब तक न तो किसी डंपर की जांच हुई है और न ही कोई कार्रवाई। इससे साफ संकेत मिलता है कि अधिकारी भी इस भ्रष्टाचार में हिस्सेदार हो सकते हैं। इतना ही नहीं डंपर लोडिंग के समय सीआइएसएफ का जवान भी वहां पर तैनात रहता है। इसके बाद भी स्क्रैप चोरी होना बहुत कुछ बयां करता है।

**स्क्रैप की होनी चाहिए थी बोली - स्थानीय लोग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि जो स्क्रैप एरिया ग्रेडिंग क्षेत्र में पड़ा हुआ था, पहले उसे इकट्ठा कर बोली के जरिए बेचा जाना चाहिए था। जिससे कंपनी को सीधा राजस्व प्राप्त होता। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उल्टा ठेकेदार को ये स्क्रैप उठाने की खुली छूट दे दी गई, जिससे आइओसीएल जैसी महारत्ना कंपनी को करोड़ों रुपए का सीधा नुकसान हो रहा है।

**ठेकेदार बोले हम बाध्य नहीं, अधिकारियों से पूछो**-जब इस विषय में एरिया ग्रेडिंग का काम कर रही कंपनी डीटीएच के मालिक सतीश कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा मैंने रिफाइनरी से ठेके पर काम लिया है। इस बारे में पत्रकारों से बात करने के लिए मैं बाध्य नहीं हूं। आप रिफाइनरी अधिकारियों से बात करें। ठेकेदार की इस प्रतिक्रिया से कई सवाल खड़े होते हैं, यदि सब कुछ नियमों के अनुसार हो रहा है, तो जानकारी साझा करने से क्यों इनकार किया गया?

**आइओसीएल का नुक़सान हर भारतीय का नुकसान** - लोगों का कहना है कि आइओसीएल भारत सरकार की एक महारत्ना कंपनी है। जिसका हर भारतीय शेयर होल्डर है। अगर आइओसीएल का नुक़सान हो रहा है तो वह नुकसान हर भारतीय का नुक़सान है। ऐसे में किसी ठेकेदार कंपनी द्वारा इस तरह से जनधन की चोरी करना देशहित के खिलाफ है। अगर इस पर जल्द रोक नहीं लगाई गई, तो ये गड़बड़ियां और अधिक गहराती जाएंगी।

**रात के अंधेरे में दिया जाता है चोरी को अंजाम** -लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिस क्षेत्र में एरिया ग्रेडिंग का काम चल रहा है, वहां पर दिन में कम डंपर मिट्टी से भरकर बाहर निकाले जाते हैं। और जैसे ही अंधेरा होना शुरू हो जाता है तो डंपरों में मिट्टी के साथ-साथ भारी मात्रा में स्क्रैप लोड कर बाहर निकाला जा रहा है। जिन डंपरों में अधिक स्क्रैप लोड़कर बाहर निकाला जाता है। उन डंपरों को बाहर सुरक्षित स्थान पर खाली कर उसमें से स्क्रैप अलग निकालकर दूसरी गाड़ी में लोड कर मार्केट में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। जिससे ठेकेदार कंपनी द्वारा आइओसीएल को मोटा फटका लगाया जा रहा है।

जब रिफाइनरी के मानव संसाधन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक ओम प्रकाश से मिट्टी के साथ स्क्रैप बाहर निकालने के बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि रिफाइनरी प्रोजेक्ट विभाग के अधिकारियों के अनुसार सीआईएसएफ के कर्मचारियों की मौजूदगी में यह गाड़ियां लोडकर बाहर निकाली जा रही हैं। जिस सामान की कोई आर्थिक कीमत नहीं है उसको बाहर निकाला जा रहा है। ठेकेदार कंपनी को कीमती वस्तु को निकाल कर वंही एक साइड पर रखना है। अगर कीमती वस्तु को बाहर निकाला जा रहा है तो हम कमेटी गठित कर इसकी जांच करवाएंगे।

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Ruhela Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-002766-2024**
**Next Date:- 30-09-2025**
State Bank of India
Versus
Ram Phal
Notice to: Ram Phal :- Son Of Arjun Singh Since Deceased Now Through Its Legal Heirs 1. Chinta Devi Wife Of Ramphal 2. Gurmeet Narwal Son Of Ramphal Deceased Gali No. 2 Balaji Nagar Kaithal Road Karnal

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **30.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of 18.08.2025
**Sd/- Ruhela Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Karnal**

---

**In the Court of**
**Gitanjali Goel**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Ambala**
**CNR No. HRAM02-000419-2025**
**Next Date:- 21-08-2025**
Usha Rani
Versus
General Public
Notice to: Usha Rani Son:- Late Sh. Rajinder Kumar r/o H.no. 2617 near hari palace Raod Ambala City

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) General Public could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) General Public should appear in person or through counsel on **21.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Ambala
Dated this day of, 06.08.2025
**Sd/- Gitanjali Goel**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Ambala**

---

**In the Court of**
**Sh. Sukhpreet Singh**
**Land Acquisition Special Court/LRO JD/LRO SD,Jhajjar**
**CNR No. HRJR01-010007-2023**
**Next Date:- 08-09-2025**
**CA/256/2023**
Jai Kishan S/o Jai Lal
Versus
Naveen S/o Sardara
Notice to: 2(a) Pawan S/o Rakaran Lr&s of Ram Karan""R/o G-23, Shyam Park, Near Nawada Metro Station, Nawada, Delhi""2(b) Ramesh S/o Ramkaran R/o G-23, Shyam Park, Near Nawada Metro Station, Nawada, Delhi""2(c)Raj wd/o Suresh S/o ramkaran R/o G-23, Shyam Park, Near Nawada Metro Station, Nawada, Delhi""2(d) Mohit S/o Suresh S/o ramkaran R/G-23, Shyam Park, Near Nawada Metro Station, Nawada, Delhi""2(e) Yash Sto Suresh S/o ramkaran R/o G-23, Shyam Park, Near Nawada Metro Station, Nawada, Delhi

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **08.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Dated this day of, 19.08.2025
**Sd/- Land Acquisition Special Court/LRO JD/LRO SD, Jhajjar**

---

**In the Court of**
**Sh. Vikas Verma**
**Civil Judge Junior Division-Cum-JMIC Ist Class,Panipat**
**CNR No. HRPP02-000899-2025**
**Next Date:- 05-09-2025**
**CS/722/2025**
Jitender Kumar
Versus
Raju Verma
Notice to: Raju Verma Father:- Babu Ram Verma Ganga Ram Colony, Near Kacha Kabri Fatak, Panipat

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **05.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Panipat
Dated this day of, 18.08.2025
**Sd/- Sh. Vikas Verma**
**Civil Judge Junior Division-Cum-JMIC Ist Class, Panipat**

---

**In the Court of**
**Ritika Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-000485-2023**
**Next Date:- 15-10-2025**
Punjab National Bank
Versus
Ankit Rana
Notice to: Anit Rana Son:- Mahinder Singh 2. Gulshan Rana S/o Mahinder Singh Both r/o VPO Brass Sub Tehsil Nissing Distt. Karnal

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.**10.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of, 17.08.2025
**Sd/- Ritika Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Karnal**

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Dr. Karuna Sharma**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Yamunanagar**
**CNR No. HRYN02-001923-2025**
**Next Date:- 19-09-2025**
Mohsina Bano
Versus
General Public
Petition u/s 7 of Guardian and Ward Act for Appointment of Petitioner as Guardian
Notice to: General Public

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **19.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Yamunanagar
Dated this day of, 12.08.2025
**Sd/-Additional Civil Judge (Sr. Division), Yamunanagar**

---

**In the Court of**
**Sh. Aditya Jain**
**Civil Judge Jr. Division-cum-JMIC, Ist Class, Panipat**
**CNR No. HRPP02-000699-2024**
**Next Date:- 29-10-2025**
Canara Bank
Versus
Savitri Devi
Notice to: Savitri devi w/o Sh. Satvir r/o village Luhari tehsil Madlauda distt. Panipat

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **29.**10.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Panipat
Dated this day of, 07.08.2025
**Sd/-Civil Judge Jr. Division-cum-JMIC, Ist Class, Panipat**

---

**In the Court of**
**Gitanjali Goel**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Ambala**
**CNR No. HRAM02-000163-2025**
**Next Date:- 05-09-2025**
Baljeet Kaur
Versus
General Public
Notice to: General Public:- Ambala

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **05.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Ambala
Dated this day of 19.08.2025
**Sd/- Gitanjali Goel**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Ambala**

---

**In the Court of**
**Nitika Bansal**
**Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-002430-2022**
**Next Date:- 08-10-2025**
**CS/1949/2022**
UCO Bank
Versus
Veer Bhan
Notice to: D-1 Veer Bhan Son:- Karam Chand D-2 Meena Pal W/o Veer Bhan Both are R/o H.No. 2185, Sector 7, Karnal

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **08.**10.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of, 14.08.2025
**Sd/- Nitika Bansal**
**Civil Judge (Junior Division), Karnal**

---

**In the Court of**
**Sh. Sartaj Baswana**
**Additional District and Sessions Judge, Sonipat, Sonipat**
**CNR No. HRSO01-004877-2025**
**Next Date:- 26-09-2025**
**Case No.:- PROB/07/2025**
Sanjay Chauhan
Versus
General Public
Notice to: General Public:- Sonipat

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **26.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Dated this day of, 20.08.2025
**Sd/- Additional District and Sessions Judge, Sonipat, Sonipat**

## खरीफ फसलों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी- डीसी

पानीपत, 20 अगस्त (हरप्रीत छत्तवाल) उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खरीफ फसलों की बुवाई कर चुके किसान अपनी फसल का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अवश्य करवाएं। सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाकर अब 31 अगस्त कर दिया है ।डीसी ने बताया कि सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसल केवल उन्हीं किसानों से खरीदी जाएगी, जिनका पंजीकरण इस पोर्टल पर हुआ होगा। ऐसे में किसान किसी भी असुविधा से बचने और सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर फसल बेचने के लिए समय रहते पंजीकरण सुनिश्चित करें ।कृषि विभाग के उपनिदेशक आत्मा राम गोदारा ने जानकारी दी कि किसान कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए किसान के पास परिवार पहचान पत्र होना जरूरी है ।उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसल का पंजीकरण स्वयं पोर्टल (एचटीटीपीएस-// फसलडॉटहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन) पर जाकर या नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से करवा सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए किसान टोल फ्री नंबर 1800-180-2117 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सम्पादकीय

## बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के उम्मीदवार, दक्षिण बनाम दक्षिण

उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में सत्ता पक्ष ने महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया है। दक्षिण की राजनीति करने के लिए तथा डीएमके में फूट डालने के लिए सत्ता पक्ष ने यह दांव चला था। विपक्ष ने सत्ता पक्ष के उम्मीदवार के मुकाबले में एक ऐसा उम्मीदवार उपराष्ट्रपति के चुनाव में उतार दिया है। जिसके कारण यह चुनाव बहुत रोचक हो गया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपने-अपने तरकश से जो तीर निकाले हैं। उससे चुनाव परिणाम किसके पक्ष में होगा, कहना मुश्किल हो गया है। सत्ता पक्ष के उम्मीदवार राधाकृष्णन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तमिलनाडु के रहे हैं। वह झारखंड के राज्यपाल रह चुके हैं। वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। उनकी पृष्ठभूमि भाजपा और संघ की है। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जिस तरह से राज्यसभा के सभापति के रूप में विपक्ष को दबाने का काम किया था। उनके कार्यकाल में जिस तरीके से सांसदों का निष्कासन हुआ था। विपक्ष की बात वह सुनते ही नहीं थे। विपक्ष ने उपराष्ट्रपति पद के लिये जो उम्मीदवार खड़ा किया है। वह उम्मीदवार केवल प्रतीकात्मक नहीं है। विपक्ष हर हाल में रेड्डी को जिताकर लोकतंत्र और संविधान को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहा है। विपक्ष ने सभी विपक्षी राजनीतिक दलों की आम सहमति से पी सुदर्शन रेड्डी को चुनाव मैदान में उतारा है। रेड्डी आंध्र प्रदेश से आते हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज हैं। 1995 में वह आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने थे। 12 जनवरी 2007 को यह सुप्रीम कोर्ट के जज बने। 8 जुलाई 2011 को यह सुप्रीम कोर्ट से सेवानिवृत हुए हैं। इनका पूरा जीवन निर्विवाद रहा है। विपक्ष ने इन्हें उम्मीदवार बनाकर एनडीए गठबंधन में फूट डालने का इंतजाम कर लिया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू एनडीए गठबंधन में शामिल हैं। सत्ता पक्ष ने तमिलनाडु के राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में उतारकर इंडिया गठबंधन में शामिल डीएमके में फूट डालने की रणनीति तैयार की थी। विपक्ष ने वही पेंतरा अपनाते हुए सत्ता पक्ष को रेड्डी के रूप में जवाब दे दिया है। बिहार की संगत मतदाता सूची परीक्षण को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में आर पार की लड़ाई चल रही है। सभी विपक्षी दल इंडिया गठबंधन के साथ आकर खड़े हो गए हैं। हाल ही में कांस्टीट्यूशन क्लब के चुनाव में जिस तरह से संजीव बालियान को पराजित कर राजीव प्रताप रूडी को चुनाव जिताकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह को चुनौती दी है। लगभग वही चुनौती उप-राष्ट्रपति के चुनाव में अब देखने को मिल रही है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में वर्तमान लोकसभा के सदस्य और राज्यसभा के सदस्य मतदान करते हैं। दक्षिण भारत का उम्मीदवार उतारकर सत्ता पक्ष ने जो रणनीति तैयार की थी। उसका जवाब विपक्ष ने बड़े अच्छे तरीके से दिया है। सत्ता पक्ष के नहले पर विपक्ष ने दहला चलाकर बाजी जीतने की चाल चली है। लोकसभा की सदस्य संख्या 542 तथा राज्यसभा की संख्या 240 है। कुल 782 सांसदों के पास मताधिकार है। इसमें एनडीए गठबंधन के पास 422 सदस्य है। विपक्ष के पास 360 सदस्य दोनों सदनों के हैं। विपक्ष ने सुदर्शन रेड्डी से संपर्क किया। इस नाम पर विपक्ष के सभी राजनीतिक दल सहमत हो गए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्ष के उम्मीदवार का नाम घोषित कर दिया है। दक्षिण बनाम दक्षिण की लड़ाई में विपक्ष ने सत्ता पक्ष को कड़ी चुनौती दे दी है। जिस तरह के समीकरण बने हुए हैं, उसमें भाजपा में आंतरिक संघर्ष तेज है। एनडीए गठबंधन में भी अविश्वास बना हुआ है। रही-सही कसर चंद्रबाबू नायडू के लिए विपक्ष ने तैयार कर दी है। वह उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार का समर्थन नहीं करते हैं, ऐसी स्थिति में उन्हें आंध्र प्रदेश की राजनीति में कई चुनौतियां मिल ना तय हैं। जीत-हार के इस खेल में शुरुआती दौर में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में कांटे की टक्कर होना तय है। विपक्ष का उम्मीदवार किसी भी मामले में कम नहीं है। कोई आश्चर्य नहीं होगा, उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्ष का उम्मीदवार जीत जाये। चुनाव आयोग के कारण विपक्ष एकजुट हो चुका है। सत्ता पक्ष में इस समय बिखराव की स्थिति बनी हुई है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा विहिप जारी करने की कोई प्रावधान नहीं है। ऐसी स्थिति में सांसद अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करेंगे। 10 सांसद भी सत्ता पक्ष के बदल जाते है तो विपक्ष का उम्मीदवार आसानी से चुनाव जीतने की स्थिति में है। दोनों नाम सामने आने के बाद सांसदों की खरीद-फरोख्त कर अपने पाले में लाने का खेल सत्ता पक्ष और विपक्ष खेल सकता है।

### वाणी का शरीर पर प्रभाव


मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है। इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की माँसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतव्वाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए।

# वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति

**- ललित गर्ग**

**( विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस- 21 अगस्त, 2025 )**

अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ते क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पी?ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पी?ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं।भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम प?ाव में मानसिक शांति



और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने। वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरुआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है- समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पी?ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे-बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है। समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें। स्कूलों में ग्रैंड-पैरेंट्स डे आयोजित हो, जिससे बच्चे अपने दादा-दादी से सीख सकें और बुजुर्गों को सक्रियता और अपनापन महसूस हो। समाज और धार्मिक संस्थाओं को संयुक्त संगोष्ठियां करनी चाहिए, जहां नई और पुरानी पीढ़ी एक-दूसरे को समझ सके। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और परिवारों को भी बुजुर्गों की क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग करना चाहिए। छोटे-छोटे आयोजन जैसे परिवार के भोज, स्मृति पुस्तकों का निर्माण, या बच्चों और ब?ों के बीच कौशल साझा करने की गतिविधियां पीढ़ियों के बीच पुल का काम कर सकती हैं। आने वाले वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ जाएगी। 2050 तक दुनिया की लगभग 22 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की होगी। वृद्धजन समाज और परिवार को ज्ञान, परंपरा और स्वयंसेवा से समृद्ध करेंगे, लेकिन साथ ही उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं, अकेलेपन और सामाजिक उपेक्षा जैसी चुनौतियों का भी सामना करना होगा। इसलिए जरूरी है कि हम आज से ही एक ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें उम्र सम्मान और गरिमा की पहचान बने, न कि उपेक्षा की।प्रश्न है कि दुनिया में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी ब?ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौ?, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वृद्ध व्यक्ति ज्ञान और अनुभव के अमूल्य स्रोत हैं और उनके पास शांति, सतत विकास और हमारे ग्रह की सुरक्षा में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है।' फिर वृद्धजन क्यों स्वयं को इतना खाली, एकांकी एवं उदासीन बनाये हुए हैं?

# देश के सतत विकास एवं खुशहाली की धुरी है अक्षय ऊर्जा

**योगेश कुमार गोयल**

पृथ्वी पर ऊर्जा के परम्परागत साधन बहुत सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, ऐसे में खतरा मंडरा रहा है कि यदि ऊर्जा के इन पारम्परिक स्त्रोतों का इसी प्रकार दोहन किया जाता रहा तो इन परम्परागत स्त्रोतों के समाप्त होने पर गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी। यही कारण है कि पूरी दुनिया में गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जाने लगी और इसी कारण अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने के प्रयास शुरू हुए। अक्षय का अर्थ है, जिसका कभी क्षय न हो अर्थात् अक्षय ऊर्जा वास्तव में ऊर्जा का असीम और अनंत विकल्प है और आज के समय में यह किसी भी राष्ट्र के अक्षय विकास का प्रमुख स्तंभ भी है। पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए ऐसी ऊर्जा तथा तकनीकें विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे ग्लोबल वार्मिंग की विकराल होती समस्या से दुनिया को कुछ राहत मिल सके। किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए आज प्रदूषणरहित अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों का समुचित उपयोग किए जाने की आवश्यकता भी है। देश में अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ही वर्ष 2004 से हर साल 20 अगस्त को 'अक्षय ऊर्जा दिवस' भी मनाया जाता है।

आज न केवल भारत में बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार इन गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ही एक ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी लेकिन अक्षय ऊर्जा की राह में भी कई चुनौतियां मुंह बाये सामने खड़ी हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की देशभर में कई छोटी-छोटी इकाईयां हैं, जिन्हें एक ग्रिड में लाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। इससे बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है। भारत में अक्षय ऊर्जा के विविध स्त्रोतों का अपार भंडार मौजूद



है लेकिन इनसे ऊर्जा उत्पादन करने वाले अधिकांश उपकरण विदेशों से आयात किए जाते हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अनुसार, कुछ साल पहले सौर ऊर्जा के लिए करीब 90 प्रतिशत उपकरण विदेशों से आयात किए गए थे, जिससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ गई। 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार, अब भी भारत की सौर सेल और मॉड्यूल की जरूरत का अधिकांश हिस्सा, कभी-कभी 90 प्रतिशत तक, आयात से ही पूरा होता रहा है। हालांकि हाल के वर्षों में एएलएमएम नियम और पीएलआई स्कीम के कारण यह निर्भरता घट रही है। 2023-24 में चीन से सौर सेल्स का 53 प्रतिशत और मॉड्यूल्स का 63 प्रतिशत भारत में आया। देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर भी तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के आंकड़ों के अनुसार देश में कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 450 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है, जिसमें अब 230 गीगावॉट से अधिक अक्षय ऊर्जा से प्राप्त हो रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायो-पावर और छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अधिक बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं से तथा परमाणु ऊर्जा से भी अक्षय ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। कुल बिजली उत्पादन में अब अक्षय ऊर्जा का हिस्सा अब लगातार बढ़ रहा है, जो भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल करता है। भारत में ऊर्जा खपत भी तेजी से बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) का अनुमान है कि वर्ष 2040 तक भारत में ऊर्जा की कुल मांग वर्तमान की तुलना में लगभग दोगुनी हो जाएगी। विशेषकर बिजली तथा ईंधन के रूप में उपभोग की जा रही ऊर्जा की मांग घरेलू एवं कृषि क्षेत्र के अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में भी लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में ही बिजली तथा पैट्रोलियम जैसे ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्त्रोतों का लगभग 55 प्रतिशत उपभोग किया जाता है। हम जिस बिजली से अपने घरों, दुकानों या दफ्तरों को रोशन करते हैं, जिस बिजली या पैट्रोलियम इत्यादि ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों का इस्तेमाल कर खेती-बाड़ी या उद्योग-धंधों के जरिये देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया जाता है, क्या हमने कभी सोचा है कि वह बिजली या ऊर्जा के अन्य स्त्रोत हमें कितनी बड़ी कीमत पर हासिल होते हैं? यह कीमत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी धरती पर विद्यमान हर प्राणी पर बहुत भारी पड़ती है। भारत में थर्मल पावर स्टेशनों में बिजली पैदा करने के लिए प्रतिदिन लगभग 18 लाख टन कोयले की खपत होती है। आज भी देश की लगभग 55 प्रतिशत से अधिक बिजली कोयले से ही पैदा होती है, शेष बिजली अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों, जल, गैस व परमाणु ऊर्जा स्त्रोतों से प्राप्त होती है।दुनियाभर में ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 75 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन बिजली उत्पादन से ही होता है। यही कारण है कि अब सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों को विशेष महत्व दिया जाने लगा है। अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, यदि अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाए तो वर्ष 2050 तक वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 70 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। भारत ने भी 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता हासिल करने और नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य वर्ष 2070 तक प्राप्त करने का संकल्प लिया है। स्त्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने से हमारी ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर कम होता जाएगा और इससे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

# आतंकवाद के पीड़ितों निर्दोष लोगों के प्रति स्मृति एवं श्रद्धांजलि

**-संजय गोस्वामी**

**( 21 अगस्त, 2025, आतंकवाद पीड़ित स्मृति और श्रद्धांजलि दिवस )**

आतंकवाद के पीड़ितों की स्मृति और श्रद्धांजलि का अंतर्राष्ट्रीय दिवस 21 अगस्त, 2025 को मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यह दिन आतंकवाद से प्रभावित लोगों को सम्मान और श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ उनके मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए समर्पित है। इसे विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के रूप में भी जाना जाता है। यह दिन उन लोगों को याद करने और करुणा और लचीलेपन को बढ़ावा देने वाले कार्यों के माध्यम से पीड़ितों का समर्थन करने के लिए मनाया जाता है।26 नवंबर, 2008 को, दस आतंकवादियों ने मुंबई में घातक हमले किए, जिनमें 166 लोग मारे गए और सैकड़ों अन्य घायल हुए। सुरक्षा बलों ने 29 नवंबर, 2008 को हमलावरों को मार गिराया। पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा ने इस हमले को अंजाम दिया था, जिसमें छह अमेरिकियों सहित 160 से ज़्यादा लोग मारे गए थे। यह हमला 9/11 के बाद सबसे घातक और बेशर्म आतंकवादी घटना थी। तब और अब, दोनों ही समय, लश्कर-ए-तैयबा को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों और अल-कायदा का समर्थन प्राप्त है। अपनी पुस्तक, *अवॉइडिंग आर्मागेडन॰ अमेरिका, इंडिया, एंड पाकिस्तान टू द ब्रिंक एंड बैक* पर काम करते हुए, यह स्पष्ट हो गया कि मुंबई हमले की साजिश में एक तीसरा पक्ष गुप्त रूप से शामिल था॰ अल-कायदा। हालाँकि अल-कायदा ने अपनी गतिविधियों को गुप्त रखा, लेकिन उसने लश्कर-ए-तैयबा को हमले की योजना बनाने और लक्ष्य चुनने में मदद की। 26 नवंबर, 2008 को दस आतंकवादियों ने मुंबई में घातक हमले किए, जिसमें 166 लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए। 29 नवंबर, 2008 को सुरक्षा बलों ने उन्हें पकड़ लिया। पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा इस हमले के लिए ज़िम्मेदार था, जिसमें छह अमेरिकियों सहित 160 से ज़्यादा लोग मारे गए थे। यह 9/11 के बाद का सबसे घातक और सबसे निर्लज्ज आतंकवादी हमला था। तब और अब, दोनों समय, लश्कर-ए-तैयबा को पाकिस्तानी खुफ़िया एजेंसियों और अल-क़ायदा का समर्थन प्राप्त रहा है। लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों में से एकमात्र जीवित बचे अजमल कसाब को इस हफ़्ते भारत में उसकी संलिप्तता के लिए फांसी दे दी गई। उसने समूह में शामिल होने और विशेष रूप से इस ऑपरेशन के लिए पाकिस्तान स्थित इसके शिविरों में प्रशिक्षण लेने की बात कबूल की। उसने इस साज़िश में लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ नेतृत्व को भी शामिल किया था। लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक और नेता हाफ़िज़ सईद पाकिस्तान में फ़रार है और अक्सर भारत, अमेरिका और इज़राइल के ख़िलाफ़ सार्वजनिक रूप से वकालत करता है। वह ड्रोन हमलों की निंदा करता है और पाकिस्तान से अमेरिका के साथ संबंध तोड़ने की माँग करता है। अल-कायदा को 2008 के हमले से बड़ी उम्मीदें थीं, उसे उम्मीद थी कि इससे भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष छिड़ जाएगा जो अफगानिस्तान में नाटो के अभियानों को बाधित कर सकता है और अल-कायदा पर ड्रोन हमलों में बाधा डाल सकता है। हालाँकि, भारत ने सैन्य कार्रवाई के बजाय कूटनीति को चुना, और अंततः खतरा टल गया। सईद के समर्थकों में पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी, आईएसआई शामिल हैं, जो लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम करती हैं। कसाब ने सीधे तौर पर आईएसआई पर मुंबई हमलों में शामिल होने का आरोप लगाया और कहा कि उसने प्रशिक्षण और लक्ष्य चयन में मदद की थी। दो पाकिस्तानी प्रवासियों, अमेरिकी डेविड हेडली और कनाडाई तहव्वुर राणा ने भी अमेरिकी अदालतों में स्वीकार किया है कि उन्होंने लश्कर-ए-तैयबा को मुंबई नरसंहार की योजना बनाने में मदद की थी और आईएसआई ने इसमें अहम भूमिका निभाई थी। दोनों को दोषी ठहराया गया था, और हमले की तैयारी के लिए मुंबई की उनकी टोही यात्राओं का वित्तपोषण आईएसआई ने किया था। लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों में से एकमात्र जीवित बचे अजमल कसाब को इस सप्ताह भारत में उसके अपराधों के लिए फांसी दे दी गई। उसने समूह में शामिल होने और हमले के लिए पाकिस्तान स्थित उसके शिविरों में प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात स्वीकार की। उसने इस ऑपरेशन की योजना बनाने में लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ नेतृत्व को भी शामिल किया। लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक और नेता हाफिज सईद अभी भी पाकिस्तान में फरार है और बड़ी-बड़ी रैलियों में भारत, अमेरिका और इज़राइल की खुलकर आलोचना करता रहता है। वह ड्रोन हमलों की निंदा करता है और पाकिस्तान से अमेरिका से संबंध तोड़ने का आह्वान करता है। पिछले वर्ष सील्स द्वारा अल-कायदा नेता को फांसी दिए जाने के बाद सईद ने उसे इस्लाम का नायक बताया था।सवाल यह है कि यह कब तक चलता रहेगा?

# गीता स्थली कुरुक्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर लेकर किया जाएगा कार्य : मीणा

कुरुक्षेत्र, 20 अगस्त ( सुदेश कुमार ) : कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र के विकास पर विशेष फोकस रखकर सरकार की योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में आमजन की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। बैच 2017 के आईएएस विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को उपायुक्त कुरुक्षेत्र का पदभार संभाला है। उन्होंने पदभार संभालते ही सभी उपमंडल के अधिकारियों से बातचीत कर कुरुक्षेत्र जिले के सभी उपमंडलों के बारे में फीडबैक ली। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के बारे में भी बारीकी से चर्चा की है। इस दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल से भी कुरुक्षेत्र जिले की कानून व्यवस्था के बारे में बातचीत की है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में मारकंडा नदी के आस-पास का क्षेत्र बरसाती पानी से प्रभावित है। इस क्षेत्र में संबंधित उपमंडल के अधिकारी 24 घंटे निगरानी रखेंगे। इन क्षेत्रों पर निगरानी रखकर लोगों की दिक्कतों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उपायुक्त



ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में केन्द्र और राज्य सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही है, उन योजनाओं को निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस जिले में जितनी भी योजनाएं किसी ना किसी कारण से लंबित है उन्हें भी तेजी के साथ पूरा किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को सरकार पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने की योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है। इस क्षेत्र को विश्व स्तरीय पर्यटन क्षेत्र बनाने में प्रशासन की तरफ से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक समाधान शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का लोगों को फायदा उठाना चाहिए, क्योंकि एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी बैठते है और हर प्रकार की समस्या का समाधान भी करते है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम थानेसर शाश्वत सांगवान, एसडीएम पिहोवा अभिनव सिवाच, एसडीएम पंकज सेतिया, डीएमसी अमन कुमार, नगराधीश आशीष कुमार, डीआरओ चेतना चौधरी, डीआईपीआरओ डा.नरेन्द्र सिंह, एआईपीआरओ बलराम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस सेवादल ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनाई जयंती, किया उन्हें याद





करनाल, 20 अगस्त ( संदीप रोहिला ) : कांग्रेस सेवादल ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई। राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। जिला प्रधान अनिल शर्मा व ग्रामीण प्रधान मदन राणा ने कहा कि राजीव गांधी एक ऐसा नाम जिसने न सिर्फ देश पर राज किया बल्कि लोगों के दिलों पर भी अपनी हुकूमत कायम रखी। पूरा देश राजीव गांधी की जयंती मना रहा है। राजीव गांधी 19वीं सदी में 21वीं सदी के भारत का सपना देखने वाले लोगों में शामिल थे। भले ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी लोग उन्हें उनके बुलंद हौंसलों के लिए याद करते हैं। इसके बाद आईटीआई पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता सैनानी बाबू मूल चंद जैन की जयंती मनाई। उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव बलजीत चौहान, संगठन सचिव ईशम सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव जितेंद्र पांचाल, जिला कोर्डिनेटर जयनारायण, जिला प्रवक्ता दीपक चौधरी, जिला महासचिव गुरमीत सिंह, जिला महामंत्री सुरेंद्र डाकवाला, सलाहकार अशोक जैन, सचिव सतपाल पूंडरक, सोनिया ब्रिगेड अध्यक्ष सुनीता रानी, जिला मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, महासचिव बिंदर पोसवाल, इंद्री ब्लॉक प्रधान श्रवण प्रधान, परमजीत सरपंच, गुरविंद्र कौर व रणधीर नरवाल मौजूद रहे।

# कॉलेज की 13 स्वयंसेविका छात्राओं ने हरियाणा से कश्मीर तिरंगा यात्रा मे लिया भाग

लाडवा, 20 अगस्त ( राम गोपाल ) : इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा धनोरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और मीडिया छात्र संगठन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज की ओर से 13 स्वयंसेविका छात्राएं हरियाणा से कश्मीर तिरंगा यात्रा-2025 में शामिल हुई और इस आठ दिवसीय यात्रा को पूर्ण कर वापिस कुशलतापूर्वक लौट आने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने सभी स्वयंसेविकाओं का स्वागत करते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 का दिन हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि इस दिन हमारा देश गुलामी से आजाद हुआ



था। इसलिए यह दिन सभी भारतवासियों के लिए एक बहुत बड़ा महत्व रखता है, और हमारे लिए यह और भी बड़े गौरव की बात इसलिए भी है, क्योंकि इस अवसर पर हमारे कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई की छात्राओं ने इस तिरंगा यात्रा-2025 में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि यह कॉलेज मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र लाडवा का एकमात्र डिग्री कॉलेज है, इसलिए हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का इस कॉलेज के ऊपर विशेष स्नेह और सहयोग हमें प्राप्त है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा जैसे आयोजनों से युवाओं में एकता एवं देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलता है। इसके साथ-साथ इन छात्राओं को इस भ्रमण के दौरान भारत के अनेक ऐतिहासिक स्थानों को देखने का अवसर भी प्राप्त हुआ। इस तिरंगा यात्रा में भाग लेने से समाज में नारी के सशक्तिकरण का संदेश भी सशक्तरूप से पहुँचा।

इस अवसर पर पूर्व एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार ने सभी छात्राओं को सफल तिरंगा यात्रा पूर्ण होने कि बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के अवसर बहुत कम विद्यार्थियों को अपने शिक्षा काल में मिल पाते हैं। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा, धनोरा की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा नैन्सी को बतौर टीम लीडर भी चुना गया था। सभी छात्राओं ने कश्मीर में तैनात हमारे फौजी भाइयों के लम्बे व स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए एक रक्षा सूत्र संदेश भी लिखा था, जो इन फौजी भाइयों के देश के लिए दी जा रही उनकी सेवाओं और उनके बलिदान के प्रति एक सम्मान का प्रतीक रहा। यह यात्रा रोहतक से शुरू होकर पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, लाडवा, यमुनानगर, पंचकूला, चंडीगढ़, खटकड़ कला, जम्मू, अन्नतनाग, श्रीनगर, अमृतसर से होते हुए पुन: रोहतक में आकर पूर्ण हुई। इस अवसर पर डॉ. सुमन सिवाच, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रही।

# डेंगू से बचाव के लिए साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यान : डी.सी

करनाल, 20 अगस्त ( सोनी दुआ ) : डी.सी उत्तम सिंह ने जनता का आह्वान किया है कि वे आसपास व घरों के अन्दर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में मक्खी-मच्छर पनपते हैं जिन्हें रोकने के लिए साफ सफाई का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि मलेरिया फैलाने वाले मच्छर रुके हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं, जबकि डेंगू फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पैदा होते हैं। सभी व्यक्ति पानी की टंकियों को समय-समय पर अच्छी तरह साफ करके पूरी तरह ढक कर रखें। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि डेंगू होने पर अचानक तेज बुखार; खासकर कुछ दिन बाद कम होकर फिर से तेज बुखार आना, तेज सिर दर्द, खासकर आंखों के पीछे जोकि आंखों को घुमाने से बढ़ता है, मांसपेशियों, हड्डियों तथा जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी, थकान होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। इनमें से कोई भी लक्षण होने पर तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें और जांच करवाएं। चिकित्सक की सलाह से ही दवा खाएं। उन्होंने बताया कि घर के आस-पास सफाई रखें, घरों के अन्दर व आस-पास के गड्ढों में पानी एकत्रित न होने दें। यदि कूलर प्रयोग में नहीं लाया जा रहा है तो उसमें पानी एकत्रित न होनें दें। फ्रिज के नीचे रखी हुई पानी एकत्रित करने वाली ट्रे को भी प्रतिदिन खाली कर दें। गड्ढों को मिट्टी से भर दें। रुकी हुई नालियों को साफ रखें ताकि उनमें पानी ठहर न सके और मच्छरों को पनपने का मौका न मिल पाए। हर रविवार शुष्क दिवस ( ड्राई डे ) मनाएं।

# मां के नाम पर लगाए गए पौधों को संतान की तरह पालें : प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान

कुरुक्षेत्र, 20 अगस्त ( सुदेश कुमार ) : श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय परिसर व पुरुष छात्रावास में बुधवार को 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत एनएसएस यूनिट द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान व कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने स्वयं पौधे रोपित कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों से भी पौधारोपण कराया गया, जिससे परिसर हरे-भरे भविष्य की ओर बढ़ा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि पौधे जीवन के लिए अमूल्य धरोहर हैं। जिस प्रकार मां हमें जीवन देती है, उसी प्रकार पौधे हमें शुद्ध हवा, फल, छाया और जीवनदायिनी ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे और आने वाली पीढ़ियों को भी शुद्ध हवा मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पौधों की सुरक्षा और



देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपनी मां के नाम पर लगाए गए पौधों को संतान की तरह पालें और उनका संरक्षण करें। वहीं, कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवनदायिनी हैं। यदि हम मां के प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहते हैं तो सबसे अच्छा तरीका है कि उनके नाम पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि पौधों का संरक्षण सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और संस्कार का प्रतीक भी है। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, एनएसएस यूनिट के कोऑर्डिनेटर डॉ. पीसी मंगल, प्रोग्राम इंचार्ज डॉ. सुरेंद्र सहरावत, पुरुष छात्रावास के वार्डन डॉ. कृष्ण कुमार, एपीआरओ नरेंद्र शर्मा ने भी परिसर में औषधीय एवं छायादार पौधे लगाए गए, जिससे विश्वविद्यालय का वातावरण और अधिक हरा भरा होगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया और पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

# सेफ सिटी टीम ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी में किया छात्र/छात्राओं को जागरूक



यमुनानगर, 20 अगस्त ( दिनेश कुमार ) : पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीम द्वारा छात्र/छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में पुलिस महानिरीक्षक अंबाला मंडल पंकज नैन के दिशा निर्देशानुसार व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के नेतृत्व में एक स्पैशल टीम का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी कड़ी में कार्य करते हुए बुधवार 20 अगस्त को सेफ सिटी की टीम ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकारी दी। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम के निरीक्षक मनोज कुमार व एएसआई नीलम ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें।

महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सेफ टीम ने छात्राओं को दुर्गा शक्ति व डायल-112 की ट्रिप मोनिटरिंग सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम ने सडक सुरक्षा तथा साईबर अपराधों बारे भी जागरुक किया।

# संचार क्रांति के जनक थे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी : शमशेर सिंह गोगी

असंध, 20 अगस्त ( दलसिह मान ) : कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती सालवन रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई। पूर्व विधायक शमशेर गोगी व कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक थे। पंचायती राज



व्यवस्था में महिलाओं को भागीदारी बढ़ाने, 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार देने, देश में संचार क्रांति की शुरूआत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए राजीव गांधी का विशेष योगदान रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस नेत्री एडवोकेट सोनिया बोहत ने कहा कि राजीव गांधी आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने देश को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। पूर्व चेयरमैन सुरजीत राणा ने कहा कि देश में कंप्यूटर युग की शुरुआत राजीव गांधी की देन है। उनके कार्यों को आज भी देशवासी याद करते है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरजीत राणा, पूर्व सिटी प्रधान जितेन्द्र चोपड़ा, युवा अध्यक्ष जतिन बिंदल, पार्षद संदेश जिंदल, युद्धवीर पहलवान, मुनीष सिंगला, सुरेन्द्र गुप्ता, रामपाल गोयल, राजेंद्र राणा, रमेश ठरी व नरेंद्र मल्होत्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# साहा में विधायक पूजा चौधरी ने खुद भरे गड्ढे, सरकार पर बरसीं



साहा, 20 अगस्त ( रवि पाहुजा ) : मुलाना विधायक पूजा चौधरी ने मंगलवार को साहा गोलचक्कर पर स्वर्गीय राजीव चौधरी के जन्मदिवस पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ साहा चौक पहुँचीं और यहां टूटी हुई सड़कों के गड्ढे भरने का कार्य शुरू किया अपने हाथों से गड्ढे भरते हुए विधायक ने कहा कि साहा क्षेत्र की सड़कें लंबे समय से बदहाल पड़ी हैं। बरसात में जलभराव से स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बार-बार शिकायतों और मांगों के बावजूद सड़क सुधार पर कोई ध्यान नहीं दे रही। यह जनता के साथ सीधा अन्याय है विधायक ने निशाना साधते हुए कहा कि जब सरकार अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करती, तब जनता और जनप्रतिनिधि मजबूरी में खुद जिम्मेदारी उठाने पर विवश हो जाते हैं उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएँ देना सरकार का पहला दायित्व है, लेकिन साहा क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी विधायक का साथ दिया और गड्ढे भरने के कार्य में सहयोग किया कार्यकर्ताओं ने भी सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता को केवल आश्वासन मिल रहे हैं, हकीकत में कोई काम नहीं हो रहा पूजा चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की समस्याओं को लेकर हमेशा सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने हक के लिए आवाज उठाएं और विकास की लड़ाई में साथ दें मौके पर स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और उन्होंने विधायक के इस कदम का स्वागत किया। लोगों ने कहा कि प्रशासन को विधायक से सबक लेना चाहिए और जल्द से जल्द सड़क सुधार का काम शुरू करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री अपने परिवार विधानसभा लाडवा के हर दुख सुख में खड़े हैं साथ : सुमन सैनी

लाडवा, 20 अगस्त ( राम गोपाल ) : हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विधानसभा लाडवा को विशेष दर्जा दे रहे हैं। विधानसभा लाडवा मुख्यमंत्री का अपना परिवार है, यहां पर होने वाले हर दुख सुख में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक परिवार सदस्य के तौर पर हमेशा साथ खड़े हैं और हमेशा खड़े रहेंगे। विधानसभा के लोगों का मुख्यमंत्री व उनके कार्यालय की तरफ से पूरा सहयोग किया जा रहा है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित ऐच्छिक अनुदान सहायता राशि के चैक वितरण समारोह में बोल रही थी। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने पांच परिवारों को 7.80 लाख रुपए के चैक वितरित किए। बरोट निवासी अशोक कुमार को शॉर्ट सर्किट से घर पर हुई आगजनी से नुकसान की भरपाई के तौर पर 5 लाख रुपए व अन्य परिवारों को आर्थिक सहायता और उच्च शिक्षा के लिए 50 हजार व 80 हजार वितरित की। हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शपथ लेते ही अपनी विधानसभा के सभी गांवों का सर्वे करवाया। इस दौरान



जो व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर है और उसके परिवार में आमदनी का कोई साधन नहीं है। ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया, ऐसे लोगों को लगातार स्पेशल अनुदान सहायता राशि के तौर पर चैक वितरित कर रहे हैं। जो परिवार बच गए हैं उनको भी जल्द ही सहायता मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक सहायता के तौर पर जो राशि दे रही है, उसे राशि को परिवार अपने बच्चों को उच्च स्तर की पढ़ाई करवाने में प्रयोग करें, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है और अच्छे राष्ट्र के निर्माण में सहयोग कर सकेगा। केंद्र और प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं को अपनाकर आज का युवा नौकरी के पीछे भागने की बजाय दूसरों को नौकरी देने वाला बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर वर्ग का ख्याल रखते हुए उनकी जरूरत के हिसाब से योजनाओं को बनाकर प्रदेश में लागू किया है। जिसका प्रदेश की जनता को लाभ मिल रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरिंदर सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, गुरनाम सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पोक्सो अधिनियम मामलों में सावधानी जरूरी : अनिल कुमार



यमुनानगर, 20 अगस्त ( दिनेश कुमार ) : हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य अनिल कुमार और श्याम शुक्ला ने पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत मामलों को लेकर नोडल अधिकारी डीएसपी रजत गुलिया के साथ बैठक करते हुए मामलों की समीक्षा के दौरान स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा ने आयोग सदस्यों का विधिवत स्वागत किया वही कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा ने पोक्सो अधिनियम के मामलों की स्थिति की जानकारी दी। आयोग सदस्यों ने सभी थानों के इंचार्ज और मामलों के जांच अधिकारियों को पोक्सो अधिनियम के तहत मामलों की संवेदनशीलता को लेकर एक लघु कार्यशाला में पुलिस की कार्यवाही और कार्य प्रणाली किस प्रकार से होनी चाहिए इसकी जानकारी दी। पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत मामले बेहद संवेदनशील होते हैं इस प्रकार के मामलों में पीड़ित को काउंसलिंग, सपोर्ट पर्सन की सहायता, कंपनसेशन इत्यादि उपलब्ध कराया जाता है। पोक्सो अधिनियम के मामलों में यह सावधानियां जरूरी। पोक्सो अधिनियम में, बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए कई सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। इसमें बच्चे का बयान दर्ज करने, मेडिकल जांच करने और जांच के दौरान बच्चे को सुरक्षा प्रदान करने जैसे पहलू शामिल हैं।

# एसडी मॉडर्न स्कूल में हुआ भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन

हांसी, 20 अगस्त ( मनमोहन शर्मा ) : एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बुधवार को भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें आठवीं व नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भूगोल विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करना तथा उनके सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करना था। प्रतियोगिता में विवेकानंद, गार्गी, सुभाष व सरोजिनी सदन से प्रत्येक टीम से चार-चार प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिन्हें विभिन्न राउंड जैसे प्रारंभिक प्रश्नोत्तरी राउंड, चित्र पहचान राउंड व त्वरित प्रश्नोत्तरी राउंड के माध्यम से परखा गया। इस प्रतियोगिता में विवेकानंद हाउस से साक्षी, गरिमा, तन्वी ढांडा व यश प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर




प्राचार्या ऋतु सिंह ने भूगोल विषय के महत्व को बताया कि ऐसे क्विज न केवल ज्ञान वर्धन करते हैं बल्कि टीमवर्क और त्वरित निर्णय क्षमता को भी विकसित करते हैं। एनईपी 2020 की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को तकनीकी शिक्षण व कार्येत्तर गतिविधियों द्वारा प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त होता है। जिससे उनके मस्तिष्क पर अमिट छाप रह जाती है, इस सारे कार्यक्रम का संचालन भूगोल अध्यापिका एचओडी सोशल साइंस सुमन झाम्ब, रेनू शर्मा व शिखा मेहता की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रबंधन समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने विजेता टीम को हार्दिक बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधन समिति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत व वचनबद्ध है।

## तेरी मुरली बजी राधा संग गोपियां चली भजन पर झूमे श्रद्धालु



**शाहाबाद मारकंडा, 20 अगस्त ( रूबी ) :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण मंदिर सभा द्वारा आयोजित 4 दिवसीय सत्संग की लड़ी में दूसरे दिन के संकीर्तन में दिल्ली से श्री राधा नाम रसिक मनीष चौहान व दीपेश सुनेजा ने भगवान श्री कृष्ण के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए। भजन संध्या का आरंभ रोहित वधवा, संजीव आहूजा, विक्रांत अरोड़ा, विकास कोहली, अमित गंभीर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रसाद सेवा समाजसेवी सुरिंदर अरोड़ा की ओर से की गई। इस अवसर पर सभा के चेयरमैन ढूंढराज आनंद, उपप्रधान राज कुमार चुघ, वेद गगनेजा, कोषाध्यक्ष सुशील शर्मा, सचिव संजीव सचदेवा, प्रैस प्रवक्ता रवि शर्मा, अनिल सचदेवा, पंकज बुद्धिराजा, हरीश विरमानी, नवनीत सचदेवा, गोल्डी अरोड़ा, अमित गंभीर, शिवम शर्मा सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खंड के गांव गोळी में निकाला कैंडल मार्च



**मूनक, 20 अगस्त ( जय भगवान ) :** खंड मूनक के गांव गोळी में मंगलवार को शाम के समय मनीषा मामले में कैंडल मार्च निकाला। जिसमें गांव वासियों के हाथ में मोमबत्ती और हाथ में तख्ती जिस पर लिखा हुआ था मनीषा को न्याय दो। न्याय दिलाने के बारे में सरकार से मांग कर रहे बच्चे व युवा नारे लगाते हुए गलियों में कैंडल मार्च निकाला। इस मौके पर उमेद सिंह, मास्टर जगबीर, दीपक तूर, नरेश नैन, नवीन टॉक, अमित, गौतम, अमन व सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आर्य कन्या गुरुकुल पाढ़ा की खो-खो टीम ने ब्लॉक स्तर प्राप्त किया पहला स्थान



**मूनक, 20 अगस्त ( जय भगवान ) :** ब्लॉक स्तर पर चल रहे स्कूली छात्रों के खेलों में आर्य कन्या गुरुकुल पाढ़ा ने ब्लॉक स्तर पर अंडर 11 खो-खो टीम प्रथम स्थान पर हासिल कर अपनी जीत दर्ज कराई। जिसकी खुशी में गुरुकुल में लड़कियों को कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रधान सुभाष साध ने बच्चों को हौसला बढ़ाई के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी और कहां की लड़कियां भी खेलों में अब पीछे नहीं है। लड़कियां अपने स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन करती है। हम लड़कियों व लड़कों में कोई भेद नहीं है। हमें लड़कियों की शिक्षा के साथ-साथ उन्हें खेल पौधों में भी सहयोग देना चाहिए। इस दौरान प्रिंसिपल अजमेर सिंह पात्रू, सुनीता कोच व स्कूल के कमेटी के सदस्य शामिल रहे।

## सद्भावना दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में चेतना ने पाया प्रथम स्थान

**कुरुक्षेत्र, 20 अगस्त ( सुदेश कुमार ) :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कुरुक्षेत्र में सद्भावना दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन व उप प्रधानाचार्य गुरप्रीत सिंह के सानिध्य में रामकुमार शर्मा (प्रभारी वर्ग अनुदेशक) की अध्यक्षता में किया गया। मंच का संचालन युवराज के द्वारा किया गया। छात्र / छात्राओं के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें छात्र / छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता का अवलोकन संस्थान के अनुभवी अनुदेशक जगबीर सिंह, अंकुश नांदल व ममता द्वारा किया गया, इसमें चेतना ने प्रथम, निखिल ने द्वितीय एवं चेष्टा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सद्भावना दिवस हर साल 20 अगस्त को मनाया जाता है, जो पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, शांति और सौहार्द को बढ़ावा देना है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्रों को राष्ट्रीय एकता और सद्भावना के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया। इस तरह के आयोजनों से छात्रों में सकारात्मक सोच और सामुदायिक भावना को बढ़ावा मिलता है।

## मामा के घर आ रहा 23 वर्षीय युवक लापता

**मूनक, 20 अगस्त ( जयभगवान ) :** गांव पाढा में अपने मामा के घर आ रहा एक युवक बिना बताए कहीं चला गया। जगदीश निवासी पाढा ने मूनक थाना में शिकायत दी कि उसका भांजा प्रदीप निवासी गुरुद्वारा तरावड़ी के पास आयु लगभग 23 वर्ष जो 9 अगस्त को पाढा से बिना बताए कहीं चला गया। वह अब तक वापस नहीं आया। जिसकी हमने अपने तौर पर काफी तलाश की जिसका कोई पता नहीं चला। इसके बारे में पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज कर खोजबीन जारी कर दी।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**करनाल, 20 अगस्त ( संदीप रोहिला ) :** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती के अवसर पर आज करनाल कांग्रेसजनों ने निर्मल कुटिया चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर एकत्र होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी उपस्थितजनों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से भारत को आधुनिक युग की दिशा में अग्रसर किया। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाकर लोकतंत्र को गांव-गांव तक पहुंचाया और युवाओं को राजनीति व समाज सेवा से जोड़ने का कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति की नींव रखकर राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी का सपना दिखाया।






उनका जीवन और बलिदान देश की एकता, अखंडता व शांति के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। आज देश को फिर से राजीव गांधी जैसी सोच और नीतियों की आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान और भाईचारे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिला शहरी अध्यक्ष पराग गाबा, ग्रामीण अध्यक्ष राजेश वैद्य, पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, डॉ. नवजोत कश्यप, युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष राजत लाठर, सुमित मधन, सूरज लाठर, अशोक डबरा, कृष्ण बसताड़ा, राजेश चौधरी, नाहर सिंह संधू, डॉ. संजय सोनी कुटेल, जोगिंदर वाल्मीकि, इंदरजीत गोराया, ओमप्रकाश सलूजा, अनिल शर्मा, बिंदर पोसवाल, सतीश बलीहार, दीपक चौधरी, कांग्रेस महिला नेत्री गुरविंदर कौर, जिला पार्षद सचिन बुढ़नपुर, पार्षद अमित बराना, पार्षद सुनील कौशिक अरडाना, पार्षद रामफल, पूर्व पार्षद विनोद तितोरिया, अशोक दुग्गल, जसबीर पत्रू, राजकिरण, रविन्द्र बल्ला, मनिंदर सिंह, बसंत राणा, जसबीर गोंदर, गुलाब सिंह चौहान, बजिंद्र खोखर सहित अनेक कांग्रेसजन और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे स्व. राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलते हुए देश की प्रगति, सामाजिक सद्भाव और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

# ट्रांसफार्मर का टूटा पोल दे रहा हादसे को निमंत्रण, अधिकारी नहीं उठा रहे कोई कदम

**निसिंग, 20 अगस्त ( जोगिंद सिंह ) :** विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा आये दिन आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। विभाग की नींद तब खुलती है। जब कोई बड़ी घटना हो जाती है। घटना से पूर्व लाख कोशिशों के बावजूद भी विभाग अधिकतर मामलों में जागरूक नहीं हो पाता है बिजली आज मनुष्य के लिये अत्यंत आवश्यक है। जिसके बिना मनुष्य एक पल भी नही रह सकता किन्तु कभी-कभी विभागीय लापरवाही किसी की भी जान ले सकती है। आये दिन टूटे पोल,बिजली की खुली तारो के द्वारा अनेक दुर्घटना होती रहती है। जिसके कारण मानव हो या जानवर अपनी जान से हाथ धो बैठता है। ऐसी लापरवाही और किसी से नही होती इसका कारण बिजली विभाग होता है जोकि दुर्घटना वाले स्थानों को जानबूझकर ठीक नही करता। गांव प्रेम खेड़ा में मंदिर के नजदीक रखे ट्रांसफार्मर का एक पोल दो जगह से काफी दिनों से टूटा हुआ है। पोल के अंदर से बजरी निकली हुई हैं। लेकिन पोल को बदलने के लिए संबंधित विभाग कोई तत्परता नहीं दिखा रहा है टूटे हुए पोल से हर समय हादसे का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी हमारी बात नहीं सुन रहे। इसका समाधान करने के लिए कर्मचारी व अधिकारी सुस्त नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर हर समय कोई बड़ा हादसा होने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि जेई यहां पर आया था और यहां पर एक पोल





भी आया हुआ है लेकिन उसे पोल को आज तक भी बदल नहीं गया। ग्रामीणों ने जेई पर आरोप लगाया कि जेई पैसों की डिमांड कर रहा था, पैसे नहीं दिए तो पोल भी नहीं बदल गया। पर लगता है कि बिजली विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। जो यह ठीक करने की जगह चुप्पी साधे बैठे हैं। वहीं बिजली की केवल घरों के आगे से गुजर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गेट के अंदर ट्रैक्टर व गाड़ी भी नहीं जा सकती क्योंकि बिजली की यह केवल ढीली हो गई है। हमारे लिए यह भी जी का जंजाल बनी हुई है। हाई वोल्टेज बिजली की केवल गेट के आगे नीचे लटक हुई है। जिसमें हमेशा हादसे का डर बना रहता है।

**कभी भी बडे हादसे को दे सकता अंजाम**

ग्रामीणो का कहना है कि खंभा जमीन और ऊपर दो जगह से टूटा पड़ा है, केवल स्वीच के सहारे ही टिका हुआ है। इससे बिजली के तारों का भी टूटने का खतरा बना हुआ है। इससे कभी भी बढ़ा हादसा हो सकता है। ट्रांसफार्मर का टूटा हुआ पोल मुख्य मार्ग पर है। इस मुख्य मार्ग पर रोजाना गांव के निवासियों का आवागमन होता है। जो कभी भी बड़े हादसे को निमंत्रण दे सकता है। पेड़ से घिरा बिजली ट्रांसफार्मर हादसे को न्यौता दे रहा है। यह ट्रांसफार्मर काफी समय से पेड़ों की टहनियों से घिरा हुआ है। जब भी आंधी चलती है तब ट्रांसफार्मर में आग की चिंगारियां उठती है। जिसके कारण कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। बावजूद इसके बिजली विभाग पेड़ की झाड़ियों की कटाई को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस संबंध में जब एसडीओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर के पोल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। जिसकी वजह से वह पोल टूट गया था। जिसकी एफआईआर भी दर्ज है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में खम्भों व टांसफार्मर पर बेल चढ़ जाती है लेवर पेड़ों की टहनियों व बेल उतारने का कार्य कर रही है। आज ही हैड़ा भेजकर पोल को बदलवाया जाएगा ओर पेड़ की टहनियों की भी कटिंग करवा दी जाएगी जो केवल नीचे लटक रही है उसको भी ठीक करवाया जाएगा। **-किस्मत स्योकद, एसडीओ बिजली विभाग निसिंग**

# 14.36 लाख रुपये होगा जोगिंद्र नगर के श्रीराम पार्क का विकास व नवीनीकरण, मेयर ने किया शिलान्यास

**यमुनानगर, 20 अगस्त ( दिनेश कुमार ) :** नगर निगम द्वारा 14.36 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर तीन के जोगिंद्र विहार स्थित श्रीराम पार्क का विकास व नवीनीकरण किया जाएगा। बुधवार को मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड नंबर तीन के पार्षद जयंत स्वामी व भाजपा के अन्य नेताओं की उपस्थिति में इस विकास कार्य का शिलान्यास किया। पार्क के विकास व नवीनीकरण से उसकी सुंदरता बढ़ेगा। सौंदर्यीकरण व नवीनीकरण से नेहरू पार्क जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आरामदायक सैर का आनंद मिलेगा। पार्क में आकर्षक पाथवे, बैठने की व्यवस्था, हरियाली बढ़ेगी व लैंडस्केपिंग का कार्य किया जाएगा। पार्क के नवीनीकरण व विकास कार्य का शिलान्यास करने पर क्षेत्र के लोगों ने मेयर सुमन बहमनी का आभार जताया। मेयर सुमन बहमनी ने निगम अधिकारियों व एजेंसी के ठेकेदार को जल्द से जल्द गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखकर विकास कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि जोगिंद्र विहार स्थित श्रीराम पार्क क्षेत्र का भव्य और सुंदर पार्क बनेगा। इसकी सुंदरता बढ़ाने के लिए इसमें अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। पार्क के सौंदर्यीकरण व नवीनीकरण



के कार्य होने से इसकी सुंदरता को और बढ़ाया जाएगा। इसके लिए पार्क में सैर करने के लिए आकर्षक पाथवे, बैठने के लिए सुंदर बेंचों की व्यवस्था होगी। हरियाली को बढ़ाया जाएगा। जहां घास नहीं है, वहां घास लगाया जाएगा। फूलों के पौधे रोपित किए जाएंगे। पार्क में लाइट लगने से रात के समय भी नागरिकों को सुंदर व सुरक्षित माहौल मिल सकेगा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हमारा प्रयास शहर को सुंदर, स्वच्छ व सुरक्षित माहौल देना है। शहर के सभी पार्क सुंदर व हरे भरे बनाए जा रहे है। आमजन से अपील है कि वे पार्कों की सुरक्षा बनाए रखें। पार्कों में गंदगी न फैलाए। फूलों को न तोड़े। पार्क में यदि ऐसा कर रहा है तो आमजन उसका विरोध करें और ऐसा करने से रोके। उन्होंने कहा कि हमारा शहर पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। जल्द ही शहर में हमीदा हैड के पास नौ एकड़ जमीन में सुंदर और भव्य पार्क बनाया जाएगा। बाड़ी माजरा पुल से फतेहपुर पुल तक पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट बनाया जाएगा। जिससे हमारा शहर पर्यटन हब के रूप में उभरकर सामने आएगा। शहर के सभी पार्कों को सुंदर बनाया जा रहा है। क्षेत्रवासियों से अपील है कि वे अपने आसपास के पार्क को गोद लेकर उसके रखरखाव का कार्य करें। एसोसिएशन को नगर निगम द्वारा पार्क रखरखाव खर्च दिया जाएगा। मौके पर पार्षद जयंत स्वामी, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह मट्टू, भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जगाधरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी, ओमपाल, सुनील तेलीपुरा, पूनम गुप्ता, प्रताप वर्मा आदि मौजूद रहें।


# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन से लें प्रेरणा : डॉ. चौहान

**नीलोखेड़ी, 20 अगस्त ( सुरेश कुमार मिड्डा ) :** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत विभागीय कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील मेहता द्वारा निदेशक का स्वागत एवं प्रतिभागियों से परिचय के साथ हुआ। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खंड एवं जिला स्तर के कर्मचारियों ने अपने फील्ड अनुभव और सफलता की कहानियाँ साझा की, जिनसे अन्य प्रतिभागियों को प्रेरणा मिली। अपने संबोधन में डॉ. चौहान ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, कार्यों और विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की। भारतीय जनसंघ के संस्थापक महामंत्री और अपने दौर के मौलिक चिंतक एवं विचारक पंडित उपाध्याय को उन्होंने तपस्वी सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में स्मरण किया। उन्होंने कहा कि पंडित जी ने भारत की प्राचीन चिंतन धारा से श्रेष्ठ तत्वों को संकलित कर एकात्म मानव दर्शन का वैचारिक अधिष्ठान तैयार किया, जो नए भारत के निर्माण के लिए मार्गदर्शक है। डॉ. चौहान ने कहा कि वर्तमान में केंद्र और हरियाणा की सरकारें पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय की सोच और एकात्म मानव दर्शन को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे भी इस दर्शन को आत्मसात करें, क्योंकि केवल आयातित विचारों के आधार पर भव्य भारत का निर्माण संभव नहीं है।



कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों (SHGs) की सफलता पर भी चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने बताया कि हरियाणा के विभिन्न जिलों में ये समूह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं और वित्तीय समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आज हजारों महिलाएँ इन समूहों के माध्यम से स्वरोजगार अपना रही हैं, अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं और सामाजिक स्तर पर सशक्त हो रही हैं। कुछ प्रतिभागियों ने प्रेरक कहानियां भी साझा कीं—जैसे महेंद्रगढ़ जिले के एक समूह ने सिलाई-कढ़ाई के कार्य से सालाना लाखों रुपये का कारोबार शुरू किया। वहीं, फतेहाबाद की महिलाओं ने दुग्ध उत्पादन और विपणन से अपने गाँव में आर्थिक बदलाव लाया। इन अनुभवों ने साबित किया कि जब महिलाओं को सही मार्गदर्शन और सहयोग मिलता है, तो वे न केवल अपने परिवार को संवारती हैं बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनती हैं। डॉ. चौहान ने इन सफलताओं की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत का जीवंत उदाहरण हैं, जहाँ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने की पहल होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आभार ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य संदीप भारद्वाज, गुरमीत सिंह, जिला करनाल इंचार्ज वीरेंद्र श्योराण, डी पी एम, हिसार, कुलदीप बी पी एम, मूनक, अकरम, डी पी एम नूह, सौरभ अरोड़ा, संजीव कुमार, रजनीश कुमार, महिंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित



**नरवाना, 20 अगस्त ( नरेंद्र सिंहमार ) :** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर विद्यालय स्तरीय विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि प्रतियोगिताओं में कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारी संस्कृति और पहचान की आत्मा है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना प्रबल होती है। इस अवसर पर हिंदी प्राध्यापक दिलबाग सिंह, अध्यापिका सुनीता मौजूद रहे। कक्षा 6 से 8 वर्ग में विजेता, कविता पाठ -अवनी (प्रथम) कक्षा सातवीं ,चित्र देखकर कविता लेखन-विनय (प्रथम, कक्षा छठी, दृश्य घटना वर्णन-प्रतिज्ञा (प्रथम) कक्षा सातवीं चित्र देखकर कहानी लेखन-मुस्कान (प्रथम) कक्षा सातवीं भाषण प्रतियोगिता पिंकी (प्रथम) कक्षा आठवीं व्याकरण प्रश्नोत्तरी-दीपिका (प्रथम) कक्षा आठवीं निबंध लेखन-तमन्ना प्रथम कक्षा आठवीं, कक्षा 9 से 12 वर्ग में विजेता, कविता पाठ-रूहानी दसवीं, वरचित कविता लेखन - सुनैना (प्रथम),स्वरचित,कहानी लेखन-दुर्गा (प्रथम), नारा, लेखन - जानवी (प्रथम) भाषण प्रतियोगिता- दीपिका (प्रथम) व्याकरण अधारित प्रश्नोत्तरी-लक्ष्मी (प्रथम) निबंध लेखन-मनप्रीत (कक्षा 12वीं, प्रथम) विद्यार्थी मौजूद रहे।

## प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए पौधारोपण जरूरी : डा. घुम्मन

**शाहाबाद मारकंडा, 20 अगस्त ( रूबी ) :** रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा पटेल हेल्थ केयर रोड़ शाहाबाद में पौधारोपण किया गया। रोटरी क्लब के प्रधान डा. आरएस घुम्मन ने बताया कि क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कड़ी में आज 320 पौधे लगाए गए। डा. आरएस घुम्मन ने अपने संबोधन में वृक्षों की महत्वता के बारे में बताया कि जिस प्रकार हम अपनी मां का सम्मान करते हैं उसी प्रकार हमें अपनी धरती माता का सम्मान करना चाहिए और कहा कि आज समय की मांग है कि हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाए ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।




डा. घुम्मन ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए पौधे लगाना जरूरी है। प्रोजैक्ट चेयरमैन एसएस खुराना ने कहा कि आज के युग में वृक्षों के महत्व को नकारा जा रहा है और अंधाधुंध वृक्षों की कटाई के कारण आज मनुष्य को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जिससे प्राकृतिक संतुलन बना रहे। इस मौके पर जिला सलाहकार राजकुमार गर्ग, असिस्टेंट गवर्नर डा. एसएस आहूजा, प्रवीण ठकराल, वीरेंद्र ठकराल, प्रितपाल सिंह ढिल्लों, सुरेश गोगिया, एससी सिंगला, महेश गोयल सहित क्लब के सदस्य मौजूद थे।

# गुरु नानक खालसा कॉलेज में नशे के खिलाफ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**करनाल, 20 अगस्त ( संदीप रोहिला ) :** शिक्षा विभाग भारत सरकार एवं माननीय राज्यपाल हरियाणा के निर्देशानुसार गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में नशे के खिलाफ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई, यूथ रेडक्रॉस एवं एन्टी ड्रग कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई, जिसमें 28 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से नशे के नुकसान और उससे बचाव के उपायों का सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल मानसिक और शारीरिक रूप से बल्कि आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी व्यक्ति को हानि पहुंचाता है। कॉलेज में इस प्रतियोगिता का आयोजन एन्टी ड्रग कमेटी के इंचार्ज प्रो. प्रदीप कुमार के निर्देशन में किया गया। प्रो. प्रीति एवं डॉ. अजय ने सहयोग किया, जबकि निर्णायक मंडल में डॉ. बीर सिंह, डॉ. देवी भूषण और डॉ. सोनिया वधावन शामिल रहे। **प्रतियोगिता के विजेता :** बी.सी.ए की छात्रा महक ने प्रथम पुरस्कार, बी.कॉम की छात्रा रणजीत कौर ने द्वितीय पुरस्कार व बी.ए की छात्रा प्राची ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। इस मौके पर विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस आयोजन के लिए प्राचार्य, स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी।



# जल शक्ति अभियान 2025 को लेकर बैठक का आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र, 20 अगस्त ( सुदेश कुमार ) :** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भू राठी ने कहा कि जल शक्ति अभियान 2025 को लेकर 21 अगस्त को सायं 3 बजे पंचायत भवन के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

सीईओ जिला परिषद शम्भू राठी ने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जिला परिषद द्वारा जल शक्ति अभियान-2025 के निर्धारित लक्ष्यों को पोर्टल पर अपलोड करने के लिए इस बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी इस बैठक में अपनी प्रगति रिपोर्ट सहित निश्चित तिथि व समय पर पंचायत भवन सभागार में स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : शेर प्रताप शेरी



**असंध, 20 अगस्त ( दलसिंह मान ) :** करनाल रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में हरियाणा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी व कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। शेर प्रताप शेरी ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में स्वर्गीय राजीव गांधी का बड़ा योगदान रहा है। उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। देश में संचार क्रांति के जनक के रूप में राजीव गांधी जाने जाते रहे है। उन्होंने 18 साल में युवाओं को मतदान का अधिकार दिला कर देश के लोकतंत्र को मजबूत किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने नई-नई टेक्नोलॉजी देकर देश को एक नई ताकत दी। शेरी ने कहा कि आज देश उन्हीं की दी हुई आधुनिक टेक्नोलॉजी से आगे बढ़ रहा हैं। राजीव गांधी ने देश को बुलंदियों तक पहुंचाने का काम किया। इस अवसर पर सुकरमपाल सिंधड, सिराजुद्दीन दूपेडी,जगदीश बैनिवाल, परमजीत सिंह, पंकज राणा, ईश्वर अत्री, वकील अहमद, अनिल राणा, युधिष्ठिर राणा, जस्सा व काला सहित अन्य मौजूद रहे।

# बाबैन में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जयपाल पांचाल की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर की पुष्पांजलि अर्पित




**बाबैन, 20 अगस्त ( राजेश कुमार ) :** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिन पर बाबैन में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जयपाल पांचाल की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रधान राकेश अग्रवाल, रामपाल सैनी, माम चंद प्रजापत, जसमेर सुनारियों, प्रवीण सिंगला, रमेश बांगड, नरेश खुराना व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्व. राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता जयपाल पांचाल ने कहा कि भारत में कम्प्यूटर युग का प्रारंभ राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में हुआ। युवा शक्ति को राजनीति में हिस्सेदारी देने के लिए स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल में ही मतदान करने की आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष की गई। भारत ने राजीव गांधी के नेतृत्व में अभूतपूर्व उन्नति की। पांचाल ने कहा कि राजीव गांधी सभी को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपनी कुर्बानी दी। उन्होंने कहा कि आज देश में साम्प्रदायिक ताकतें सिर उठा रही हैं। प्रत्येक भारतवासी का कर्त्तव्य बनता है कि राजीव गांधी के पदचिह्नों पर चलते हुए इन साम्प्रदायिक ताकतों का कड़ा मुकाबला करें और देश की एकता और अखण्डता कायम रखें।

# शहर के विकास कार्यों पर खर्च होंगे 4 करोड़

## पार्षदों ने सदन में प्रस्ताव पास किए

**नीलोखेड़ी, 20 अगस्त ( सुरेश कुमार मिड्डा ) :** दो घंटे के करीब चली पार्षदों की बैठक में नगरपालिका पार्षदों ने 4 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित किए। बैठक की अध्यक्षता नपाध्यक्ष सनमीत कौर आहूजा ने की। शहर के 14 पार्षदों ने अपने वार्डों में विकास कार्य करवाने के लिए 51 मांगे रखी। ज्यादातर मांगे वार्डों की सड़कें, सीवरेज और सौंदर्यीकरण से संबंधित थी। बैठक में इन मांगों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। मांगों पर 4 करोड़ रुपए के लगभग खर्च आएगा। नपा के पास सफाई कर्मचारियों की कमी है। इस समस्या से निपटने और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए दस लाख रुपए का एक ट्रेक्टर ट्राली तथा राउंडर खरीदने का प्रस्ताव पारित किया गया। आवारा पशुओं को पकड़ने तथा शहर की सफाई व्यवस्था रिक्रेस्ट फार प्रपोजल स्कीम के तहत करवाने के लिए ई टेंडर लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया नपा सचिव राहुल सैनी ने बताया कि सदन में पारित प्रस्तावों को प्रशासनिक सविकृति के लिए भेजा जाएगा। अनुमति मिलने के बाद पारित प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।

# निगम सीमा में मौजूद बूचडखाने 28 अगस्त तक बंद रखने की अपील : अभय सिंह



**करनाल, 20 अगस्त ( परमजीत कौर ) :** बुधवार से 28 अगस्त तक पवित्र पर्युषण पर्व ( जैन महोत्सव ) मनाया जाएगा। इसे लेकर नगर निगम करनाल की ओर से अपील की जाती है कि इस अवधि में निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले बूचडखानों में स्लाटरिंग कार्य न किया जाए। यह जानकारी उप निगम आयुक्त अभय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महानिदेशक शहरी स्थानीय निकाय की ओर से जारी आदेश की अनुपालना में नगर निगम करनाल की ओर से सभी बूचडखाना संचालकों से आगामी 28 अगस्त तक बूचडखानों को बंद रखकर शाकाहारी जीवन शैली अपनाने की अपील की गई है। बता दें कि अगस्त माह में जैन धर्म का प्रमुख त्यौहार पर्युषण पर्व है, जिसे पर्युषण या दश लक्षण पर्व भी कहा जाता है। यह जैन धर्म के श्वेतांबर और दिगंबर, दोनों संप्रदायों के लिए एक महत्वपूर्ण वार्षिक उत्सव है, जिसमें आध्यात्मिक चिंतन, उपवास और क्षमा याचना पर जोर दिया जाता है।

# कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा के बड़े भाई का निधन



**पंचकूला, 20 अगस्त ( सतीश मंगला ) :** कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा के बड़े भाई एवं राज्य सभा सांसद कार्तिक शर्मा के मामा मध्यप्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे चंद्र कुमार भनौत का 85 साल की उम्र में निधन हो गया। चंद्र कुमार भनौत के निधन का समाचार सुनते ही पंचकूला ज़िले के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। ज़िले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता निधन की खबर लगते ही शोक प्रकट करने पार्टी मुख्यालय पंचकमल पहुँचने लगे। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने अपने शोक सन्देश में कहा कि कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा के बड़े भाई का निधन पूरे भाजपा परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। ज़िले का हर कार्यकर्ता शोकसंतप्त है और परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना कर रहा है। अजय मित्तल ने कहा, इस दुःख की घडी में भाजपा परिवार कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा और उनके परिवारजनों के साथ मजबूती से खड़ा है।

# राजकीय बहुतकीनीकी संस्थान की छात्रा वर्षा ने जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

**सोनीपत, 20 अगस्त ( विनोद ) :** राजकीय बहुतकीनीकी संस्थानकी कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की मेधावी छात्रा वर्षा ने जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ( आई.टी.आई ), सोनीपत में किया गया था, जिसमें जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से कुल 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वर्षा की इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें एक प्रशस्ति पत्र ( सर्टिफिकेट ) और 1100 रुपये की नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके लेखन कौशल, विचारों की स्पष्टता और सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। संस्थान के प्राचार्य प्रवेश सांगवान ने छात्रा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। वर्षा की यह सफलता न केवल उसके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह पूरे संस्थान की सकारात्मक और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण को भी दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक चेतना और आत्मविश्वास का विकास होता है, जो उनके उज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होता है। संस्थान परिवार ने वर्षा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी।



# हत्या मामले में दो साल से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**ऐलनाबाद, 20 अगस्त ( ब्यूरो ) :** पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब थाना ऐलनाबाद पुलिस ने हत्या के मामले में दो साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर किया। आरोपी की पहचान सत्री पुत्र सीता राम वासी ऐलनाबाद के रूप में हुई है। ऐलनाबाद थाना के उप निरीक्षक प्रगट सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता गुरपाल सिंह वासी वार्ड नम्बर 5 ऐलनाबाद ने ब्यान दर्ज करवाया था कि जब उसका लड़का वा उसके दोस्त टिब्बी अड्डा ऐलनाबाद के पास पहुंचे तो वहाँ पर पहले से ही खड़े अजय बराड़ वासी ऐलनाबाद व अन्य ने उसके बेटे पर चोटें मारी। इस घटना में शिकायतकर्ता का लड़का गुरमीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी बाद में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना ऐलनाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में अब तक पुलिस 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और मुकदमें का चालान माननीय न्यायालय में पेश किया जा चुका है। वहीं आरोपी सत्री इस वारदात के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। आखिरकार 19 अगस्त 2025 को आरोपी नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जा से वारदात मे प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

# हरियाणा स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में संतनगर के खिलाड़ियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया




**ऐलनाबाद, 20 अगस्त ( ब्यूरो ) :** रोहतक में आयोजित हुई हरियाणा स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप -2025 में गुरदेव इंडोर स्टेडियम संतनगर के खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डबल्स के अंडर -17 आयु वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। दविंद्र सिंह काहलो ने दोनों खिलाड़ियों कोच हरप्रीत सिंह व गुरबचन सिंह को बधाई देते हुए बताया कि रोहतक में आयोजित इस प्रतियोगिता में गुरदेव इंडोर स्टेडियम की ओर से अंडर -17 डबल्स में गुरमन राय व गुरशब्द सिंह ने भाग लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि गुरदेव इंडोर स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर अनेक खिलाड़ी जिला व स्टेट स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। ट्रस्ट के प्रधान हरपिंदर सिंह कूका ने बताया कि गुरदेव इंडोर स्टेडियम में श्री गुरदेव चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 6 कोर्ट बनाए गए हैं, जहां लड़के लड़कियों को अलग-अलग शिफ्टों में बैडमिंटन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है वहीं लड़कियों के लिए निशुल्क बस सुविधा भी शुरू की गई है जो महिला प्रतिभागियों को घर से लाने व प्रशिक्षण के बाद उन्हें घर पर वापस छोड़कर आती है। प्रतिभागियों ने अपनी सफलता का श्रेय कोच हरप्रीत सिंह, गुरबचन सिंह व श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट संतनगर के पदाधिकारियों को दिया।

# राजीव गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेसियों ने लगाया भंडारा



**कुरुक्षेत्र, 20 अगस्त ( सुदेश कुमार ) :** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिन थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा के सुपुत्र हिमांशु अरोड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्मसरोवर स्थित मानव सेवा अन्नक्षेत्र में भंडारे का आयोजन किया गया। जरूरतमंदों को भोजन करवाया गया। इससे पूर्व स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्व. राजीव गांधी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए युवा कांग्रेसी नेता हिमांशु अरोड़ा हन्नी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को एक नई दशा और दिशा दी। उन्होंने कहा कि भारत में कम्प्यूटर युग का प्रारंभ राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में हुआ। युवा शक्ति को राजनीति में हिस्सेदारी देने के लिए स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल में ही मतदान करने की आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष की गई। भारत ने राजीव गांधी के नेतृत्व में अभूतपूर्व उन्नति की। हिमांशु अरोड़ा ने कहा कि राजीव गांधी सभी को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपनी कुर्बानी दी।

अरोड़ा ने कहा कि आज देश में साम्प्रदायिक ताकतें सिर उठा रही हैं। प्रत्येक भारतवासी का कर्त्तव्य बनता है कि राजीव गांधी के पदचिह्नों पर चलते हुए इन साम्प्रदायिक ताकतों का कड़ा मुकाबला करें और देश की एकता और अखण्डता कायम रखें। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, किरमच गांव के सरपंच रणबीर सिंह बूरा, पूर्व जिलापरिषद सदस्य चन्द्रभान वाल्मीकि, जिला परिषद के सदस्य सुरेश वाल्मीकि, युवा कांग्रेसी नेता विवेक भारद्वाज डब्बू, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा गौरी, युवा कांग्रेस के प्रवक्ता नवनीत नरवाल, हीरालाल कपूर, नीलम बड़ोंदा सहित अनेक कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को नमन किया।

# डीएलएसए द्वारा सम्मान से जीवन अधिकार से रक्षा कैंपेन का किया आयोजन



**कुरुक्षेत्र, 20 अगस्त ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्मान से जीवन अधिकार से रक्षा कैंपेन के तहत बुजुर्गों के लिए प्रेरणा वृद्धाश्रम कुरुक्षेत्र, बाबा बंसीवाला वृद्ध आश्रम लाड़वा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रेरणा वृद्ध आश्रम में उद्यान केयर होम के बच्चों को तथा बाबा बंसीवाला वृद्ध आश्रम लाड़वा में जीवनमय बाल आश्रम लाड़वा के बच्चों को आमंत्रित किया गया।

इस कार्यक्रम में बच्चों और वृद्धजनों की आपस में बातचीत करवाई गई, बुजुर्गों ने बच्चों से अपने अनुभव साझा किए। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, कहानी सुनाना, सांस्कृतिक गतिविधियां, ग्रुप सिंगिंग भी करवाई गई तथा देशभक्ति पर आधारित फिल्म बुजुर्गों को दिखाई गई व बच्चों और बुजुर्गों ने मिलकर पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और बुजुर्गों को कानूनी जानकारी के साथ साथ एक अपनापन भी महसूस हो, बच्चों और बुजुर्गों के बीच बातचीत से उन्हें खुशी मिले और बच्चे बुजुर्गों का सम्मान करना सीखें। डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता अमित सहरावत द्वारा वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डीएलएसए के पीएलवीज और लॉ विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

# एआई आधारित एक्स-रे से निदान व जांच प्रक्रिया में आएगी सटीकता और गति : डा. शैलेंद्र ममगाईं

**कुरुक्षेत्र, 20 अगस्त ( सुदेश कुमार ) :** पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली ने कहा कि यह शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से विलियम जे. क्लिंटन फाउंडेशन द्वारा विकसित एक कृत्रिम मेघा आधारित सॉफ्टवेयर, आरआईएस ( रेडियोलॉजिकल सूचना प्रणाली ) पर केंद्रित है।

यह सॉफ्टवेयर एआई-आधारित एक्स-रे की रिपोर्टिंग के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे निदान व जांच प्रक्रिया में सटीकता और गति आएगी। हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हरियाणा के पंचकूला स्थित राज्य टीबी प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र में आज रेडियोलॉजिकल सूचना प्रणाली प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत कुरुक्षेत्र में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण में राज्य के विभिन्न जिलों से एमडी-चेस्ट फिजिशियन, एमडी-मेडिसिन और रेडियोलॉजिस्ट ने भाग लिया। इसका उद्घाटन राज्य टीबी कार्यक्रम प्रभारी एवं राज्य स्वास्थ्य उपनिदेशक डॉ. राजेश राजू ने किया। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिसंबर 2025 तक हरियाणा को टीबी मुक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी, जो प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा को एकीकृत कर रही है, ताकि बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण क्लिंटन फाउंडेशन के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के पूरा होने के बाद, प्रतिभागी एक्स-रे आसानी से पढ़ने में सक्षम हो जाएंगे और उनकी रिपोर्टिंग कर सकेंगे। इस प्रणाली की मदद से क्षय रोग का शीघ्र निदान/जांच और उपचार संभव हो सकेगा, इससे रोग के प्रसार को रोकने और बिना निदान/जांच के होने वाली मौतों को कम करने में मदद मिलेगी।



# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम मे जरूरतमंद बच्चों को किया जाएगा सामान वितरण

**लाडवा, 20 अगस्त ( रामगोपाल ) :** भारत विकास परिषद लाडवा एवं कृष्णा गोयल फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद बच्चों को किया जाएगा सामान वितरण। प्रकल्प प्रमुख डॉ अमृतपाल गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अगस्त को भारत विकास परिषद लाडवा एवं श्रीमती कृष्णा गोयल फाउंडेशन द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विशेष प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक सामग्री पुस्तकें, जूते, वर्दी, स्टेशनरी इत्यादि वितरित की जाएगी। परिषद अध्यक्ष अमन गोयल ने कहा कि परिषद द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए प्रति माह नेत्र जांच शिविर, दंत जांच शिविर, हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे तो शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इस अवसर पर अरविंद सिंहल, समित गर्ग, सुमित बंसल, साहिल सिंगल, तिलक राज गुप्ता, सुभाष जिंदल, सुमित गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सूचना प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में भारत को दिलाई दुनिया में नई पहचान: इन्द्रजीत सिंह गोराया

**करनाल, 20 अगस्त ( संदीप रोहिला ) :** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर बड़ी संख्या में शामिल हुए। विभिन्न वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी की देश के प्रति दी गई सेवाओं को याद किया और उन्हें नमन किया। इस मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैद्य, शहरी प्रधान पराग गाबा, राजेश चौधरी व डॉ. नवजोत कश्यप ने भी अपने विचार रखे। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता इन्द्रजीत सिंह गोराया ने



भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सही अर्थों में आधुनिक भारत के शिल्पकार थे।

उन्होंने देश को सूचना प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में विश्व में सर्वश्रेष्ठ पहचान दी। राजीव गांधी युवाओं के नायक थे, जिन्होंने युवाओं की लोकतंत्र में हिस्सेदारी को स्वीकार किया व वोट की आयु 21 साल से कम करके 18 साल की। जिससे करोड़ों युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित हुई। पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने की मजबूत नींव भी राजीव ने रखी। जिससे देश के विकास में लोकतंत्र की इस प्रथम इकाई को अधिक अधिकार व नई पहचान हासिल हो सकी।

# नवनियुक्त चौकी इंचार्ज रोहतास ने संभाला कार्यभार



**असंध, 20 अगस्त ( दलसिह मान ) :** बल्ला पुलिस चौकी में रोहतास ने चौंकी इंचार्ज का पदभार संभाला। पूर्व चौकी इंचार्ज अश्वनी शर्मा का तबादला सेक्टर 4 चौकी में किया गया है। नए चौकी इंचार्ज रोहतास का स्वागत ग्रामीणों ने गुलदस्ता देकर किया । कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्टाफ से परिचय किया और लंबित मामलों की जानकारी ली । चौकी इंचार्ज ने क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने की अपनी प्राथमिकताएं सांझा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। रात्रि में संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाएगी और तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चौकी इंचार्ज ने स्पष्ट तौर पर कहां की क्षेत्र में किसी प्रकार के नशे की तस्करी नहीं होनी चाहिए । हम सब का दायित्व बनता है कि नशे की सप्लाई करने वालों पर कड़ी नजर रखें । क्षेत्र में अगर किसी जगह नशे आदि की बिक्री होती है तो उन्हें तुरंत सूचित करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को ऐसी सामाजिक बुराई से बचाया जा सके, और जो युवा नशे में संलिप्त है, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

# सद्भावना दिवस पर राजीव गांधी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि

**लाडवा, 20 अगस्त ( राम गोपाल ) :** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती च्सद्भावना दिवसज् पर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा के शिक्षकों और छात्रों के साथ स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



स्कूल प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि पेशे से पायलट, भारत रत्न राजीव गांधी, एक अनिच्छुक राजनेता थे, जो 1984 में अपनी मां, भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारत के प्रधानमंत्री बने।

अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के उपयोग को सुगम बनाया और दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति ला दी। उन्होंने भारत के लोगों के बीच सद्भाव और भाईचारे के लिए अथक प्रयास किया।

वह 1984 से 1989 तक प्रधानमंत्री के पद पर रहे। उन्होंने 1986 में शिक्षा पर राष्ट्रीय नीति पेश की और पूरे भारत में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की।

प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कहा कि उनका जन्मदिन भारत की जनता के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राजबीर शर्मा, पूनम शर्मा, कविता लालर, परमजीत कौर, मोनिका जिंदल, अनुराधा गुप्ता, अमन शर्मा, संजीव मंढ़ाण, दीपक मेहता, शम्मी व अन्य शिक्षकों ने भी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डीएलएसए द्वारा निर्मल धाम वरिष्ठ नागरिक सदन में जागरूकता शिविर आयोजित



**करनाल, 20 अगस्त ( परमजीत कौर ) :** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कैम्पेन सम्मान से जीवन, अधिकार से रक्षा के अंतर्गत जिला के विभिन्न स्थानों पर हैल्प डेस्क लगाकर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को निर्मल धाम वरिष्ठ नागरिक सदन में डीएलएसए द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने वरिष्ठ नागरिकों से बात की और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। सीजेएम डॉ. इरम हसन ने बताया कि कैम्पेन सम्मान से जीवन, अधिकार से रक्षा के तहत जिला के विभिन्न स्थानों पर पैरा लीगल वालंटियर द्वारा हैल्प डेस्क लगाए गए हैं, जिसमें पैरा लीगल वालंटियर पूजा, रिम्पी, सिंदर, सुषमा व निशा द्वारा लोगों व वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को रोजगार के लिए दिया जा रहा ऋण : डीसी

**करनाल, 20 अगस्त ( सुनील कुमार ) :** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। निगम द्वारा एनएसएफडीसी योजना के तहत माइक्रो फाइनेंस स्कीम और टर्म लोन स्कीम चलाई जा रही है। इस स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के परिवारों को अपना स्वयं का कारोबार करने के लिए निगम द्वारा माइक्रो फाइनेंस स्कीम के तहत एक लाख रुपये व टर्म लोन स्कीम के तहत दो लाख रुपये तक ऋण दिया जा रहा है। इच्छुक आवेदनकर्ता निगम की वेब साईट http://www.hscfdc.org.in/ पर 21 अगस्त तक कॉमन सर्विस सेंटर, सरल पोर्टल व जिला कार्यालय से फार्म भरवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस ऋण से व्यक्ति करियाना दुकान, मनियारी दुकान, सीएसी सेंटर, फ्रूट व सब्जी कार्य, बर्तन शॉप, फेरी, ई-रिक्शा, कपड़ा कार्य, मोबाइल रिपेयर, बिजली कार्य/दुकान, ब्यूटी पार्लर, हेयर सैलून, वॉशिंग सेंटर, पेंट की दुकान, कन्फेक्शनरी की दुकान, आटा चक्की व छोटे चावल मिल, कबाड़ी की दुकान, सिलाई की दुकान, फोटो स्टूडियो, जूते की दुकान इत्यादि का कार्य कर सकता है।

उपरोक्त ऋण केसों में निगम द्वारा 50 हजार रुपए तक का अनुदान भी दिया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए 45 वर्ष तक की आयु के वे व्यक्ति जिनकी पीपीपी के अनुसार कुल पारिवारिक वार्षिक आय (ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में) तीन लाख रुपये से अधिक नहीं हो, आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला कार्यालय के दूरभाष नंबर 0184-2271626 पर संपर्क कर सकते हैं।

# एसडीएम ने यमुना का दौरा व किसानों से बातचीत कर लिया स्थिति का जायजा

**सोनीपत, 20 अगस्त ( विनोद ) :** हथिनीकुंड बैराज से यमुना में छोडे जा रहे पानी की स्थिति का जायजा लेने के लिए एसडीएम प्रवेश कादियान ने यमुना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर हर स्थित का जायजा लिया। इस दौरान किसानों ने बताया कि गांव पबनेरा घाट पर पानी के कारण जमीन का कटाव हो रहा है, जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए एसडीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसपर तुरंत एक्शन लेते हुए भूमि कटाव को रोकने का प्रबंध करें ताकि किसानों की भूमि का कटाव न हो। एसडीएम ने कहा कि यमुना में पानी का स्तर अभी समान्य है और किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि जिला प्रशासन हर स्थित पर नजर बनाए हुए है अगर कहीं भी किसी प्रकार की जरूरत पड़ी तो तुरंत संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके बाद उन्होंने गन्नौर क्षेत्र में बनी बेगा घाट तथा अन्य ठोकरों को निरीक्षण किया जा



सहीं पाई गई। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ गांव बड़ी के खेतों में जलभराव तथा गांव दातौली में तालाब ओवरफ्लो की स्थित का जायजा लिया और अधिकारियों को तुरंत पानी निकालने की व्यवस्था करवाने की निर्देश दिए। एसडीएम ने यमुना के साथ लगते गांवों के सरपंचों को निर्देश दिए कि वे गांव में ठीकरी पहरा लगाएं ताकि किसी भी स्थिति पर तुरंत काबू पाया जा सके। इसके अलावा समय-समय पर गांवों में मुनादी करवाए और पानी की स्थिति के बारे में लोगों को जागरूक करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 24 घण्टे अपनी ड्यूटी पर तैनात रहें और हर स्थिति पर पैनी नजर बनाए रखें। इसके अलावा सभी ठोकरों की जांच करते रहें अगर किसी भी किसी प्रकार की मरम्मत की जरूरत पड़ती है तो तुरंत उसकी मरम्मत करवाएं।

# श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में त्रयोदशी का मासिक मेला आज

**पिहोवा, 20 अगस्त ( विवेक ) :** शिव भक्तों को हरिद्वार का गंगाजल उपलब्ध कराने के लिए 25 हजार लीटर क्षमता का नया टैंक किया स्थापित। पिहोवा। श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में मासिक त्रयोदशी का मेला गुरुवार 21 अगस्त को लगेगा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। मंदिर के सचिव एवं व्यवस्थापक महंत विश्वनाथ गिरी ने बताया कि 21 अगस्त को सुबह से लेकर पूरा दिन जलाभिषेक होगा। मंदिर की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भंडारा गृह में भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। इस



दौरान श्रद्धालुओं को मंदिर में ही हरिद्वार से लाया गया शुद्ध गंगाजल भी जलाभिषेक के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। मंदिर सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि गंगाजल को लेकर कंपनी की ओर से 1500-1500 लीटर के दो टैंक स्थापित किए गए थे। जिसके बाद श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इसे बढ़ाकर 6000 लीटर कर दिया गया। अब इसमें 25 हजार लीटर का विशेष टैंक अलग से ऐड किया जा रहा है ताकि सप्लाई निरंतर मिलती रहे। इसे मंदिर के बाहर इंस्टॉल किया गया है। लगभग 30 हजार लीटर शुद्ध गंगाजल मंदिर में अब हर समय उपलब्ध रहेगा। खाली टैंक को गंगाजल से पुन: भरने के लिए भी ऑटोमेटिक व्यवस्था मंदिर की ओर से की जा रही है। टैंक खाली होते ही मोटर के जरिए फिर से इनमें गंगाजल भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि दूर दराज से श्रद्धालु गंगाजल के इस प्रोजेक्ट को देखने के लिए भी पहुंच रहे हैं। सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए 50 नए शौचालय बनाए गए हैं।

पार्किंग एरिया में शेड के पास इन शौचालयों का निर्माण किया गया है। महिलाओं के लिए भी अलग से 20 शौचालय बनाए गए हैं। जबकि 30 पुरुषों के लिए रहेंगे। इनकी साफ सफाई के लिए नियमित रूप से कर्मचारी तैनात रहेंगे। गर्मी से श्रद्धालुओं को राहत दिलाने के लिए स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। जो ठंडे पानी की बारीक फुहार श्रद्धालुओं पर छिड़कते हैं।

# नंगल ढाणी की सड़क समस्या के समाधान के लिए एसडीएम रतिया को सौंपा ज्ञापन

**रतिया, 20 अगस्त ( अमन सेठी ) :** नंगल ढाणी ग्राम पंचायत के निवासियों ने गत दिवस उच्च अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी सड़क की समस्या के समाधान की मांग की थी, लेकिन इस ज्ञापन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में कहा गया है कि नंगल ढाणी बस स्टैंड से ढाणी जम्मू राम तक का रास्ता लगभग 36-37 फीट चौड़ा है,लेकिन वर्तमान में यह सड़क केवल 12-13 फीट की रह गई है। सड़क की माप करवाई गई थी,जिसमें पाया गया कि कुछ लोगों ने सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। ग्राम वासियों ने सड़क को कब्जाधारियों से छुड़वाने और इसे पूर्ण रूप से बनवाने की मांग की है। डिम्पल कम्बोज, अमर पाल, रोशन लाल, लखविंद्र पाल, सुखदेव कुमार, ओमप्रकाश, लक्ष्मण, सुरजीत कुमार, हरिश्चंद्र, किशन चंद, रमेश कुमार, देशराज, रतन पाल, सुरेश कुमार, सरवन कुमार, लाभ चंद, पूर्ण चंद आदि ग्राम वासियों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रशासन को तुरंत



उनकी उक्त समस्या पर संज्ञान लेना चाहिए और सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराकर इसे पूर्ण रूप से बनवाएं। इससे न केवल ग्राम वासियों को आवागमन में सुविधा होगी,बल्कि गांव के विकास में भी मदद मिलेगी। वहीं उक्त ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनकी उक्त समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह लोग इस मामले को लेकर आंदोलन करेंगे।

**क्या कहते हैं बीडीपीओ**

वहीं जब इस बारे में बीडीपीओ हनीष कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि कल ही उक्त सड़क की निशान देही के लिए उनके नेतृत्व में एक टीम गई थी तथा अभी निशान देही अधूरी है निशान देही पूरी करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# रैली को लेकर अभय सिंह चौटाला 25 अगस्त को कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित

**नीलोखेड़ी, 20 अगस्त ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल जयंती पर रोहतक में होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए इनेलो कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव रखे। इनेलो किसान सैल के प्रदेश महासचिव कंवरपाल बुटाना ने बस स्टैंड पर एक निजी होटल में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में वर्कर्स को बताया कि 25 सितंबर की रैली से पूर्व 25 अगस्त को इनेलो सुप्रीमो अभय सिह चौटाला पंजाबी धर्मशाला नीलोखेड़ी में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वह 25 सितंबर की रैली को कामयाब बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को उचित



दिशा निर्देश देंगें। प्रदेश स्तरीय रैली में बड़े बड़े नेता शिरकत करेंगे। इसलिए सभी कार्यकर्ता रैली के लिए ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने के लिए कमर कस लें। उन्होंने कहा कि पार्टी वर्कर के लिए पोस्टर, बैनर लगाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। ज्यादातर वर्कर्स का कहना था कि वर्कर्स इस बात का खास ध्यान रखें कि रैली के दौरान कोई हो-हल्ला नहीं होना चाहिए। इससे माहौल खराब होने के साथ पार्टी की छवि धूमिल होती है।

पार्टी में फैसला लिया गया कि अभय चौटाला का स्वागत 200 मोटर साइकिलों के काफिले के साथ किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता बस स्टैंड से अभय चौटाला को मोटर साइकिलों के काफिले के साथ पंजाबी धर्मशाला में लाएंगे बैठक में जोन वाइज कमेटियां गठित करने का सुझाव पेश किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने नीलोखेड़ी, तरावड़ी, निगदू तथा नीसिग जोन का गठन करके कमेटियां बनाने का सुझाव दिया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जोन वाइज कमेटियां के गठन से काम सुचारू रूप से होगा और अधिक लोगों से संपर्क साधा जा सकेगा। बैठक की अध्यक्षता किसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा व नीलोखेड़ी विधानसभा के प्रभारी यशवीर राणा ने की।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुकेश बरानी ने कहा कि अभय चौटाला पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उचित दिशा निर्देश देंगें। प्रदेश महासचिव रामकुमार ऐबला ने कहा कि 25 सितंबर की रैली से पहले 25 अगस्त को अभय सिंह चौटाला की उपस्थिति वर्कर्स के लिए महत्वपूर्ण है। अभय चौटाला को सुनने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने साथ जोड़ना होगा। बैठक में कृष्ण कुटेल, सुरजीत शामगढ़, तनूजा कश्यप, सोनिया चौहान, ललित नडाना ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# महापौर रेनू बाला गुप्ता ने जन सुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया समाधान

**करनाल, 20 अगस्त ( संदीप रोहिला ) :** महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में बुधवार को आमजन की सुनवाई करते हुए निगम इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सीवरेज चौक या ओवरफ्लो की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया जाए। उन्होंने कहा कि इसे लेकर आमजन को समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इसके लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना होगा। उन्होंने इंजीनियरों को निर्देश दिए कि वाटर सप्लाई, सीवरेज, स्ट्रीट लाईट व सड़कों पर गड्ढा होने जैसी शिकायत आने पर तुरंत एक्शन लिया जाए और उसे समय रहते दुरूस्त करवाया जाए। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं को लेकर शहरवासियों को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी आई.डी. में त्रुटि को दुरूस्त करने के कार्य में तेजी लाई जाए। कोई भी आपत्ति राईट टू सर्विस एक्ट (आर.टी.एस.) से बाहर नहीं जानी चाहिए। निर्धारित समयावधि में ही आपत्ति का निवारण करना सुनिश्चित किया जाए। जन सुनवाई में महापौर ने एक-एक कर नागरिकों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारी को बुलाकर उनकी समस्याओं का निवारण करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए



कि आमजन की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने शहरवासियों से अपील कर कहा कि वे कार्यालय में आते समय अपनी शिकायतें लिखित रूप में लेकर आएं और अपना मोबाइल नम्बर भी अवश्य लिखें, ताकि कार्य होने की फीडबैक भी ली जा सके। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों से भी अपील करते कहा कि वह अपने आस-पास के परिवेश को साफ-सुथरा रखें। नागरिक नालियों, नाले व सीवरेज में सोलिड वेस्ट न जाने दें, ताकि वह चौक न होकर निर्बाध निकासी कर सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व तथा विधायक जगमोहन आनंद के मार्गदर्शन में करनाल शहर में अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे है, जिनसे शहरवासियों को सुविधाएं मिल रही हैं। इस दौरान वार्ड पार्षद भूतेन्द्र नौतना, मुकेश अरोड़ा, ईश कुमार गुलाटी व अमृत लाल जोशी तथा निगम के तकनीकी विशेषज्ञ सतीश शर्मा मौजूद रहे।

# मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल ने एक बार फिर से खेल क्षेत्र में रचा इतिहास

**रतिया, 20 अगस्त ( अमन सेठी ):** मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल रतिया ने एक बार फिर से खेल क्षेत्र में रचा इतिहास। ज्ञात रहे कि हरियाणा सरकार शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय से शूटिंग प्रतियोगिता जिला स्तर पर विद्यालय के दो छात्रों मनकरन तथा स्पर्श आनंद ने राइफल शूटिंग 10 मीटर में जिला स्तरीय प्रतियोगिता को अपने नाम करके राज्य स्तर के लिए दोनों छात्रों ने अपना नाम दर्ज करवाया है। विद्यालय छात्र मनकरन ने जिला स्तर प्रतियोगिता जिसका आयोजन ऋग्वेदा इंटरनेशनल स्कूल टोहाना में 16 अगस्त को हुआ में 195 स्कोर करके प्रथम स्थान हासिल किया वहीं विद्यालय छात्र स्पर्श आनंद ने भी अंडर-19 प्रतियोगिता में 10 मीटर राइफल शूटिंग में 190 स्कोर हासिल करके द्वितीय स्थान पर रहा ,दोनों ही मदर इंडिया के छात्र प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे और दोनों अब राज्य स्तर पर अपना दम दिखाएंगे। विद्यालय प्रांगन में प्राचार्य लोकेश खुराना तथा विद्यालय प्रबंधक बसंत लाल बत्रा ने बच्चों को सम्मानित किया। विद्यालय प्राचार्य लोकेश खुराना ने अपने संबोधन में बताया कि आज हर शिक्षण संस्थान को जरूरत है कि वह बच्चों को खेल अवसर अवश्य प्रदान करें ताकि बच्चों में छुपी असाधारण प्रतिभाओं को निखारा जा सके। उन्होंने कहा आज शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं, हमें बच्चों का पथ प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य ने माता-पिता और रतिया वासियों को इस उपलब्धि पर शुभकामना भी दी। इस अवसर पर विद्यालय चेयरपर्सन कनुप्रिया खुराना तथा विद्यालय उप प्राचार्य साक्षी बत्रा भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# जेल लोक अदालत आयोजित, 12 मुकदमों का निपटारा



**करनाल, 20 अगस्त ( सुनील कुमार ) :** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के समक्ष 13 मुकदमे रखे गए जिनमें से 12 मुकदमों का निपटारा किया गया व 7 बंदियों को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया। सीजेएम डॉ. इरम हसन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में पहले व तीसरे बुधवार को लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।

**नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को : सीजेएम**

सीजेएम डॉ. इरम हसन ने बताया कि जिला में लंबित मुकदमों के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सब डिवीजन इन्द्री, असंध व घरौंडा में 13 सितम्बर को किया जाएगा। उन्होंने जन साधारण से आग्रह किया कि वे इस लोक अदालत के जरिए अपने मुकदमों का निपटारा करवाएं जिससे उनके समय व धन की बचत होती है और भाईचारे की भावना को बल मिलता है।

# क्विज प्रतियोगिता से बच्चों को किया एचआईवी एड्स के प्रति जागरुक

*इस प्रकार की प्रश्नावली प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना : दीपक वर्मा*

**करनाल, 20 अगस्त ( संदीप रोहिला ) :** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सेक्टर-13 करनाल में हरियाणा शिक्षा विभाग और हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा एच.आई.वी एड्स से बचाव के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से छात्रों के बीच जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी दीपक वर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया। विद्यालय मुखिया सपना पुरी ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। नोडल अधिकारी दीपक वर्मा ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 8वीं 9वीं और 11वी कक्षा के जिले के कुल 58 विद्यार्थियों एवं 29 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। यह लिखित परीक्षा 100 अंकों की आयोजित की गई। जिसका समय 100 मिनट निर्धारित किया गया था और 2 बच्चे की एक टीम बनाई गई। दीपक वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनियां में व्यापक रूप से पांव पसार रही लाईलाज बीमारी से बचाव के लिए बच्चों के बीच प्रतियोगिता के



माध्यम से संबंधित बीमारी के प्रति जागरूकता एक सराहनीय पहल है। जिला गणित विशेषज्ञ सुमित मान ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माध्यम से स्कूल व समाज में लाइलाज बीमारी एड्स से बचाव के लिए, जागरुकता फैलाना है। परिणाम इस प्रकार रहे। राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति विद्यालय रेलवे रोड करनाल की शालू देवी, रेणु कुमारी की टीम ने प्रथम स्थान, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल के प्रिंस और प्रियांशु ने दूसरा स्थान, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ विद्यालय तरावड़ी के वर्धन और साक्षी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ये सभी टीमें 28 अगस्त को पंचकूला में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। सभी प्रतिभागीयो को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा, जिला गणित विशेषज्ञ सुमित मान, सपना पुरी, दलीप सिंह, गगन, परवीनलता, अंजू लाठर, सुदेश चौधरी, डॉ पवन, हरीश ग्रोवर, राजकुमार, शाहिद, विक्रम हांडा, दीपिका, रिम्पल, पूजा गर्ग, नवजोत, हंसकवर, नीलम बंसल, मीनाक्षी मेहता आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# आधुनिक तकनीक से युक्त सुविधाएं बाबैन में ही उपलब्ध होंगी : सुमन सैनी

**बाबैन, 20 अगस्त ( राजेश कुमार ) :** बाबैन के रामशरण माजरा रोड पर सैनी डेंटल क्लिनिक का शुभारंभ बड़ी ही सादगी एवं उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और इलाके के अनेक गणमान्य लोग पहुंचे। इस मौके पर दंत चिकित्सक दिनेश सैनी, भाजपा नेता शिव दयाल सैनी झंडोला, देवी दयाल सैनी ने बुक्का भेंट करके सुमन सैनी का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सैनी डेंटल



क्लिनिक के शुरू होने से बाबैन सहित आस-पास के क्षेत्र के गांवों के लोगों को दंत रोगों के उपचार के लिए अब दूर शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि आधुनिक तकनीक से युक्त सेवाएँ उन्हें अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है और निजी स्तर पर ऐसे प्रयास समाजहित में महत्वपूर्ण योगदान हैं। उन्होंने क्लिनिक संचालक दंत चिकित्सक दिनेश सैनी को इस पहल के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दीं। इस मौके पर मंडल प्रधान विकास शर्मा जालखेड़ी, सरपंच असोसिएशन के जिला प्रधान दूनी चंद टाटका, संजीव सिंगला, सुख श्याम, डिम्पल सैनी, सुरेश कश्यप, भीम बेरथला, बख्तावर सिंह, अनिल टाटकी, प्रदीप विंट, सोम सैनी, रिंकू कश्यप, राजबीर कश्यप, सुखजोत कपूर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पानी से प्रभावित क्षेत्रों पर रखी जा रही है 24 घंटे कड़ी निगरानी : अभिनव सिवाच

**पिहोवा, 20 अगस्त ( विवेक ) :** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण मारकंडा का जलस्तर बढ़ने से पिहोवा के गांव प्रभावित हुए है। इन प्रभावित क्षेत्रों पर प्रशासन की तरफ से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। इतना ही नहीं पानी से सम्बन्धित पल-पल की सूचनाएं लोगों तक पहुंचाई जा रही है। इस क्षेत्र के लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, प्रशासन हमेशा तत्पर है। एसडीएम अभिनव सिवाच ने उपायुक्त विश्राम



कुमार मीणा के आदेशानुसार बुधवार को गांव ठसका मीराजी सहित बरसात से प्रभावित गांव और अन्य क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान अभिनव सिवाच ने ठसका मीराजी सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। एसडीएम ने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बरसाती पानी से प्रभावित क्षेत्रों पर सिंचाई विभाग, पंचायत विभाग के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभाग की तरफ से लगातार निगरानी रखी जा रही है और इन क्षेत्रों पर निगरानी रखने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटियां भी लगाई हुई है। उन्होंने कहा कि मारकंडा और आस-पास के प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। लोगों की हर संभव मदद प्रशासन की तरफ से की जा रही है। इन क्षेत्रों में फसल को बचाने के लिए पानी की निकासी के लिए भी सिंचाई विभाग की तरफ से हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में सिंचाई विभाग की तरफ से संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मारकंडा में जलस्तर के बारे में पल-पल की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध करवाई जाए और लोगों को भी जागरूक किया जाए ताकि किसी प्रकार की अफवाह ना फैले।

# मानवी ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**असंध, 20 अगस्त ( दलसिह मान ) :** वैदिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्हा के छात्रों ने गत मंगलवार को ब्लॉक लेवल पर हुए अंडर 11 खेल प्रतियोगिता में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने भिन्न-भिन्न खेलों को बड़े मनोरंजक ढंग से खेला और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा पांचवी की छात्रा मानवी ने 400 मी रेस में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार हर्षिता ने 100 मी और 200 मीटर में दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद हर्षित ने 400 मी रेस में तृतीय स्थान हासिल किया। ब्लॉक लेवल पर हुए कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नक्श ने 28 किलोग्राम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके बाद यश 23 किलोग्राम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके बाद कक्षा चौथी के छात्र



अमृत , सम्राट, सयांस, भावेश ने कुश्ती प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। इन सभी छात्रों ने अपने विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करते हुए जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज करवाया। विद्यालय के प्रबंधक विकास मान, प्रधानाचार्या प्रीति मान तथा उप प्रधानाचार्य, सुरेंद्र श्योकंद ने छात्रों को बधाई दी और उनके शानदार प्रदर्शन पर खुश होकर उन्हें उपहार स्वरूप शील्ड और मैडल प्रदान किया और भविष्य में होने वाले खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# गौमाता संरक्षण को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर : भगवानदास कबीरपंथी

*विधायक कबीरपंथी ने 5 गौशालाओं को दिए 46 लाख रूपए के चेक*



**तरावड़ी, 20 अगस्त ( छाया शर्मा ) :** बाबा हरिदास श्रीकृष्ण गोपाल गऊशाला बोहला खालसा में विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने विधानसभा क्षेत्र की 5 गौशालाओं को लगभग 46 लाख रुपये के चेक वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गौमाता संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बाबा हरिदास श्रीकृष्ण गोपाल गऊशाला बोहला खालसा के चेयरमैन कर्म सिंह जाम्बा और प्रधान सुंदर लाल गुप्ता के नेतृत्व में विधायक कबीरपंथी का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। विधायक कबीरपंथी ने कहा कि पिछली सरकारों में प्रति गाय मात्र 1 से डेढ़ रुपये तक ही सहायता दी जाती थी, जबकि हमारी सरकार ने इस राशि को बढ़ाकर 25 से 30 रुपये प्रति गाय कर दिया है। इससे न केवल गौशालाओं को मजबूती मिली है बल्कि गौमाता के संरक्षण को भी बढ़ावा मिला है। इस अवसर पर बाबा हरिदास श्रीकृष्ण गोपाल गऊशाला बोहला खालसा के चेयरमैन कर्म सिंह जाम्बा और प्रधान सुंदर लाल गुप्ता ने अपनी कमेटी सहित विधायक और आए हुए सभी प्रधान सेवकों का फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में निगडु गऊशाला से महंत कृष्णानंद पुरी जी, अमुपुर गऊशाला, सांभली गऊशाला, गोंदर गऊशाला व परासर गऊशाला के प्रधान सेवक भी मौजूद रहे। सभी को विधायक ने चेक वितरित किए और गौभक्तों का सम्मान बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर बाबा कृष्णानंदपुरी जी महाराज, सुंदर लाल, सांभली गौशाला से गुरुध्यान सांभली, अमुपुर गौशाला से सत्यानारायण शर्मा, जगदीश, करेसन, नरेश, उदय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए उठाए हैं अनेक कदम : सुमन सैनी

**लाडवा, 20 अगस्त ( राम गोपाल ) :** हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए अनेक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के लोगों की बड़ी मांग को पूरा करते हुए राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य व रास्ता निर्माण के लिए 13.28 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी है। लाडवा के लोगों की पिछले लंबे समय से राक्षी नदी के कार्य को करवाने की मांग चली आ रही थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने हलके लाडवा के लोगों की समस्या को समझते हुए इस कार्य को प्रमुख योजनाओं में शामिल किया और राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य को मंजूरी दी। साथ ही नदी की मजबूती और आवाजाही को आसान बनाने के लिए रास्ता निर्माण के कार्य को भी झंडी दी। हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन



सैनी बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित खुले दरबार में जनता की समस्याओं को सुन रही थी। इससे पहले भाजपा नेताओं ने हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी का रेस्ट हाउस में पहुंचने पर स्वागत किया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि हलका के लोगों ने आज अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा है। इस शिकायतों पर मुख्यमंत्री कार्यालय से नंबर लगाकर संबंधित अधिकारी को समाधान के लिए भेजा जाएगा। अधिकारियों द्वारा इन शिकायतों का समयबद्ध समाधान करना होगा। इन शिकायतों पर कार्रवाई की समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। उन्होंने कहा कि अब लाडवा विधानसभा के लोगों को अपनी समस्याएं सुनाने के लिए चंडीगढ़ जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर लाडवा विधानसभा के लोगों के लिए लाडवा में खुला दरबार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछड़ा वर्ग के लिए पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग ए को 8 प्रतिशत व पिछड़ा वर्ग बी को 5 प्रतिशत आरक्षण और पंच पद के लिए उनकी जनसंख्या के 50 प्रतिशत के अनुपात में आरक्षण दिया गया है। इसी तरह शहरी स्थानीय निकायों में भी पिछड़ा वर्ग-बी को मेयर / प्रधान के पदों में 5 प्रतिशत तथा सदस्यों के लिए सम्बंधित पालिका में उनकी जनसंख्या के 50 प्रतिशत के अनुपात में आरक्षण दिया गया है। इसके अलावा पिछड़े वर्गों के लिए क्रीमिलेयर की आय सीमा पहले 6 लाख रुपए वार्षिक थी, जिसे बढ़ाकर हमने 8 लाख रुपए कर दिया है। अहम बात ये है कि पिछड़े वर्गों के उत्थान व कल्याण के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है। हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि पिछड़े वर्ग के बीपीएल परिवारों की बेटी की शादी पर 51,000 रुपये की शगुन राशि दी जाती है। गरीब व जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आयुष्मान भारत-चिरायु योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत सालाना 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। अब तक 22 लाख लाभार्थियों का लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का मुफ्त इलाज किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का उत्थान करने के लिए उसे आधुनिक शिक्षा देना जरूरी है। गरीब के लिए बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना बहुत मुश्किल है। इसलिए पिछड़े वर्गों के 3 लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों की पढ़ाई के लिए ऋण दिया जाता है। अपने देश में पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपए तथा विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपए तक का ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर दिया जाता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, नगरपालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरिंदर सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, गुरनाम सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मेडिकल शिविर के साथ सांसद नवीन जिंदल ने चलाया पौधे बांटने का अभियान, बेरथला कालवा में मुफ्त दवाई के साथ वितरित किए पौधे

**बाबैन, 20 अगस्त ( राजेश कुमार ) :** सांसद नवीन जिंदल की ओर से अब निशुल्क मेडिकल शिविर के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए भी अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत मेडिकल वन जिन गांवों में शिविर लगा रही है। उनमें ग्रामीणों को निशुल्क पौधे भी दिए जा रहे हैं। बुधवार को मेडिकल वैन गांव बेरथला और कालवा में पहुंची। यहां डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में 148 लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गई। बेरला में 101 ओपीडी के साथ 40 लैब टेस्ट किए गए। जबकि कालवा में 47 ओपीडी और 9 लोगों के लैब टेस्ट हुए। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह कहा कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा प्रत्येक



व्यक्ति को पेड़ देकर उसके पालन का संकल्प दिलाने का अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि संसदनवीन जिंदल की सोच है कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पांच पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। तभी प्रकृति को सहेजने का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल स्किल सेंटर के जरिए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। लाडवा के बहलोलपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर और कुरुक्षेत्र जिंदल सिटी में आधुनिक स्किल सेंटर शुरू हो चुके हैं। जिनमें सैकड़ों युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनके द्वारा शुरू की गई यशस्वी योजना से जरूरतमंद परिवार के बच्चों को छात्रवृत्ति और नवीन संकल्प शिविर के माध्यम से सरकारी योजनाओं जैसे आधार कार्ड अपडेट, वृद्धावस्था पेंशन आवेदन, बीपीएल कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं की ऑनलाइन प्रक्रिया भी लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर ही टीम द्वारा पूरी करवाई जा रही है। सांसद नवीन जिंदल की यही पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के स्वप्न को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर भाजपा नेता भीम सिंह बेरथला, पाला राम, विनोद कुमार, गुलजार सिंह, राकेश कुमार, प्रिंस, ऋषि पाल, सुरेश कुमार व मलकीत सिंह आदि ग्रामीणों ने सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त किया।

# सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी : संतोष बैनीवाल

*सिरसा के कांग्रेस भवन में कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को नमन किया*

**सिरसा, 20 अगस्त ( ब्यूरो ) :** सिरसा के कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संतोष बैनीवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसी के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय होशियारी लाल की पुण्यतिथि पर नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। भिवानी की बेटी मनीषा की याद में 2 मिनट का मौन रखा और कैंडल मार्च निकालकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सिरसा के कांग्रेस भवन में स्वर्गीय



राजीव गांधी के जन्मदिन पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संतोष बैनीवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा फौगाट, युवा जिला अध्यक्ष गोविंद, पूर्व जिला प्रधान मलकीत सिंह खोसा, डॉ वाई के चौधरी, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, सुशील इंदौरा, किसान नेता बलराम सहारण, चैयरमेन राम सिंह सोलंकी, गजानंद सोनी, प्रेम सिंह, सतपाल सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि देकर नमन किया। इस अवसर पर संतोष बैनीवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे। राजीव गांधी सबसे युवा प्रधानमंत्री बने और उनके कारण ही कंप्यूटर क्रांति का आगाज हुआ। उन्होंने कहा कि हम ऐसे महान नेता को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में आधुनिक टेक्नोलॉजी स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की ही देन है। इस अवसर पर पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की दूरगामी में सोच के कारण ही देश ने तरक्की की है। भिवानी की बेटी मनीषा की याद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और कैंडल मार्च निकालकर इंसाफ की मांग की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषियों को न्याय देने की मांग को लेकर नारेबाजी भी की।

# लिपस्टिक का रंग भी आपका स्वभाव दर्शाता है

लिपस्टिक के बिना महिलाओं का श्रृंगार पूरा नहीं होता है। होंठों पर लिपस्टिक लगाने से चेहरे की खूबसूरती और ज्यादा बढ़ जाती है लेकिन क्या आप जानती हैं कि आपका पसंदीदा लिपस्टिक का रंग भी आपके बारे में कई बातें बताता हैं।



लिपस्टिक के रंग से महिलाओं के बारे में जो बातें जानी जा सकती हैं वे इस प्रकार हैं।

**गुलाबी लिपस्टिक**

गुलाबी रंग की लिपस्टिक तो लगभग हर महिला को पसंद होती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस रंग को पसंद करने वाली महिलाएं क्रिएटिव, रोमांटिक और इमोशनल होती है।

**लाल लिपस्टिक**

लाल रंग की लिपस्टिक पसंद करने वाली महिलाएं काफी रोमांटिक अंदाज की होती हैं। इसके अलावा यह अपनी लाइफ के हर मूमेंट को खूब एंजॉय करती है। आप इस लिप कलर पसंद करने वाली महिलाओं को जिंदादिल भी कह सकते हैं।

**पर्पल लिपस्टिक**

पर्पल रंग पसंद करने वाली महिलाएं काफी बेपरवाह होती हैं। यह जोखिम लेने वाली और नियमों को तोड़ने वाली होती हैं। इसके अलावा इन्हें क्रिएटिव चीजें करना भी काफी पसंद होता है।

**नारंगी लिपस्टिक**

करियर को लेकर सजग रहने वाली महिलाओं को ऑरेंज लिपस्टिक काफी पसंद होता है। यह अपने अधिकारों के साथ कतई समझौता नहीं करती। इसके अलावा इनका सेंस ऑफ ह्यूमर भी काफी जबरदस्त होता है।

**5 ब्राउन लिपस्टिक**

ब्राउन कलर की दीवानी महिलाएं काफी हार्डवर्किंग होती हैं। यह बेहद अच्छी दोस्त भी होती है और इनके दिल में हमेशा सोफ्ट कॉर्नर होता है।

**लाल रंग के कपड़े में आकर्षक लगती हैं महिलाएं**

क्या आपने कभी आपने लाल रंग का कोट पहनकर कुछ अलग महसूस किया है? एक डेटिंग एक्सपर्ट के मुताबिक, लाल रंग का कोट पहनने से महिलाएं ज्यादा आकर्षक लगती हैं। साथ ही उनका यह भी दावा है कि लाल रंग का कोट पहनने से महिलाओं को उनका लव पार्टनर मिल सकता है।ऐसे में आने वाले त्यौहारों के मौसम में आपके पास लाल रंग के परिधानों में अलग नजर आने का अच्छा अवसर है।

**चेहरे का निखार वापस लाने घरेलू उपाय करें**

लड़कियां खूबसूरत दिखने के लिए पार्लर जाती है। मगर आप कुछ घेरलू नुस्खों से भी पार्लर जैसा ग्लो पा सकती हैं। आज हम आपको बताने जा रहे हैं ब्यूटी के कुछ ट्रिक्स, जो आपकी सुंदरता को और बढ़ा देंगे।

**गुलाबजल और नींबू**

गुलाबजल और नींबू को बराबर मात्रा में मिलाकर 30 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। इसके बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इसका असर आपके चेहरे पर तुरंत दिखने लगेगा।

**मुलतानी मिट्टी**

टेबलस्पून मुलतानी मिट्टी में गुलाब जल मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे पर 30 मिनट लगाकर रखें। फिर पानी से चेहरा धो लें। इससे भी आपको इंस्टेंट निखार मिलेगा और कोई नुकसान भी नहीं होगा।

अनार और नींबू फेस मास्क

अनार और नींबू के फेस मास्क में विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो स्किन प्रॉब्लम दूर करने के साथ-साथ उसे ग्लोइंग भी बनाते हैं। अनार और नींबू के रस को मिलाकर 30 मिनट तक चेहरे पर लगायें। फिर ठंडे पानी से धो लें।

**पपीता**-अगर आपके चेहरे पर पिंपल है तो आप पपीते का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कच्चे पपीते का रस निकाल लीजिए और इसे चेहरे पर लगाइए। इससे पिंपल्स भी दूर होंगे और चेहरे पर ग्लो भी आएगा।

**टमाटर**

कच्चे टमाटर को अच्छी तरह पीसकर चेहरे पर 15 मिनट तक लगाएं। इसे बाद ठंडे पानी से चेहरे को धो लें। कुछ दिनों में ही आपको अंतर दिखाई देने लगेगा।

हाथ-पैर और त्वचा के रूखेपन को ठीक करने बादाम के तेल का इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद रहेगा। रात में सोने से पहले चेहरे और हाथ-पैर पर बादाम का तेल लगा लें। बादाम के तेल से जहां दाग-धब्बे दूर हो जाते हैं वहीं इससे त्वचा नरम भी हो जाती है।

होंठों को खास देखभाल की आवश्यकता होती है। इसके लिए नींबू के रस, ग्लिसरीन और गुलाब जल को मिलाकर एक मिश्रण तैयार कर लें। रोज रात को सोने से पहले इस मिश्रण को लगाने से एक ओर जहां होंठ मुलायम हो जाते हैं। वहीं गुलाबी भी होते हैं। कई बार बाहरी कारकों के चलते आंखों के नीचे काले घेरे आ जाते हैं। इन काले घेरों को दूर करने के लिए खीरे से बेहतर कुछ भी नहीं। खीरे के पतले-पतले टुकड़े काटकर आंखों पर रखें। इससे आंखों को ठंडक मिलेगी और काले घेरे भी दूर हो जाएंगे।कई बार डेड स्किन के चलते भी त्वचा की चमक खो जाती है। ऐसे में शहद, नींबू और चीनी का एक मिश्रण तैयार कर लें। ये मिश्रण एक नेचुरल स्क्रब की तरह काम करता है। जिससे त्वचा साफ हो जाती है और साथ ही त्वचा में निखार भी आता है। अगर आपको लग रहा है कि आपके चेहरे की चमक कहीं खो गई है तो घबराने की जरूरत नहीं। घर में मौजूद मिल्क पाउडर में शहद मिलाएं। इसे कुछ देर के लिए चेहरे पर लगाकर छोड़ दें जब ये सूख जाए तो इसे साफ कर लें। सप्ताह में दो बार इस मिश्रण का इस्तेमाल करने से चेहरे पर निखार आ जाता है।

# पैरों की खूबसूरती को कम कर देती हैं फटी एड़ियां



पैरों की खूबसूरती भी जरुरी है पर कई बार धूल लगने से एडियां फट जाती है। इससे पैरों की खूबसूरती कम हो जाती है पर फटी एडियों को ठीक करने के लिए कहीं बाहर जाने की बजाय कुछ घरेलू उपायों को करना ठीक रहता है।

**नींबू रहेगा फायदेमंद** --नींबू का इस्तेमाल करके फटी एड़ियों को सही किया जा सकता है। इसके लिए नींबू के रस को गर्म पानी में मिलाएं और 10 से 15 मिनट तक पैरों को पानी में डुबोए रखें. इसके बाद एड़ी को प्यू मिक स्टो न से साफ करें और फिर पैरों को धो कर तौलिये से पोछ लें।

**गुलाब जल और ग्लीएसरीन**

ग्लीबसरीन और रोजवॉटर (गुलाब जल) फटी एड़ियों को सही करने और एड़ियों को मुलायम करने में मदद करता है। सबसे पहले ग्लीयसरीन और रोजवॉटर को बराबर मात्रा में लेकर पेस्टट तैयार कर लें। रात को सोने से पहले इस पेस्ट को एडियों पर लगा लें।

**वनस्पति तेल** -वनस्पति तेल भी फटी एड़ियों के लिए काफी सही रहता है। वनस्पति तेल में जैतून, नारियल, तिल या किसी भी तरह का वनस्पति तेल लेकर रात को सोने से पहले एडियों में मसाज करने से फायदा मिलेगा। इसके लिए सबसे पहले पैरों को गर्म पानी में भिगोकर रखें और बाद में स्क्राब कर के सुखा लें। इसके बाद वनस्पति तेल को एड़ी और तलवों पर लगाकर मोजे पहनकर सो जाएं।

नीम--नीम भी फटी एड़ियों को सही करने में कारगर साबित हो सकता है. इसके लिए सबसे पहले नीम की पत्तिोयों को हल्दीर के साथ मिक्सो कर के पेस्टे तैयार कर लें और इस पेस्टं को एडियों पर लगा लें। इस पेस्ट को 1 घंटे लगाकर रखें और फिर पानी से साफ कर लें।

# जीरे वाला पानी गर्भावस्था में बढ़े वजन को करता है कम

गर्भावस्था के बाद महिलाओं में वजन बढ़ बढ़ना एक आम समस्या है जिसे ठीक करने व्यायाम के साथ ही खानपान का भी ध्यान रखना होगा। इसके अलावा हमारी रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसाले भी उपयोगी रहते हैं। खासकर जीरे वाला पानी विशेष रुप से लाभदायक रहेगा। जीरे वाला पानी शरीर के कॉलेस्ट्रॉल और बीपी को ठीक करता है। इससे दिल की बीमारी का खतरा भी कम होता है।



शरीर में ग्लूकोज का स्तर ठीक रहता है, डायबिटीज का खतरा भी कम होता है।

डिलीवरी के बाद जीरे वाला पानी वजन घटाने में मददगार साबित होता है।

यह भी माना जाता है कि गर्भावस्था के बाद जीरा पानी पीने से दूध न बनने की समस्या भी ठीक होती है। इस पानी से दूध बनने लगता है। जीरा पानी से रक्त संचार ठीक होता है। शरीर में समान रूप से रक्त का संचार होता है, जिससे मांसपेशियों के विकास में भी मदद मिलती है। मांसपेशियों में लगी चोट भी इससे ठीक होती है।

जीरा पानी पीने से मेटाबोलिज्म ठीक होता है। इसकी वजह से वजन नहीं बढ़ता।

यह खून की कमी अनीमिया से भी बचाता है।

बुखार कम करने में भी जीरे का पानी सहायक है। इसे पीने से छोटा-मोटा बुखार तो ऐसे ही उतर जाता है। जीरा पानी पीने से नींद अच्छी आती है। इसलिए अगर आपको नींद न आने की समस्या है तो रोजाना जीरे वाला पानी पीने की आदत डालें।

# घरेलू उपकरणों की सफाई करने के खास तरीके

महिलाओं को घर के कामकाज के दौरान घरेलू उपकारणों जैसे फ्रिज, वाशिंग मशीन, ओवन और मिक्सी आदि की जरुरत हमेशा पड़ती रहती है। इनसे जहां काम आसान होता है, वहीं जल्दी भी हो जाता है। वहीं अगर आप काम में वयस्त रहने की बात कहकर अपने घरेलू उपकरणों की साफ सफाई नहीं कर पा रहीं तो यह नुकसान देह हो सकता है। फ्रिज,वाशिंग मशीन और ओवन आदि की साफ-सफाई बेहद जरुरी है। इन उपकरणों में कई रोगाणुओं तथा फंगस के फलने-फूलने का खतरा रहता अधिक रहता है, जिनके चलते पेट दर्द तथा त्वचा के संक्रमण जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इससे आप ही नहीं पूरे परेवार को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



अध्ययनों से पता चलता है कि ई कोली, सालमोनेला तथा लिस्टीरिया जैसे रोगाणु फ्रिज में पनप सकते हैं, जिसके चलते फूड प्वायजनिंग, पेट में गड़बड़ी तथा फ्लू जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि सलाद वाले दराजों में अक्सर सुरक्षित माने जाते बैक्टीरिया के मुकाबले 750 गुणा अधिक बैक्टीरिया होते हैं।

ऐसे में

एक सप्ताह के बाद फ्रिज के दराजों तथा शैल्फों की हल्की सफाई की जानी चाहिए। जहां कुछ तरल बहा हो इसे साफ किया जाना चाहिए और बासी भोजन को फ्रिज से बाहर निकाल देना चाहिए। हर 3 महीने के अंतराल पर गहराई से फ्रिज की सफाई की जानी चाहिए। डीप क्लीनिंग के लिए फ्रिज से खाद्यों को निकाल दें और गीले कपड़े से जारों या डिब्बों के ढक्कनों तथा निचले हिस्सों की सफाई करें। उसके बाद शैल्फ तथा दराज हटा दें और किचन क्लीनर से फ्रिज के अंदर की सफाई करें। ड्रेन होल को बिल्कुल न भूलें। यदि यह ब्लॉक हो गया है तो फ्रिज से बदबू आ सकती है। सलाद वाले दराज में यदि पानी हो तो इसे बाहर निकाल दें। फ्रिज के हैंडल, टॉप तथा साइडों को साफ करना न भूलें।

वाशिंग मशीन

वाशिंग मशीन में रोगाणु तथा जीवाणु पैदा हो सकते हैं। अध्ययनों से पता चला है कि 44 प्रतिशत वाशर्स में इ कोली तता स्टेफीलोकोकस नामक बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जिनसे त्वचा पर छाले या खरोंचे हो सकती हैं।

वाशिंग मशीन की साफ-सफाई हर महीने की जानी चाहिए। डिटर्जेंट वाले दराज को मशीन से निकाल दें और साबिन वाले गर्म पानी में डुबो दें। जब पानी ठंडा हो जाए तो उसमें से धूल हटाने के लिए पुराने टूथब्रथ का इस्तेमाल करें। मशीन के मुख्य भाग की सफाई के लिए इसे खाली एक चक्र में घुमाएं। जब यह चक्र समाप्त हो जाए तो ड्रम को एयर ड्राई करने के लिए मशीन का दरवाजा खोलें। एक गीले कपड़े से रबड़ सील के आस-पास सफाई करें।




ओवन

ओवन में ग्रीस तथा तेल से बैक्टीरिया पैदा होने का खतरा होता है। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि टॉयलेट सीट के मुकाबले ओवन के हैंडल पर अधिक बैक्टीरिया पाए जाते हैं।

हफ्ते के आधार पर ओवन के दरवाजे की साफ-सफाई की जानी चाहिए। हर महीने ओवन की साफ-सफाई करें। ओवन की शैल्फों को निकाल दें और रातभर साबुन वाले पानी में डुबोकर रखें और स्क्रबिंग से पहले 30 मिनट के लिए एक सीलबंद प्लास्टिक बैग में डालकर रखें। हीटिंग एलीमैन्ट्स को ढक दें तथा खाद्यों को ओवन में से निकाल दें। क्लीनर से स्प्रे करें और इसके बाद गीली स्पंज या साबुन वाले गर्म पानी से इसकी साफ-सफाई करें। कोनों की सफाई के लिए टुथ ब्रश का इस्तेमाल करें और हैंडल की सफाई करना बिल्कुल न भूलें।

# प्रसन्नता जितनी लुटाओगे उतनी बढ़ती चली जाएगी

**- किशन भावनानी**

कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है।बस! जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता-दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है,क्योंकि मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि, प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम प्रसन्नता की करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा! खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है। यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं। हमें छोटी-छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है। आध्यात्मिकता, उदारता, परोपकार, सहनशीलता, सहिष्णुता इत्यादि मन की प्रसन्नता के प्रमुख स्त्रोतों में से कुछ हैं, जिनको जीवन में अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया जा सकता है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस, संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व प्रसन्नता इंडेक्स रिपोर्ट इत्यादि अन्तर्राष्ट्रीय स्तरपर प्रसन्नता के मूल्यों की करें तो प्रसन्नता को हाई वैश्विक टॉनिक माना जाता है। प्रसन्नता दिवस मनाया जाता है अलग-अलग देशों के प्रसन्नता से रहने के क्रमांक बताए जाते हैं, परंतु बहुत हैरानी की बात है प्रसन्नता इंडेक्स में अनेक पूर्ण विकसित देशों के साथ ही भारत भी पिछड़ा हुआ है जो रेखांकित करने वाली बात है! विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट में 146 देशों की रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड लगातार 5 वर्षों से प्रथम और डेनमार्क द्वितीय और आयरलैंड तृतीय स्थान पर है।जबकि इस रिपोर्ट में भारत 136 वी रैंक पर है याने लास्ट टॉप टेन इतनी ख़राब हालात जो आश्चर्य वाली बात है। साथियों बात अगर हम मन की प्रसन्नता के गुण एवं लाभों की करें तो, प्रसन्नता तो व्यक्ति का मानसिक गुण है, जिसे व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन के अभ्यास में लाना होता है। प्रसन्नता व्यक्ति के अंतर्मन में छिपे उदासी, तृष्णा और कुंठाजनित मनोविकारों को सदा के लिए समाप्त कर देती है। वस्तुतः प्रसन्नता चुंबकीय शक्ति संपन्न एक विशिष्ट गुण है। प्रसन्नता दैवी वरदान तो है ही, यह व्यक्ति के जीवन की साधना भी है। व्यक्ति प्रसन्न रहने के लिए एक खिलाड़ी की भांति अपनी जीवन-शैली और दृष्टिकोण को अपना लेता है। उसके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता-असफलता, जय-पराजय, और सुख-दुख उसके चिंतन का विषय नहीं होता। वह तो अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर बढ़ता जाता है।प्रसन्नता मानवों में पाई जाने वाली भावनाओं में सबसे सकारात्मक भावना है। इसके होने के विभिन्न कारण हो सकते हैंः अपनी इच्छाओं की पूर्ति से संतुष्ट होना। अपने दिन-रात के जीवन की गतिविधियों को अपनी इच्छाओं के अनुकूल पाना। किसी अचानक लाभ से लाभांवित होना। किसी जटिल समस्या का समाधान प्राप्त होना।



साथियों बात अगर हम प्रसन्नता के लक्ष्यों की प्राप्ति की करें तो, प्रसन्न रहने वाला व्यक्ति परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेता है। यदि वह असफल भी हो जाता है तो निराश होने और अपनी विफलता के लिए दूसरों को दोष देने की अपेक्षा अपनी चूक के लिए आत्मनिरीक्षण करना ही उचित समझता है।ज्ञानीजन और अनुभवी बताते हैं कि प्रसन्नता जैसे दैवीय-वरदान से कुतर्की और षड्यंत्रकारी लोग सदैव वंचित रह जाते हैं। प्रसन्न व्यक्ति स्वयं को प्रसन्न रखकर दूसरों को भी प्रसन्न रखने की अद्भुत सामर्थ्य रखता है। प्रसन्नता को प्रभु-प्रदत्त संपदा समझने वाले व्यक्ति ही सदैव सुखी रहते हुए यशस्वी, मनस्वी, महान और पराक्रमी बनकर समाज और राष्ट्र के लिए आदर्श स्थापित करने में सक्षम हो सकते हैं। प्रसन्नता ही सुखी जीवन का मूल मंत्र है। प्रसन्नता हमारा अनमोल खजाना है। प्रसन्नता को ज़रूर लुटाइए फ़िर देखिए, उसका खजाना बढ़ता चला जाएगा ।भलाई करना कर्त्तव्य नहीं, आनन्द है । क्योंकि वह प्रसन्नता को पोषित करता है । सबको प्रसन्न करने की शक्ति सब में नहीं होती । प्रसन्नता आत्मा को शक्ति प्रदान करती है । प्रसन्नतापूर्वक उठाया गया बोझ हल्का महसूस होता है। प्रसन्नता शब्द का प्रयोग मानसिक या भावनात्मक अवस्थाओं के संदर्भ में किया जाता है, जिसमें संतोष से लेकर तीव्र आनंद तक की सकारात्मक या सुखद भावनाएं शामिल हैं। इसका उपयोग जीवन संतुष्टि, व्यक्तिपरक कल्याण, यूडिमोनिया, उत्कर्ष और कल्याण के संदर्भ में भी किया जाता है इसलिए हर व्यक्ति ने इस गुण को अपने में समाहित कर जीवन को सफल बनाने के मंत्र को अपनाना चाहिए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मन की प्रसन्नता हमारा अनमोल खजाना है जितना लूटाएंगे उतना बढ़ता चला जाएगा। मन की प्रसन्नता अनेक मानसिक शारीरिक रोग दूर करने में सक्षम है इसलिए ही खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता भरी आंखों की चमक मनीषियों की दुर्लभ पूंजी है।

# आम आदमी पार्टी के विधायक डा. अजय गुप्ता ने लगाया नीले कार्ड, आधार कार्ड बनाने का कैंप



अमृतसर 20 अगस्त (निस)नीले कार्ड आधार कार्ड बनवाने का कैंप आम आदमी पार्टी के विधायक डॉ अजय गुप्ता ने हाथी गेट चौक में लगाया जिन उपभोक्ताओं को सरकारी डिपुओं से गेहूं नहीं मिलता या किसी का नीला राशन कार्ड नहीं बना यानी जिनकी जो भी समस्या राशन लेने में आ रही है। उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए और साथ ही आधार कार्ड बनवाने या अपडेट करवाने के लिए सुविधा सेंटर की अधिकारियों की सहायता से उसी समय बनवाने का कैंप लगाया इस अवसर पर अजय गुप्ता ने बताया कि हमारी आम आदमी पार्टी हमेशा आम आदमी की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करती है ।इसी कड़ी में आज कैंप का आयोजन किया गया और यह कैंप हर सप्ताह सोमवार के दिन लगते रहा करेंगे ताकि आम आदमी को आ रही समस्याओं का निवारण जल्द से जल्द किया जाय ।उन्होंने कहा कि शहर के किसी भी इलाके से आकर उपभोक्ता अपना कार्य इन कैंपों में करवा सकता है ।हमारी पार्टी के दरवाजे जन हित के कार्यों के लिए सदैव खुले है ।इस अवसर पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता ऋषि कपूर, इंद्रकुमार( ऑफिस इंचार्ज), बलदेव सिंह, सुदेश कुमार, बबीता जयसवाल, गुरदास, रणजीत, मनदीप मौला आदि मौजूद थे।

# शादी के सपनों में फंसी महिला पुलिस कर्मी, हस्बैंड दूल्हा लगा गया लाखों का चूना

लुधियाना 20 अगस्त (निस) ऑनलाइन ठगी का शिकार अब आम लोग ही नहीं बल्कि पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी भी हो रहे हैं। ताज़ा मामला लुधियाना का है, जहां डीआईजी दफ्तर में कार्यरत एक महिला पुलिसकर्मी को शादी का झांसा देकर ठगों ने 79.17 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पीड़िता अमरजीत कौर, जो गांव पमाल की रहने वाली हैं और पंजाब पुलिस के सिविल डिपार्टमेंट में तैनात हैं, जुलाई में विदेशी नंबर से आए एक व्हाट्सएप कॉल के जरिए शातिर ठगों के जाल में फंस गईं। खुद को एनआरआई बताकर 'विक्की' नामक युवक ने पहले भरोसा जीता, फिर अपनी 'मां और बहन' बनकर बात करने वाले साथियों के जरिए विश्वास और गहरा कर दिया। धीरे-धीरे गिफ्ट भेजने और कस्टम क्लियरेंस के नाम पर लाखों रुपये वसूल लिए गए। चौंकाने वाली बात यह है कि ठगों ने मैट्रीमोनियल विज्ञापन से महिला कर्मी का नंबर हासिल किया। यह घटना केवल एक ठगी का मामला नहीं, बल्कि ऑनलाइन रिश्तों और सोशल मीडिया पर बढ़ती मैट्रीमोनियल फ्रॉड की घटनाओं की बड़ी मिसाल है। शादी का सपना दिखाकर भावनाओं से खेलना और फिर आर्थिक शोषण करना अब साइबर ठगों का नया हथियार बन चुका है ।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मामलों में लोग भावनाओं में बहकर बड़ी रकम गवा बैठते हैं। ऐसे में किसी भी विदेशी कॉल, सोशल मीडिया फ्रेंड रिक्वेस्ट या शादी के प्रस्ताव को आंख मूंदकर स्वीकार न करें।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से भारत को दी नई दिशा : डॉ नवजोत

***कांग्रेस की जिलाध्यक्ष नवजोत कश्यप ने स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन***




**करनाल, 20 अगस्त ( रविन्द्र मलिक ) :** बुधवार को देशभर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उनकी प्रतिमाओं व चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष डॉ. नवजोत ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से भारत को नई दिशा दी। पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से गांव-गांव तक लोकतंत्र को मजबूत किया और युवाओं को राजनीति तथा समाजसेवा से जोडने् का कार्य किया। डॉ. पंवार ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति की नींव रखकर राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर किया। उनका जीवन और बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राजीव गांधी जी के आदर्शों और नीतियों को अपनाकर समाज में भाईचारे, लोकतंत्र और प्रगति की राह को मजबूत करें।

# पीएम श्री सरकारी स्कूल लालोवाली के हरमन ने कविता गायन प्रतियोगिता में जीता ईनाम



फाजिल्का, 20 अगस्त (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) = जिला भाषा विभाग की ओर से आज फाजिल्का में आयोजित पंजाबी साहित्य संबंधित कविता गायन मुकाबला में पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लालोवाली के 9वीं कक्षा के विद्यार्थी हरमन ने अपने उम्दा प्रदर्शन से सांत्वना पुरस्कार हासिल किया ।इस प्रतियोगिता में जिलेभर से अलग-अलग स्कूलों के लगभग 70 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कंपीटीशन काफ़ी सख़्त और प्रतिस्पर्धात्मक रहा। मंच संचालन का कार्य सुरिंदर कुमार ने बखूबी निभाया।

प्रतियोगिता के जजों में गुरबंस राही, विजयंत जुनेजा और मीना महरोक शामिल रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में स्कूल ऑफ एमिनेंस, फाजिल्का के प्रिंसिपल हरी चंद कंबोज उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा एवं साहित्य से जुड़े रहने का संदेश दिया ।हरमन की इस सफलता में उनके अध्यापकों का भी अहम योगदान रहा। विद्यार्थी के गाइड अध्यापक श्रीमती अदिति फुटेला ने मार्गदर्शन दिया, वहीं गायन की तैयारी करवाने में पीटीए संगीत अध्यापक संजीव गिल्होत्रा 'संजू' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर जिला भाषा दफ़्तर के अधिकारियों ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, अध्यापकों और विद्यार्थियों का हार्दिक धन्यवाद किया। विशेष अतिथि हरी चंद कंबोज ने भी सभी का तह दिल से आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारती हैं, बल्कि मातृभाषा पंजाबी और साहित्य के प्रति उनमें रुचि भी पैदा करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने हरमन को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और आगे भी ऊँचाइयाँ हासिल करने की शुभकामनाएँ दीं।

# विदेश गए पंजाबी की मौत, बेटे की खबर सुन परिवार में मचा कोहराम

दीनानगर 20 अगस्त (निस) दीनानगर के नज़दीकी गांव चक्क आलिया का एक नौजवान, जो 2 महीने पहले उज्ज्वल भविष्य के लिए रोज़ी-रोटी कमाने विदेश गया था, की कुवैत में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मनजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह के रूप में हुई है। मनजीत एक गरीब परिवार से संबंध रखता था और उसका विवाह सिर्फ़ 1 साल पहले हुआ था। मनजीत सिंह की मौत की ख़बर मिलते ही परिवार समेत पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में बातचीत के दौरान पिता जसवंत सिंह ने बताया कि उनका बेटा रोज़ी-रोटी कमाने कुवैत गया था। वह हर रोज़ फोन कर परिवार का हालचाल लेता था। गुरुवार को भी जब वह काम से लौटा तो उसने पत्नी से फोन पर बात की और उसे बताया कि वह घबराहट महसूस कर रहा है और जो भी खा रहा है, वह पच नहीं रहा है। सुबह उसके दोस्त ने फोन कर यह दुखद समाचार दिया कि मनजीत सिंह का देहांत हो गया है। मनजीत सिंह अपने पीछे पत्नी और पिता को छोड़ गया है। उसकी माँ की पहले ही मौत हो चुकी थी। गांववासियों ने सरकार से अपील की है कि इस गरीब परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें आर्थिक मदद दी जाए। वृद्ध पिता ने पंजाब सरकार और केंद्र सरकार से अपील की है कि उनके बेटे का शव जल्द से जल्द गाँव लाया जाए ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके।

# समाजसेवी दिनेश गुप्ता का जन्मदिन पंचकूला में सेवा संस्थाओं द्वारा मनाया गया



**पंचकूला, 20 अगस्त ( सतीश मंगला ) :** पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित यवनिका पार्क में आज प्रात: एक सम्मान समारोह का आयोजन कर शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं ने जाने-माने समाजसेवी दिनेश गुप्ता का जन्मदिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ, पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा जन्मदिन का केक काटकर शुभकामनाएं दी गईं। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट, माता मनसा देवी सेवा ट्रस्ट, सब की सेवा रब की सेवा ट्रस्ट, श्री मेंहदीपुर बालाजी महाराज ट्रस्ट, रोटरी क्लब ऑफ ट्राइसिटी पंचकूला एवं सुप्रभात ग्रुप द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह में प्रमुख रूप से सब की सेवा रब की सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला, प्रधान संजय सिंगला, महासचिव एडवोकेट संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष सुनील सिंगला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश बिहारी गुप्ता, माता मनसा देवी सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप गुप्ता, महासचिव रमन सिंगला, श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट से परविंदर ढींगरा, धर्मपाल सिंगला, वृषभान गर्ग, वनीत जैन, सुशील बिंदल, विजय गर्ग, श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज ट्रस्ट पंचकूला एवं रोटरी क्लब ऑफ ट्राइसिटी पंचकूला के प्रधान दिनेश बंसल, सुप्रभात ग्रुप से राजेश बंसल, दीपक बंसल, अनिल सिंगला, मनोज गर्ग, अशोक गुप्ता, कुणाल गुप्ता, सुरेंद्र वर्मा, विशाल गोयल सोनू, अनिल मंगला सहित अन्य गणमान्य सदस्य यहाँ उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने दिनेश गुप्ता के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सम्मान प्रदान करना था, बल्कि समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना भी रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### शहर की पॉश कॉलोनी में दर्दनाक हादसा, 14 साल के छात्र को लगी गोली

फिरोजपुर 20 अगस्त (निस) फिरोजपुर की पॉश कॉलोनी रोज एवेन्यू में एक 14 साल के छात्र ने अपने घर में पड़ी पिस्तौल से खेलते हुए खुद को गोली मार ली। जानकारी के अनुसार, 14 साल का करीवम मल्होत्रा स्कूल से पढ़कर घर वापस आया था तो कपड़े बदलने के लिए जब वह अलमारी से कपड़े निकालने गया, तो अलमारी में एक पिस्तौल पड़ी हुई थी। जब उसने खेलने के लिए उसे उठाया, तो पिस्तौल से गोली चल गई और सीधे उसके दिमाग में लगी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा और खून से लथपथ हो गया। परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत बेहद गंभीर देखते हुए प्रारंभिक उपचार के बाद उसे डी.एम.सी. लुधियाना रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया है और परिवार के बयानों पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की हालत बेहद नाजुक है और सिर में गोली लगने से उसकी हालत गंभीर हो गई है।

### पंजाब कैबिनेट में फेरबदल, संजीव अरोड़ा को एक और बड़ी जिम्मेदारी

मोहाली 20 अगस्त (निस) पंजाब में इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि पंजाब सरकार ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के महकमों में फेरबदल किया गया है। जानकारी अनुसार हाल ही में लुधियाना उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल करने वाले संजीव अरोड़ा को बिजली मंत्री बनाया गया है। इससे पहले संजीव अरोड़ा को उद्योग मंत्री का कार्यभार भी दिया गया था, जिसके साथ-साथ अब उन्हें बिजली विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दें कि इससे पहले यह विभाग हरभजन सिंह ई.टी.ओ. के पास था, लेकिन अब हरभजन सिंह ई.टी.ओ. से यह विभाग वापस लेकर संजीव अरोड़ा को दे दिया गया है। अब हरभजन सिंह ई.टी.ओ. के पास सिर्फ पी.डब्ल्यू.डी. विभाग ही रहेगा। इससे पहले हरभजन के पास दो विभाग थे। जिसमें बिजली विभाग व पी.डब्ल्यू.डी. विभाग था। लेकिन अब बिजली विभाग की कमान संजीव अरोड़ा संभालेंगे।

### पंजाब में होने वाले चुनावों को लेकर सख्त आदेश जारी, समूचा कार्यक्रम जारी

मोहाली 20 अगस्त (निस) राज्य चुनाव आयोग पंजाब द्वारा 5 अक्टूबर, 2025 तक होने वाले जिला परिषदों और पंचायत समितियों के आम चुनावों के लिए वोटर सूचियों के अपडेट के लिए टाईम टेबल का ऐलान किया गया है। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने बताया कि पहले 3 मार्च, 2025 को प्रकाशित वोटर सूचियों को अब एक सितंबर, 2025 की योग्यता तिथि के साथ अपडेट किया जाएगा ताकि ये यकीनी बनाया जा सके कि सभी योग्य वोटर शामिल हैं। पंजाब राज्य चुनाव आयोग अधिनियम, 1994 की धारा 28 के अनुसार योग्य वोटरों की निर्धारित योग्यता तिथि तक कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए और वे आमतौर पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निवासी होना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि मौजूदा मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट प्रकाशन की तिथि 19 अगस्त है, जो पंचायत समिति कार्यालयों, जिला परिषद कार्यालयों और संबंधित एस.डी.एम. दफ्तर में उपलब्ध होगी। जिले के निवासी 20 अगस्त से 27 अगस्त, 2025 तक दावे व आपत्तियां दाखिल कर सकेंगे और इनका निपटारा एक सितंबर, 2025 तक किया जाएगा।

# नशे में टल्ली युवक की वायरल वीडियो ने मचाया तहलका, पुलिस ने लिया एक्शन

कपूरथला 20 अगस्त (निस) नजदीकी गांव हमीरा में नशे की हालत में एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के कारण थाना सुभानपुर की पुलिस ने उक्त युवक की पहचान कर उसे अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे इलाज के लिए कपूरथला के सिविल अस्पताल में बने नशा मुक्ति केंद्र में भेज दिया। थाना सुभानपुर के एस.एच.ओ. अमनदीप कुमार नाहर ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो को देखने के बाद उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक मनजीत सिंह पुत्र विरसा सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से सिल्वर पेपर, लैटर और गोल किया हुआ 10 रुपए का नोट बरामद किया और उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे कपूरथला के नशा मुक्ति केंद्र में भेज दिया। इस अवसर पर थाना प्रमुख इंस्पेक्टर अमनदीप कुमार नाहर ने लोगों से अपील की कि थाना सुभानपुर के क्षेत्र में किसी भी गांव में कोई भी व्यक्ति नशा करता है या बेचता है तो उसकी सूचना थाना सुभानपुर में दी जाए ताकि नशा बेचने वालों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाला जा सके।

# सांसें थमा देने वाला हादसा पलभर में मौत के मुंह से लौटा ड्राइवर, पढ़ें..

लुधियाना 20 अगस्त (निस) लुधियाना में आज एक हादसा होने की सूचना मिली है। जानकारी के अनुसार दोराहा की सरहिंद नहर में एक कार बेकाबू होकर गिर गई। गनीमत रही कि इस दौरान किसी भी प्रकार का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। कार के ड्राइवर ने खुद को बचाने की बहुत कोशिश की और अपनी जान बचाई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस हालातों का जायजा लेकर जांच में जुट गई है। जानकारी देते हुए कार चालक ने बताया कि वह चंडीगढ़ से फरीदकोट की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में डिवाइडर के पास एक युवक मोटरसाइकिल पर बैठा था। उसने अचानक अपनी बाइक कार के ठीक सामने लाकर खड़ी कर दी। उसे बचाने के चक्कर में चालक ने कार को तेजी से साइड करने की कोशिश की लेकिन उसका संतुलन बिगड़ गया और कार सीधा सरहिंद नहर में जा गिरी। नहर में गिरने के बाद कार चालक ने खुद ही गाड़ी का शीशा तोड़ा और बचाने के लिए मदद मांगी। मौके पर खड़े मोटरसाइकिल चालक ने उसे बचाने तक की कोशिश नहीं की। आखिरकार खुद ही जद्दोजहद करके चालक ने अपनी जान बचाई।

मौके पर मौजूद लोगों ने जानकारी देते बताया कि मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में कार चालक का संतुलन बिगड़ गया और वह नहर में जा गिरा।

# आर्यन्स में ओरिएंटेशन वीक की शुरुआत छात्रों को शैक्षणिक पहचान बनानी चाहिए




राजपुरा, 20 अगस्त (कंबोज) आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, राजपुरा, चंडीगढ़ के पास, ने अपने ओरिएंटेशन वीक के एक भाग के रूप में एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया, जहाँ श्रीमती मंजुला सुलारिया, सीईओ, लाइफ स्किल्स कोच और निदेशक, प्रसंचेतस फाउंडेशन ने नव प्रवेशित छात्रों को अपनी शैक्षणिक पहचान का निर्माण विषय पर प्रेरित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए, श्रीमती सुलारिया ने एक मज़बूत शैक्षणिक पहचान विकसित करने के महत्व पर ज़ोर दिया जो व्यक्तिगत मूल्यों, शक्तियों और भविष्य की आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे शैक्षणिक पहचान न केवल उनकी सीखने की यात्रा को आकार देती है, बल्कि आत्मविश्वास, लचीलापन और जीवन में उद्देश्य की भावना का निर्माण करने में भी मदद करती है। उन्होंने छात्रों को शैक्षणिक सफलता के प्रमुख घटकों के रूप में आत्म-जागरूकता, आलोचनात्मक सोच और अनुकूलनशीलता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा,आपकी शैक्षणिक पहचान केवल अंकों या डिग्री के बारे में नहीं है; यह इस बारे में है कि आप सीखने को अपने व्यक्तित्व और भविष्य के लक्ष्यों से कैसे जोड़ते हैं। आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के अध्यक्ष डॉ. अंशु कटारिया ने श्रीमती सुलारिया का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के सत्र छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत में ही प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आर्यन्स में ओरिएंटेशन वीक का उद्देश्य छात्रों को व्यक्तिगत विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता और करियर की तैयारी पर सत्र प्रदान करके कॉलेज जीवन में सुचारू रूप से आगे बढ़ने में मदद करना है ।सत्र का समापन एक रोचक बातचीत के साथ हुआ जहाँ छात्रों ने श्रीमती सुलारिया के साथ अपने प्रश्न और आकांक्षाएँ साझा कीं, जिससे यह सत्र अत्यंत प्रभावशाली और प्रेरक रहा।

# रायपुररानी में होगा विराट दो दिवसीय श्री खाटू श्याम महोत्सव, भक्तिमय माहौल में गूंजेगा नाम

**रायपुररानी, 20 अगस्त ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुररानी के कैशाल वाला प्राचीन शिव मंदिर परिसर में 30 और 31 अगस्त को विराट दो दिवसीय श्री खाटू श्याम महोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन श्री श्याम मंदिर कमेटी रायपुररानी के तत्वावधान में किया जा रहा है। समारोह की शुरुआत 29 अगस्त को निशान यात्रा से आयोजन का आगाज़ होगा। निशान यात्रा दोपहर 3 बजे कैशाल वाला प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होगी एवं पूरे कस्बे की परिक्रमा के बाद मंदिर स्थल पर ही पूर्ण होगी। इसके बाद 30 अगस्त को शाम 4 बजे मूर्ति स्थापना की जाएगी। इसके उपरांत शाम 7 बजे से कीर्तन और भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक बिन्नी भैया और भजन गायिका साक्षी धीमान धनाना अंबाला अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। वहीं, महाराज श्याम सिंह चौहान निज पुजारी श्री खाटू श्याम जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं 31 अगस्त को रायपुररानी के नेताजी स्टेडियम में प्रथम श्याम अखाड़ा का आयोजन होगा। इसमें श्वेता अग्रवाल झारखंड और सौरभ शर्मा कोलकाता अपनी मधुर वाणी से भक्तों को भावविभोर करेंगे।

# मानव मित्र मंडल ने शुरु की नि:शुल्क चिकित्सा सेवा



**नरवाना, 20 अगस्त ( नरेंद्र सिंहमार ):** शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय मानव मित्र मंडल शाखा नरवाना ने अब स्वास्थ्य सेवा की दिशा में भी कदम बढ़ाते हुए नि:शुल्क चिकित्सा सेवा का शुभारंभ किया है। शाखा सचिव नरेश वत्स ने जानकारी दी कि सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरप्रीत शर्मा हर शुक्रवार शाम 6 बजे से आर्य उप नगर में मरीजों को नि:शुल्क परामर्श देंगे। शहर में विशेषज्ञ चिकित्सक की आवश्यकता को देखते हुए यह सेवा आरंभ की गई है। इस अवसर पर प्रो. रमेश ने मंडल की पहल पर प्रसन्नता जताते हुए संगठन को आगे भी समाजहित में अधिक से अधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डॉ. गुरप्रीत के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा ।यह सेवा सेवानिवृत अध्यापक महावीर गुप्ता की देखरेख में संचालित होगी। कार्यक्रम में दिनेश गोयल, अनिल गर्ग, अनिल वत्स, सुमित गर्ग, असीम राणा, श्याम सुंदर, रजनीश जैन, कर्मचंद, राजेश गोयल, अचल मित्तल, विक्की, विनोद चितारा, विशाल गुप्ता, सुनील गोयल, सुशील पांचाल, नत्थू राम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षिका मनीषा मौत मामले को लेकर निकाला रोष मार्च




**कलायत, 20 अगस्त( सूबे सिंह) :** शिक्षिका मनीषा मौत मामले में मंगलवार को गांव शिमला में सैकड़ों ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा देने की मांग की। विरोध मार्च की शुरुआत स्कूल परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा से हुई, जिसके बाद स्थानीय युवा, भारतीय किसान यूनियन के सदस्य और अन्य सामाजिक संगठनों के लोग सड़कों पर उतर आए। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ़ अपना गुस्सा जाहिर करते हुए उन पर लापरवाही का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हत्या के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अपराधियों का पता नहीं लगा पाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो उनका आंदोलन और भी तेज होगा। ग्रामीणों और प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने और इसकी उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में होनी चाहिए, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा मिल सके। इस विरोध प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन के नेता जिले सिंह मोर, जोरा सिंह और कई स्थानीय ग्रामीण व युवा शामिल थे।

# उत्तराखंड के सीएम धामी ने चढ़दीकला टाइम टीवी चैनल के युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लिया

देहरादून 20 अगस्त (निस) मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजपुर रोड देहरादून स्थित होटल में समाचार चैनल चढ़ दी कला द्वारा आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये।

**कार्यालय से निर्देश जारी करने से ज्यादा जरूरी है ग्राउंड जीरो पर रहना – सीएम धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि धराली आपदा हो या सिल्क्यारा का संकट, मात्र कार्यालय से निर्देश जारी करने की बजाय वे ग्राउंड जीरो पर रहकर कार्य करने पर विश्वास करते हैं। शासन के उच्च अधिकारियों को भी आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में कैंप कर करके स्थिति पर गए थे। सीधी निगरानी रखने के निर्देश दिए यूसीसी राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक महत्व का विषय है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू करके बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर समेत संविधान सभा के सभी सदस्यों को अपनी भावांजलि दी हैं। सीएम ने कहा कि यूसीसी लागू होने के साथ ही उत्तराखंड के सभी निवासियों के










अधिकार एक समान हो गए हैं। सभी धर्म की महिलाओं के लिए अब एक पूरा कानून है। यह किसी धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं है। यह समाज में. समानता लाने का कानूनी प्रयास है। इसमें किसी प्रथा को नहीं बदला गया है बल्कि कुप्रथा को खत्म किया गया है।

**देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया** – मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू है। पूरे हिंदुस्तान का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून कहीं लागू हुआ है तो वो उत्तराखंड में हुआ है।

## स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल, 20 अगस्त ( सुनील कुमार ):** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ बठिंडा की 7 वीं बटालियन द्वारा स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत एसआई संचित के



नेतृत्व में बुधवार को राजकीय मॉडल कन्या वरिष्ठ महाविद्यालय काछवा व राजकीय मॉडल कन्या वरिष्ठ महाविद्यालय दाहा में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों व स्कूल स्टाफ को आपात स्थिति में सीपीआर देने तथा आग लगने के दौरान अपनाए जाने वाले तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। एसआई संचित ने बताया कि एनडीआरएफ बठिंडा की 7 वीं बटालियन द्वारा जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में 30 अगस्त 2025 तक स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों और स्टाफ सदस्यों को किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत, एनडीआरएफ की विशेषज्ञ टीम स्कूलों और कॉलेजों में जाकर छात्रों को बाढ़, भूकंप, चक्रवात, भूस्खलन, आग लगने या अन्य प्राकृतिक आपदाओं जैसी स्थितियों के समय सुरक्षित रहने, बचाव के तरीकों और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी देगी। ये कार्यक्रम न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करेंगे, बल्कि व्यावहारिक अभ्यास भी करवाएंगे ताकि छात्र और शिक्षक वास्तविक परिस्थितियों में सही निर्णय ले सकें।

## भारत-तिब्बत समन्वय संघ ने सांसद संवाद कार्यक्रम किया सफल : राजेंद्र गुप्ता

**नरवाना, 20 अगस्त ( नरेंद्र सिंहमार ):** भारत–तिब्बत समन्वय संघ द्वारा सांसद संवाद कार्यक्रम के तहत दिल्ली में आयोजित विशेष अभियान 20 अगस्त को सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इस दौरान देशभर से आए




प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ मिलकर संसद भवन में 100 से अधिक सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों से भेंटकर आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय सहमंत्री राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़वाला ने बताया कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम संघ के केंद्रीय संरक्षक कप्तान सिंह सोलंकी व केंद्रीय संयोजक हमेंद्र तोमर के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय राजनीति संवाद संयोजक सच्चिदानंद उपासने, राष्ट्रीय युवा संयोजक नितेश फकीरचंद, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सोनाली चतुर्वेदी, राजो मालवीय, कुसुम लता, मंजू चौधरी, अशोक सोलंकी सहित लगभग 40 कार्यकर्ता शामिल रहे। ज्ञापन में वर्ष 1962 में लोकसभा व राज्यसभा द्वारा पारित उस प्रस्ताव को याद दिलाया गया जिसमें कहा गया था कि चीन के कब्जे वाले क्षेत्र, जिसमें कैलाश मानसरोवर भी शामिल है, को मुक्त करवाया जाएगा। साथ ही,1992 की भारत–चीन सीमा संधि को रद्द करने की मांग की गई, क्योंकि चीन इसका लगातार उल्लंघन कर रहा है।माननीय दलाई लामा को राजधानी दिल्ली में उचित मान–सम्मान देने औररज्जू भैया व दलाई लामा को भारत रत्न प्रदान करने की मांग रखी गई।इसके अतिरिक्त, चीन से आने वाले सामान पर रोकथाम के लिए स्वदेशी वस्तुओं पर राष्ट्रीय ध्वज चिन्ह अंकित करने का सुझाव दिया गया ताकि 'मेड इन इंडिया' और विदेशी सामान में स्पष्ट पहचान हो सके। राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सांसद संतोष पांडे, विजय बघेला व भोजराज ने प्रतिनिधि मंडल के साथ सक्रिय सहयोग दिया और अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं बिहार के सांसद एवं केंद्रीय कोयला मंत्री सतीश पांडे ने सदन में इस मुद्दे को मजबूती से उठाने का आश्वासन दिया।इस अभियान के दौरान सांसदों और मंत्रियों ने भारत–तिब्बत समन्वय संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए आठ सूत्रीय ज्ञापन को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया।

## सच्चा खेड़ा में मछली पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**नरवाना, 20 अगस्त ( नरेंद्र सिंहमार ):** पंजाब नेशनल बैंक कृषक



प्रशिक्षण केंद्र, सच्चा खेड़ा में चल रहे तीन दिवसीय मछली पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में जींद, कैथल और फतेहाबाद जिलों से आए 26 युवाओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर निदेशक हितेश कालरा, डॉ. रोहित, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी (हिसार) से डॉ. रविकांत, डॉ. कविता शर्मा और डॉ. मलोथ मोहन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रोहित ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मछली पालन आज एक लाभकारी व्यवसाय बन चुका है। प्रोटीन का प्रमुख स्त्रोत होने के कारण इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि तालाबों की संख्या सीमित होने के कारण अब समुद्र और नदियों पर निर्भरता बढ़ी है, जिससे इन संसाधनों पर दबाव भी बढ़ा है। ऐसे में वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने वर्षा जल संचयन से मछली पालन को भी लाभकारी बताया। निदेशक हितेश कालरा ने कहा कि किसी भी कृषि व्यवसाय को शुरू करने से पहले प्रशिक्षण जरूरी है। इस मौके पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# पराग गाबा के नेतृत्व में कांग्रेस में दिखाई दी एकजुटता,कार्यकर्ताओं ने दिखाया नया जोश

## *नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की लीडरशिप और अपनापन के कारण कांग्रेस हुई गुटबाजी से दूर*

**करनाल, 20 अगस्त ( संदीप रोहिला ):** कांग्रेस पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पराग गाबा का पदभार संभालने के बाद का पहला सप्ताह संगठन के लिए नई ऊर्जा और जोश से भरा साबित हुआ। करनाल के प्रतिष्ठित राजनैतिक परिवार से जुड़े पराग गाबा ने अपने व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता और सबको साथ लेकर चलने की भावना से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं एकजुट कर दिया। पहली बार कांग्रेस गुटबाजी से दूर दिखाई दी। सभी ने मिलकर कांग्रेस को आगे ले जाने का संकल्प लिया। गाबा द्वारा कार्यभार संभालने के एक



सप्ताह के दौरान जो प्रदर्शन या कार्यक्रम रहे, उसमें सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एक बैनर तले दिखाई दिए। सभी ने मिलकर सहयोग और मजबूती की भावना से कार्य किया। संगठनात्मक मजबूती के साथ नया अध्याय शुरू होता दिखाई दिया। पराग गाबा ने जिलाध्यक्ष पदभार संभालने के बाद वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद दिया। पराग गाबा ने कहा कि वह वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के अनुभव का फायदा संगठन को मजबूत बनाने के लिए लेंगे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है।

**कांग्रेस संगठन और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायी कदम :** 17 अगस्त को शहीद मदन लाल ढींगरा के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पराग गाबा ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि हर साल शहीद मदन लाल ढींगरा के नाम पर एक युवा अवार्ड दिया जाएगा। यह सम्मान 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के उन युवाओं को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने समाज, प्रदेश और देशहित में विशेष योगदान दिया हो। इस पहल को कांग्रेस संगठन और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायी कदम माना जा रहा है।

**दो पीढ़ियों से यह परिवार कांग्रेस के साथ जुड़ा हुआ है मजबूती के साथ :** गाबा परिवार दो पीढ़ियों से कांग्रेस के साथ जुड़ा हुआ है। उनके पिता स्व. देसराज गाबा कांग्रेस के मजबूत स्तंभ रहे। जो पार्षद भी रहे और नगर पालिका के जिम्मेदार पदों पर रहे। उन्होंने धरातल से ऊपर उठकर राजनीति की। उन्होंने समाज के सभी वर्गो को अपने साथ रखा। खासतौर पर पंजाबी समुदाय को मजबूती देने में इस परिवार का योगदान अनुकरणीय है। उन्होंने सबसे पहले हरियाणा पंजाबी युवा फ्रंट की स्थापना की। जिसने पंजाबियों के अधिकार और पहचान को लेकर लड़ाई लड़ी। आपको बता दें कि पराग गाबा के पिता स्व. देसराज गाबा ने 40 वर्षों तक कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहकर समाज और बिरादरी की सेवा की। उन्होंने पंजाबी बिरादरी भवन, शहीद मदन लाल ढींगरा चौक की स्थापना, शहीद ए–आजम भगत सिंह प्रतिमा की स्थापना व नए बस स्टैंड का नामकरण शहीद मदन लाल ढींगरा के नाम पर करवाने जैसे उल्लेखनीय कार्य किए। उनके परिवार ने 100 से ज्यादा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाएं। कोरोना काल में पराग गाबा के परिवार ने अनुकरणीय मानव सेवा निभाई। संयोग यह भी है कि आज जिस पद की जिम्मेदारी पराग गाबा को सौंपी गई है, उनके पिता भी इसी पद पर रह चुके है।

## नेपाल सिंह राणा सुबह की सैर के साथ-साथ कर रहे आम जनता की समस्याओं का समाधान

**यमुनानगर, 20 अगस्त ( दिनेश कुमार ):** हरियाणा सरकार कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के सुपुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा द्वारा सुबह रादौर विधानसभा क्षेत्र में ग्राम वासियों के साथ सैर करते हुए एक देश, एक चुनाव पर चर्चा की गई। सभी ग्रामवासियों ने इस विचार पर समर्थन किया। गांव के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। गांव को साफ–सुथरा और आत्मनिर्भर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने बताया कि एक देश एक चुनाव के अंतर्गत पूरे देश में इकट्ठे चुनाव होने से बार–बार लगने वाली चुनाव आचार संहिता नहीं लगेगी, बार–बार चुनावों पर होने वाला



अत्यधिक खर्च भी बचेगा और भारत देश ज्यादा मजबूती के साथ विकास पथ पर और आगे बढ़ेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा सुबह की सैर पर ग्रामीणों से मिलते–जुलते हुए उनका हालचाल पूछते हैं व उनके द्वारा बताई गई समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाते हैं। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता रूपिन्द्र मल्ली, युवा नेता पुष्पेंद्र गुर्जर, चरणजीत सिंह, अनिल कुमार, अजय सहित भाजपा के बहुत से वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता साथ रहें।

## लाडवा अनाज मंडी मे विशाल भंडारे का आयोजन

**लाडवा, 20 अगस्त ( रामगोपाल ):** लाडवा अनाज मंडी आढती एसोसिएशन द्वारा बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले शहर, अनाज मंडी के आढ़तियों व किसानों की सुख समृद्धि के लिए एक हवन का आयोजन किया गया इसमें पंडित कलाधर शास्त्री ने मंत्र कर के साथ आहुतियां डलवाई । हवन के बाद सभी आढती नगर खेड़ा मंदिर गये और सभी की सुख–समृद्धि की अरदास करते हुए भंडारे प्रसाद का भोग लगाया। भंडारे मे कढ़ी, चावल, आलू ,पूरी, हलवे का प्रसाद बनाया गया जिसको हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। मंडी प्रधान राजीव आर्य ने बताया कि अनाज मंडी में हर वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी आढती, मुनीम व मंडी में काम करने वाले सभी लोग बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। उन्होंने बताया की नए सीजन से पहले किसानों, शहर व आढतियों की सुख समृद्धि के लिए किया हवन किया जाता है। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, सुभाष चंद, नोनू बेदी, अनुज गोयल, संजय गर्ग , बृजभूषण कंसल, साहब सिंह, रोहित गर्ग, अमन गुप्ता, रणवीर सिंह, सुनील गर्ग, सतनाम सिंह चिट्ठा, राजेंद्र पाल, मुनीम एसोसिएशन के प्रधान सुरेश अरोड़ा, आक्सनर एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र सैनी, अनाज मंडी आढती, मुनीम व हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# स्कूल में आंखों की जांच शिविर का किया आयोजन

## 270 बच्चों तथा स्टाफ सदस्यों की आंखों की जांच की



**लाडवा, 20 अगस्त ( रामगोपाल ):** भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा डी एस बी इंटरनेशनल स्कूल लाडवा में आंखों की जांच शिविर का आयोजन किया गया प्रकल्प प्रमुख शिवानी गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में आत्मा राम मेमोरियल हॉस्पिटल लाडवा के सहयोग से 270 बच्चों तथा स्टाफ सदस्यों की आंखों की जांच की गई। जिसमें से लगभग 55 बच्चों की आंखों में समस्या पाई गई। भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्य तिलक राज गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा समय समय पर इस प्रकार के कैंप आयोजित किए जाते है, ताकि बच्चों को समय पर अपनी समस्या का पता लग सके तथा उसका उपचार हो सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ भारत का निर्माण करता है। स्कूल प्रधानाचार्य रेणु राघव ने डॉक्टर की टीम का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया तथा इस शिविर के आयोजन के लिए परिषद के सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद लाडवा के सदस्य मौजूद थे।

